खबरों के 67 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, रविवार 20 अगस्त 2023 | वर्ष –67 | अंक –285 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00

■ पुल पर बैठा बूढ़ा (कहानी)
■ वैचारिक मंथन से निकली.. 04
■ ब्रिटिश नर्स ने 7 नवजातों को मार डाला
■ मानवीयता एवं सर्वधर्म समभाव के प्रतीक... 09
■ दिवाली पर हवाई सफर होगा महंगा...
■ धान व सोयाबीन की बुवाई बढ़ी... 11
■ 31 अगस्त को दिल्ली में...
■ महिला फुटबाल विश्वकप... 10

# अल्पसंख्यक मंत्रालय की छात्रवृत्ति योजना में बड़ा घोटाला

## 53 प्रतिशत फर्जी छात्रों के नाम पर हड़पे 144 करोड़

## सीबीआई को सौंपी जांच

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** भारत के सबसे बड़े अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति घोटाले का खुलासा हुआ है। कई राज्यों में बनाए गए फर्जी लाभार्थी, फर्जी संस्थान और फर्जी नामों से बैंक खाते सामने आए हैं।

मामला अल्पसंख्यक संस्थानों, राज्य प्रशासन और बैंकों में संस्थागत भ्रष्टाचार का है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने दिए सीबीआई जांच की बात कही है। इंडिया टुडे को मिली जानकारी के मुताबिक, मदरसों सहित 1572 अल्पसंख्यक संस्थानों की जांच में 830 फर्जी/नॉन-ऑपरेशनल पाए गए जिनमें 144 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है।

दरअसल, अल्पसंख्यक मंत्रालय ने 10 जुलाई को सीबीआई में अपनी शिकायत दर्ज कराई थी। 34 राज्यों के 100 जिलों में मंत्रालय ने अंतरिक जांच कराई है। 21 राज्यों के 1572 संस्थानों में 830 संस्थान फर्जी पाए गए हैं। लगभग 53 प्रतिशत फर्जी अभ्यर्थी मिले हैं। बाकी संस्थानों की भी जांच जारी है। अब तक जांचे गए मामलों में फर्जी लाभार्थियों द्वारा छात्रवृत्ति के वास्तविक लाभार्थियों को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाने और खजाने को 144 करोड़ रुपये के नुकसान की जांच के लिए मामला सीबीआई को सौंप दिया गया है। सूत्रों की माने तो यह कई स्तरों पर संस्थागत भ्रष्टाचार है। संस्थान या तो गैर-मौजूद हैं या गैर-कार्यशील हैं, लेकिन राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल और शिक्षा के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली (यूडीआईएसई) दोनों पर पंजीकृत हैं।

>>शेष पृष्ठ 2 पर

### इन संस्थानों से जुड़े लाभार्थियों के खातों को फ्रीज करने आदेश

1. छत्तीसगढ़ में 62 संस्थानों की जांच- सभी फर्जी/नॉन-ऑपरेशनल
2. राजस्थान के 128 संस्थानों की जांच की गई। 99 नकली/नॉन ऑपरेशनल।
3. असम 68 प्रतिशत नकली
4. कर्नाटक 64 प्रतिशत नकली
5. यूपी में 44 प्रतिशत तक नकली
6. बंगाल 39 प्रतिशत नकली

## सार संक्षेप

### मुंबई-बेंगलुरु उद्यान एक्सप्रेस ट्रेन में लगी आग

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के क्रांतिवीरा सांगोली रायन्ना रेलवे स्टेशन पर शनिवार सुबह उद्यान एक्सप्रेस ट्रेन में आग लग गई। संयोग से आग लगने से दो घंटे पहले ही ट्रेन से सभी यात्री उतर चुके थे। इससे किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। दक्षिण-पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि आग लगने की वजह की जांच कराई जाएगी। मुंबई-बेंगलुरु उद्यान एक्सप्रेस ट्रेन के दो कोचों में सुबह धुंआ निकलते देख स्टेशन पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया। कर्मचारियों ने इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी। इसके बाद फौरन आग पर काबू पाने के लिए प्रयास शुरू कर दिये गये और कुछ देर में आग पर काबू पा लिया गया।

### मानवाधिकार आयोग ने कश्मीर के मुख्य सचिव को किया तलब

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने आतंकवाद से पीड़ित की याचिका पर अगले महीने आयोग के समक्ष पेश होने के लिए जम्मू कश्मीर के मुख्य सचिव को समन जारी किया है। आयोग की ओर से एनएचआरसी के सहायक रजिस्ट्रार (कानून) देबिंद्र कुंद्रा ने नोटिस जारी किया। वर्ष 2020 में प्रसिद्ध कश्मीरी पंडित लेखक और कवि सर्वानंद कौल प्रेमी के पुत्र राजिंदर प्रेमी ने आयोग के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी, जिनकी अप्रैल 1990 में आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी। शिकायत प्रथम जम्मू-कश्मीर राज्य मानवाधिकार आयोग की डिवीजन बेंच के फैसले के कार्यान्वयन में देरी को लेकर, जम्मू-और कश्मीर राज्य में आतंकवाद प्रभावित परिवारों की दुर्दशा के प्रति सरकार की उदासीनता के संबंध में थी।

### सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई—पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**-भाजपा में शामिल हुए दागी नेताओं पर गड़करी कह रहे हैं हमारा साबुन ईकोफ्रेंडली है।

**चुहिया- हां प्रिये**- 'तुम करो तो गलत, हम करें तो सही' वाला फंडा हर जगह चल रहा है।

# जेनेरिक दवाएं नहीं लिख रहे डॉक्टर

## नाराज हुआ सुप्रीम कोर्ट, केंद्र से मांगा जवाब



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** जेनेरिक दवाओं के चलन को बढ़ावा देने के लिए पहले डॉक्टरों को निर्देश दिया गया था कि वह मरीजों को जेनेरिक दवाएं ही लिखे। मगर यह प्रेक्टिस पूरी तरह से लागू नहीं हो पा रही है और डॉक्टर्स अभी भी अपने मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव की तरफ मुहैया कराई जाने वाली दवाओं को ही लिख रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने जेनेरिक दवाएं नहीं लिखने वाले सभी डॉक्टरों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की याचिका पर शुक्रवार को केंद्र, राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) से जवाब मांगा।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने एक वकील किशन चंद जैन की तरफ से दायर याचिका पर अधिकारियों को नोटिस जारी किया गया, जिसमें शिकायत की गई थी कि भारतीय चिकित्सा परिषद (व्यावसायिक आचरण, शिष्टाचार और नैतिकता) विनियम, 2002 के बावजूद, स्पष्ट रूप से डॉक्टरों को केवल जेनेरिक दवाएं लिखना अनिवार्य है। डॉक्टर केवल महंगी ब्रांडेड दवाओं को ही बढ़ावा देते रहते हैं। याचिकाकर्ता ने कहा है कि जेनेरिक दवाओं (ऑफ-पेटेंट) की कीमतें ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक कम हो सकती हैं। कीमत में यह अंतर जेनेरिक दवाओं को आबादी के व्यापक वर्ग के लिए अधिक किफायती और सुलभ बनाता है।

दवाओं की सामर्थ्य और पहुंच बढ़ाने के लिए भारत में दवाओं में जेनेरिक नामों का उपयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नियम लागू किए हैं। वकील ईसी अग्रवाल के माध्यम से दायर याचिका में 2002 के नियमों का हवाला दिया गया, जिसमें डॉक्टरों को केवल उनके जेनेरिक नाम से दवाएं लिखने का आदेश दिया गया था।

# प्रदेश के हर गांव और हर खेत में पानी पहुंचाने का संकल्प हैः शिवराज

## मुख्यमंत्री ने सीहोर में खजूरी माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का भूमिपूजन किया



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश के हर गांव और हर खेत में पानी पहुंचाने का हमारा संकल्प है। प्रदेश में सभी का आर्थिक सशक्तिकरण करके भी रहेंगे। बहनों की आमदनी कम से कम दस हजार रुपए करने की कोशिश की जा रही है।

मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत सर्वे कराकर पात्र लोगों को पक्के मकान बनाकर दिए जाएंगे। अपने स्कूल में 12वीं कक्षा में टॉप करने वाले छात्रों को स्कूटर और छात्राओं को स्कूटी दी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान सीहोर जिले के भिलाई ग्राम में 1533. 64 लाख रुपए राशि की खजूरी माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का भूमिपूजन और बारेला समाज के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर सांसद रमाकांत भार्गव, मुख्यमंत्री श्री चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती साधना सिंह, कार्तिकेय चौहान, मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम की अध्यक्ष श्रीमती निर्मला बारेला, पूर्व मंत्री अंतर सिंह आर्य और जन प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में अनुसूचित जनजाति के भाई-बहन उपस्थित थीं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पहले इस क्षेत्र में पानी, सिंचाई, बिजली, सड़क की कमी थी। मैंने मुख्यमंत्री बनते ही पानी, सिंचाई, बिजली की सुविधाएं उपलब्ध कराईं और सड़कों का जाल बिछाया। नर्मदा जल, पाइप लाइन बिछाकर घरों में नल से

>>शेष पृष्ठ 2 पर

## चुटकी

### हमारा साबुन इकोफ्रेंडली : गडकरी



***नई दिल्ली।** दागी नेताओं के भाजपा में शामिल होने या भाजपा से हाथ मिलाने को लेकर अक्सर सवाल उठते रहते हैं। इसको लेकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इस पर चुटकी लेते हुए कहा कि भाजपा का साबुन इकोफ्रेंडली है। नितिन गडकरी एक कार्यक्रम में सवालों का जवाब दे रहे थे। इस दौरान उसने पूछा गया था कि दागी नेताओं के भाजपा में शामिल होने पर विपक्ष कह रहा है कि जो भी उधर जाता है धुल जाता है। गडकरी ने कहा कि- हमारा साबुन इकोफ्रेंडली है। राजनीति में लोग इधर-उधर आते-जाते रहते हैं।*

*गडकरी ने कहा कि राजनीति में यह सब बातें होती रहती हैं। लोग एक दल से दूसरे दल में आते-जाते रहते हैं। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने पुराने उदाहरण गिनाते हुए कहा कि आप जनता पार्टी से देख लो, उससे पहले का देख लो, 47 के बाद देखो। यह चलता रहता है।*

# लद्दाख : खाई में गिरी सेना की गाड़ी, 9 जवानों की मौत

## 1 घायल

**लेह।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में शनिवार शाम भारतीय सेना का वाहन हादसे का शिकार हो गया। राजधानी लेह के पास मौजूद क्यारी गांव में सेना का वाहन खाई में गिर गया। अधिकारियों ने बताया कि इस हादसे में सेना के नौ जवानों की मौत हो गई है।

सेना ने बातचीत में इस बात की पुष्टि की है कि लेह में हुए इस हादसे में नौ जवानों की मौत हो गई, जबकि एक सैनिक घायल हुआ है। मरने वाले सैनिकों में आठ जवान और एक जेसीओ शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि क्यारी गांव से सात किमी पहले सेना की गाड़ी दुर्घटना का शिकार हो गई और खाई में गिर गई. इस हादसे में आठ जवानों और एक जेसीओ की मौत हुई है। हादसे में एक जवान घायल भी हुआ है, जिसे इलाज के लिए ट्रांसफर कर दिया गया है। सेना का ये गश्ती दल कारू से क्यारी की तरफ जा रहा था, तभी ये हादसे का शिकार हो गया। अधिकारियों ने बताया है कि फिलहाल घटनास्थल पर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

# सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात हाईकोर्ट को लगाई फटकार

## दुष्कर्म पीड़िता के गर्भपात की याचिका टालने पर जताई नाराजगी

### न्यायमूर्ति नागरत्ना व न्यायमूर्ति भुइयां की पीठ ने की 'विशेष सुनवाई



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** सुप्रीम कोर्ट ने एक बलात्कार पीड़िता की गर्भपात कराने की उसकी याचिका को 12 दिनों तक टालने पर गुजरात उच्च न्यायालय की शनिवार को कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि ऐसे मामले में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं, बल्कि तत्परतापूर्वक निपटा जाना चाहिए। गुजरात उच्च न्यायालय में सुनवाई टालने का आदेश 17 अगस्त को पारित किया गया था।

**नवीनतम स्थिति रिपोर्ट पेश करने को कहा**-न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने गुजरात के एक मामले में 'विशेष सुनवाई' करते हुए भ्रूण को हटाने की संभावना का पता लगाने के लिए भ्रूच के एक मेडिकल बोर्ड से एक नई रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। पीठ ने कहा कि वह इस मामले में सोमवार को अगली सुनवाई कर इस मसले पर विचार करेगी। पीड़िता के अधिवक्ता ने पीठ के समक्ष कहा कि उच्च न्यायालय ने मामले की तारीख 23 अगस्त तय की है, जिससे उसकी गर्भावस्था 28 सप्ताह की हो जाएगी। अधिवक्ता ने

>>शेष पृष्ठ 2 पर

# प्याज की कीमतों को लेकर सतर्क हुई सरकार, निर्यात पर लगा दी पाबंदियां

## प्याज पर दिसंबर तक 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लागू

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** केंद्र सरकार ने देश से प्याज के निर्यात पर पाबंदियां लगा दी है। सरकार ने घरेलू बाजार में प्याज की उपलब्धता सुनिश्चित करने और इसकी कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए यह कदम उठाया है। इसके तहत प्याज के निर्यात पर 40 फीसदी का भारी-भरकम शुल्क लगा दिया गया है, जो इस साल के अंत तक प्रभावी रहने वाला है। केंद्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर लगाए गए शुल्क को लेकर शनिवार की शाम अधिसूचना जारी की। अधिसूचना में कहा गया कि सरकार ने प्याज के निर्यात पर 31 दिसंबर 2023 तक के लिए 40 फीसदी का शुल्क लगाने का निर्णय लिया है।

**भाव बढ़ने की जताई जा रही थी आशंका**-सरकार ने प्याज के निर्यात पर यह पाबंदी ऐसे समय लगाई है, जब टमाटर के बाद प्याज के भाव आसमान छूने की आशंकाएं जताई जा रही थी। ऐसा कहा जा रहा था कि सितंबर से प्याज की कीमतें चढ़ने लगेंगी और आम लोगों को महंगाई के नए झटके देगी। इस आशंका के मद्देनजर पहले से अनुमान था कि सरकार प्याज के निर्यात पर रोक लगाने की दिशा में उपाय कर सकती है।

# एनएलएफटी के पांच उग्रवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**अगरतला।** बांग्लादेश में अपने ठिकानों से भागने के बाद प्रतिबंधित संगठन नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) के पांच उग्रवादियों ने धलाई जिले में राज्य पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक आत्मसमर्पण करने वाले उग्रवादियों की पहचान कांता मोहन त्रिपुरा (45), नक्षत्र देबबर्मा, इमांग देबबर्मा (20), गर्टाजॉय त्रिपुरा (23) और मंसुबर त्रिपुरा (25) के रूप में हुई है। वे 2022 की शुरुआत में एनएलएफटी में शामिल हुए थे। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने आत्मसमर्पण करने वाले चरमपंथियों से पूछताछ की।


अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com



## रिपोर्ट — बूंद-बूंद पानी का संरक्षण जरूरी

# पानी को लेकर होने वाला है 25 देशों में त्राहिमाम



**नई दिल्ली।** दुनिया की एक चौथाई आबादी आज जल संकट से जूझ रही है। जनसंख्या में तेजी हो रही वृद्धि, शहरीकरण, औद्योगीकरण, जलवायु परिवर्तन और अकुशल जल प्रबंधन प्रथाओं जैसे कारकों के संयोजन की वजह से पानी की कमी की व्यापक समस्या पैदा होती जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि आने वाले समय में पानी की कमी के गंभीर और दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। यह सभी समाज और पर्यावरण के विभिन्न पहलुओं को ज्यादा प्रभावित कर सकते हैं। इसके चलते पानी की कमी का मुद्दा वैश्विक चिंता का विषय बना हुआ है।

वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट के एक्वाडक्ट वॉटर रिस्क एटलस के हालिया आंकड़ों के अनुसार पानी की कमी वर्तमान में दुनिया भर के कई क्षेत्रों को प्रभावित कर रही है। वैश्विक समुदाय एक अद्वितीय जल आपातकाल का सामना कर रहा है, जिसमें दुनिया की एक चौथाई आबादी के बराबर 25 देश मौजूदा समय में वार्षिक जल तनाव (जल तनाव या जल संकट) के असाधारण ऊंचे स्तर से जूझ रहे हैं।

वैश्विक स्तर पर देखा जाए तो सालाना कम से कम एक महीने के लिए दुनिया की आधी आबादी के करीब 4 अरब लोग जल संकट का सामना कर रहे हैं। माना जा रहा है कि यह जलसंकट अगले 27-28 सालों में 2050 तक करीब 60 फीसदी तक बढ़ सकता है। इसके बेहद ही गंभीर और दूरगामी परिमाण सामने आ सकते हैं।

**वैज्ञानिकों ने नए शोध से बताया, धरती के 71 फीसदी हिस्से पर कैसे आया पानी**-आंकड़ों की माने तो साल 2050 तक सकल घरेलू उत्पाद में 70 ट्रिलियन (वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 31 प्रतिशत) उच्च जल तनाव के संपर्क में आ जाएगा जो कि 2010 में .15 ट्रिलियन (वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 24 प्रतिशत) से अधिक है। हर चार साल में जारी होने वाली रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि साल 2050 तक सकल घरेलू उत्पाद के आधे से अधिक के लिए केवल 4 देश भारत, मेक्सिको, मिस्र और तुर्की इस समस्या से ज्यादा प्रभावित होंगे।

रिपोर्ट से पता चला कि 25 देश, जिनमें दुनिया की एक चौथाई आबादी शामिल है, हर साल अत्यधिक गंभीर जल संकट से गुजर रही है। इनमें बहरीन, साइप्रस, कुवैत, लेबनान और ओमान पर सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ रहा है। सूखे की छोटे अवधि काल के दौरान भी ये सभी क्षेत्र पानी की कमी की चपेट में आ सकते हैं। रिपोर्ट के लेखकों ने सुझाव दिया कि यह जरूरी है कि शासन के सभी स्तर, समुदायों और व्यवसायों के साथ मिलकर भविष्य की जिम्मेदारी निभाते हुए जल सुरक्षा की दिशा में सार्वभौमिक कार्य करने होंगे।

# देश-विदेश

## असम पुलिस ने कफ सिरप को लेकर की बड़ी कार्रवाई 4 करोड़ रुपये की 61000 से अधिक बोलतें की जब्त

**करीमगंज ( असम )।** असम पुलिस ने गुरुवार रात असम-त्रिपुरा सीमा पर करीमगंज जिले के चुराइबारी इलाके में एक ट्रक से 4 करोड़ रुपये के बाजार मूल्य की 61,000 प्रतिबंधित कफ सिरप की बोतलें जब्त की। इसकी जानकारी पुलिस ने शुक्रवार को दी। पुलिस ने ट्रक के ड्राइवर को भी पकड़ लिया, जिसकी पहचान विश्वजीत बिस्वास के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने चुराइबारी इलाके में एक ट्रक को रोका। करीमगंज जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रताप दास ने कहा, ड्रग्स के खिलाफ हमारा अभियान जारी है। कल रात, हमने एक ट्रक को रोका था। हमने ट्रक से 61,000 प्रतिबंधित कफ सिरप की बोतलें बरामद कीं और उन्हें जब्त कर लिया। ट्रक के ड्राइवर को भी पकड़ लिया है।

### भारत-चीन के बीच मेजर जनरल स्तर पर बातचीत

## मोदी-जिनपिंग की मुलाकात से पहले सीमा विवाद सुलझाने की बड़ी कोशिश

**नई दिल्ली।** भारत और चीन के बीच में सीमा विवाद अभी भी जारी है। गलवान घटना के बाद से शुरू हुआ तनाव कुछ कम जरूर हुआ है, लेकिन कई मुद्दों पर क्योंकि असहमति है, ऐसे में विवाद वहीं का वहीं खड़ा हुआ है। इस बीच शुक्रवार को भारत और चीन के बीच मेजर-जनरल स्तर की अहम बातचीत हुई है। इस बातचीत में पूर्वी लद्दाख के चुशुल और देपसांग इलाके को लेकर चल रहे गतिरोध पर चर्चा की गई।

भारत की तरफ से पक्ष रखने का काम मेजर जनरल पीके मिश्रा और मेजर जनरल हरिहरन ने किया। मुलाकात के बाद जो जारी बयान किया गया, उसमें सिर्फ इतना बताया गया कि बातचीत के जरिए ही मुद्दों को हल किया जाएगा। इसके अलावा ये भी साफ कहा गया है कि तनाव को कम करने के लिए

**बातचीत के जरिए मुद्दों को हल करने बनी सहमति**

राजनयिक चैनलों का लगातार इस्तेमाल होगा।

देपसांग के पूर्वी किनाने पर इस समय चीन और भारतीय सैनिकों के बीच जबरदस्त गतिरोध चल रहा है। जब भी भारतीय सैनिक वहां पर गश्त लगाने जाते हैं, उन्हें चीनी सैनिकों द्वारा रोका जाता है। ऐसे में वहां मौजूद चीनी सैनिकों की मौजूदगी पर ही सारा बवाल है। अब कोशिश ये की जा रही है कि 22 से 24 अगस्त तक होने वाले ब्रिक्स सम्मेलन से पहले ही इस विवाद को सुलझा लिया जाए। ऐसा इसलिए क्योंकि ब्रिक्स में पीएम मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात हो सकती है।

वैसे इससे पहले 13-14 अगस्त को भी भारत और चीन के बीच आधिकारिक बातचीत हो चुकी है। वो कनिष्ठ लेवल के अधिकारियों के बीच हुई थी। तभी तय कर लिया गया था कि 18 अगस्त को फिर मिला जाएगा।

अब इस बातचीत के बाद जमीन पर स्थिति कितनी तेजी से बदलती है, इस पर सभी की नजर रहेगी। वैसे इस समय कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी लद्दाख दौरे पर चल रहे हैं। वे दो दिन के लिए आए हैं और उन्हें कई कार्यक्रम में हिस्सा लेना है।

### राहुल गांधी का बड़ा आरोप

## केंद्रीय मंत्रालयों के फैसले ले रहा आरएसएस, अपने लोगों को कर रहा तैनात



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर हमला बोलते हुए दक्षिणपंथी संगठन पर देश के हर संस्थान में अपने लोगों को रखने का आरोप लगाया। एक वीडियो क्लिप में राहुल गांधी ने दावा किया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल में मंत्री निर्णय नहीं ले रहे हैं, बल्कि आरएसएस के एक खास सज्जन वहां तैनात हैं।

राहुल ने कहा कि ये लोग मंत्रियों के साथ यह तय करने के लिए काम करते हैं कि मंत्रालय में क्या होना चाहिए। यह वीडियो कथित तौर पर लद्दाख में एक सार्वजनिक बातचीत का बताया जा रहा है। आरएसएस को व्यापक रूप से भाजपा की वैचारिक शाखा के रूप में माना जाता है, और विपक्ष अक्सर उनके बीच समानताएं खींचता रहा है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि देश में सब कुछ आरएसएस चला रहा है।

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल कहते हैं, अगर आप केंद्र सरकार के किसी भी मंत्री से पूछें, तो वे आपको बताएंगे कि वे असल में अपने मंत्रालय नहीं चला रहे हैं। आरएसएस द्वारा प्रतिनियुक्त लोग असल में इन मंत्रालयों को चला रहे हैं और सब कुछ सुझा रहे हैं।

## प्रधानमंत्री ने ली हिमाचल आपदा पर उच्च स्तरीय बैठक

**नई दिल्ली, आईएएनएस।** हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के चलते हाहाकार मचा है। सैंकड़ों लोगों के घर तबाह हो गए हैं और सरकारी संपत्ति को भी खासा नुकसान हुआ है। इस बीच राज्य की आपदा के बाद बचाव कार्यों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाई लेवल मीटिंग की।

**नड्डा आज करेंगे राज्य का दौरा**

प्रधानमंत्री ने उच्चस्तरीय बैठक में हालात और राहत एवं बचाव कार्यों के लिए चलाए जा रहे अभियान की समीक्षा की। पीएम मोदी के आधिकारिक आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर लगभग एक घंटे तक चली इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद रहे। उधर, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भारी बारिश, बाढ़ एवं भूस्खलन के कारण हुए भारी नुकसान का जायजा लेने कल अपने गृह राज्य हिमाचल प्रदेश जा रहे हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### अल्पसंख्यक मंत्रालय.....

**नोडल अधिकारी भी जांच के घेरे में**-संस्थानों के नोडल अधिकारियों ने ओके रिपोर्ट कैसे दे दी, कैसे जिला नोडल अधिकारी ने फर्जी मामलों का सत्यापन किया और कितने राज्यों ने घोटाले को वर्षों तक जारी रहने दिया आदि की जांच सीबीआई करेगी. अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के एक सूत्र ने इंडिया टुडे को बताया कि बैंकों ने लाभार्थियों के लिए फर्जी खाते खोलने की अनुमति कैसे दी. फर्जी आधार कार्ड और केवाईसी की जांच चल रही है.

**अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय की जांच में कई बातें सामने आई हैं**-1. मल्लापुरम, केरल में एक बैंक शाखा ने 66,000 छात्रवृत्तियां दीं. अल्पसंख्यक छात्रों की पंजीकृत संख्या से अधिक (छात्रवृत्ति मानदंड के अंतर्गत आने वाले) 2. अनंतनाग जम्मू-कश्मीर में एक कॉलेज में पंजीकृत छात्रों की कुल संख्या 5,000 है, जबकि दावा की गई छात्रवृत्तियों की कुल संख्या 7,000 है। 3. माता-पिता का एक मोबाइल नंबर जांच के दायरे में 22 बच्चे और सभी नौवीं कक्षा में। 4. एक अन्य अल्पसंख्यक संस्थान में कोई छात्रावास नहीं और फिर भी प्रत्येक छात्र ने छात्रावास छात्रवृत्ति का दावा किया। 5. असम-कथित तौर पर एक बैंक की एक ही शाखा में 66,000 लाभार्थी. मदरसे में सत्यापन टीम को धमकाया गया. धमकी दी गई कि अगर उन्होंने नामांकित छात्रों और दावा की गई छात्रवृत्ति के विवरण को सत्यापित करने का प्रयास किया तो उन्हें मार दिया जाएगा। 6. पंजाब-अल्पसंख्यक छात्रों को छात्रवृत्ति मिल गई, उनका स्कूल में नामांकन भी नहीं हुआ और फिर भी सत्यापन नहीं हुआ। अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति की योजना 2007-8 में शुरू की गई थी तब से लेकर अब तक हजारों करोड़ के घोटाले का आकलन. अल्पसंख्यक मंत्रालय एक लाख 80 संस्थानों को स्कॉलरशिप देता है. इसका फायदा कक्षा 1 से उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले अल्पसंख्यक छात्रों को मिलता है।

### प्रदेश के हर गांव....

पहुँचाने का कार्य चल रहा है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में बहनों के खाते में हर माह एक-एक हजार रुपए की राशि डाली जा रही है। इसे धीरे-धीरे बढ़ाकर 3 हजार रुपए किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री कन्या दान योजना, गांव से बाहर पढ़ाई करने लाने वाले विद्यार्थियों को नि:शुल्क साइकिल प्रदाय योजना सहित अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पहले अनुसूचित जनजाति के भाई-बहनों पर अत्याचार, अन्याय होता था। हमारी सरकार ने अनुसूचित जनजाति पर होने वाले अत्याचारों को रोका ही नहीं बल्कि राज्य सरकार विकास के नए कीर्तिमान गढ़ रही है।

### दुष्कर्म पीड़िता....

हालांकि कहा कि, याचिका सात अगस्त को दायर कई और 11 अगस्त को सुनवाई हुई थी। उन्होंने शीर्ष अदालत के समक्ष यह भी कहा कि याचिकाकर्ता महिला को चार अगस्त को अपनी गर्भावस्था के बारे में पता चला और उसने सात अगस्त को उच्च न्यायालय के समक्ष रिट याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने शीर्ष अदालत की पीठ के समक्ष यह भी कहा कि इस मामले में उच्च न्यायालय का आदेश रिकॉर्ड पर भी उपलब्ध नहीं था। शीर्ष अदालत की पीठ ने उच्च न्यायालय का आदेश उपलब्ध नहीं होने की याचिकाकर्ता के वकील की बात पर कहा, अगर विवादित आदेश मौजूद ही नहीं है तो हम कोई आदेश कैसे पारित कर सकते हैं। इस मामले को स्थगित करने में मूल्यवान दिन बर्बाद हो गए हैं। देखिए, ऐसे मामलों में तात्कालिकता की भावना होनी चाहिए न कि उदासीन रवैया। हमें ऐसी टिप्पणियाँ करने के लिए खेद है।

**सोमवार को पहले मामले के रूप में सूचीबद्ध करेंगे**- हम इसे सोमवार को पहले मामले के रूप में सूचीबद्ध करेंगे। शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि चूंकि कीमती समय पहले ही बर्बाद हो चुका है, इसलिए भ्रूच के मेडिकल बोर्ड से नई रिपोर्ट मांगी जा सकती है। न्यायमूर्ति नागरत्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, हम याचिकाकर्ता को एक बार फिर से पूछताछ के लिए केएमसीआरआई के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश देते हैं और नवीनतम स्थिति रिपोर्ट कल रविवार शाम छह बजे तक इस अदालत में प्रस्तुत की जा सकती है।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सूचना आयोगों को निर्देश जारी कर कहा है कि वे यह तय करें कि सार्वजनिक अधिकारी आरटीआई के तहत मांगी गई सूचनाओं को प्रदान करें। सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़, जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जे.बी. पारदीवाला की पीठ ने केंद्रीय सूचना आयोग और राज्य सूचना आयोगों को आरटीआई अधिनियम की धारा 4 के अधिदेश के कार्यान्वयन की निरंतर निगरानी करने का निर्देश दिया। सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 4 में कहा गया है कि सभी सार्वजनिक प्राधिकरण स्वत: संज्ञान लेकर सूचना का खुलासा करने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे।जनता नियमित अंतराल पर इंटरनेट और अन्य माध्यमों का उपयोग कर रही है। इस तरह के प्रावधान को लागू करने का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि जानकारी उपलब्ध हो। आरटीआई कार्यकर्ता व वकील केसी जैन ने जनहित याचिका को शीर्ष अदालत के समक्ष प्रस्तुत करते हुए कहा कि पिछले चार वर्षों में किए गए पारदर्शिता ऑडिट से पता चलता है कि खुलासे कानून के अनुसार नहीं किए गए।


**जाहीर सूचना**

**आममुखत्यारपत्र रद्द करने बाबत**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार १) श्रीमती शाहिदा ज. नियाजजूल हक्क, २) श्रीमती जमीला महमूद सैय्यद, ३) श्रीमती शाहीन बानो साबिर शेक, ४) शगुफ्ता अर्शी ऐजाज अहमद, ५) तबस्सुम परवीन अब्दुल जावेद, ६) इसरारूल हक्क उर्फ अशफाक वल्द सिराजुल हक्क, ७) तरन्नुम परवीन अशफाक सैय्यद, इनके मालकी एवं कब्जे की निम्नलिखीत अचल संपत्ती का आममुखत्यारपत्र मो. शमशुल उर्फ मुस्ताक वल्द सिराजुल हक्क, रह. मु.पो.देवलापार, ता. रामटेक, जिला नागपूर इन्हे रजिस्टर्ड आममुखत्यारपत्र दि. ०३/०७/२०२३ को दस्त क्र. ७४३४/२०२३ द्वारा करके दिया था।

मेरे पक्षकार को ऐसा ग्यात हुआ है की, मो. शमशुल उर्फ मुस्ताक वल्द सिराजुल हक्क, यह आममुखत्यारपत्र का दुरूपयोग करके निम्नलिखीत अचल संपत्ती अन्य किसी व्यक्ती को बेचने का प्रयास कर करे है। इसलिए मेरे पक्षकार इस जाहीर सूचना द्वारा आममुखत्यारपत्र रद्द कर रहे है। इसलिए कोई भी किसी भी प्रकार का व्यवहार मो. शमशुल उर्फ मुस्ताक वल्द सिराजुल हक्क इनसे आममुखत्यारपत्र के आधार पर ना करे करने पर वह व्यवहार मेरे पक्षकारो को लागू तथा बंधनकारक नही रहेंगा। इसकि नोंद ले।

**:: अचल संपत्ती का विवरण ::**

मौजा- ग्राम सुभाष नगर, शीट नं. १५५, मढाताल प्लॉट नं. ५६७ व ७७३, प.ह.नं. ३१, रा.नी. जबलपुर- १, तहसिल जबलपुर में आवासीय ३०३९० चौरस फिट इसमें से १०३१० चौरस फिट है।

नागपूर, दि. २०.०८.२०२३

**अॅड. वि. आर. चौधरी**

प्लॉट नं. ए/१५, विदर्भ प्रिमीयम सोसायटी, मोहम्मद रफी चौक, यादव नगर, नागपूर. मो.नं. ९५७९८६७११६, ७६६६४५१८४९



**HARI SINGH RUPRAH**
**ARTS, COMMERCE & LAW COLLEGE**
**REQUIRES**

**PRINCIPAL FOR B.A., B.Com. - 1**
Quali. M.A. (Political Science or Sociology or Economic or History), Ph.D., 10 years Teaching Experience

**PRINCIPAL FOR LAW - 1**
Quali. LL.M., Ph.D. 10 years Experience

**ASSISTANT PROFESSOR (LAW) - 4**
Quali. LL.M. Preference NET/Ph.D.

**ASSISTANT PROFESSOR (Commerce) - 2**
Quali. M.Com. (Commerce), Preference NET/Ph.D.

**ASSISTANT PROFESSOR (Economics) - 1**
Quali. M.A. (Economics) Preference NET/Ph.D.

**ASSISTANT PROFESSOR (Hindi) - 1**
Quali. M.A. (Hindi), Preference NET/Ph.D.

**ASSISTANT PROFESSOR (Political Science) - 1**
Quali. M.A. (Political Science), Preference NET/Ph.D.

1, Supply Road, Sadar, Jabalpur, Ph.: 0761-2625843, 4048100, 9425157518
harisinghcollege2015@gmail.com


**न्यायालय नायब तहसीलदार राझी जबलपुर**

रा.प्र.क्रं/0094/अ-6/2023-24

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक उदय सिंह ठाकुर पिता स्व.जयकरण सिंह ठाकुर निवासी 1062, अंधेरदेव राम मोहन लोहिया वार्ड जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 182542018 ए 3646016 दिनांक 18.09.2018 वसीयतनामा के माध्यम से मौजा रिछाई नंबं.... प.ह.नं. 55 खसरा नं. 314/1 नया 314/4 प्लाट नं.... रकवा 0.287 हेक्टे. पर विक्रेता/वसीयतकर्ता हीरालाल साहू पिता स्व.श्री खुमानी लाल साहू निवासी 1760 पूर्वी निवाड़गंज जबलपुर से क्रय की गई भूमि पर अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र/फ्री होल्ड विलेख/वसीयतनामा/बटवारा नामा/हस्तांतरण पत्र/हकत्याग पत्र/दान पत्र/दस्तवरदारी/तबादला नामा/मुख्त्यार आम एवं खसरा की छायाप्रति/सत्यापित प्रति संलग्न कर नामांतरण/फौती नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति न्यायालय में पेशी दिनांक 28.8.23 तक उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयाविधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 14.8.23 को इश्तहार जारी किया गया।

जारी दिनांक-14/08/2023
पेशी दिनांक-28/08/2023

**नायब तहसीलदार रांझी, जिला- जबलपुर**

र.नं. 989

**OFFICE OF THE DEAN**
**NETAJI SUBHASH CHANDRA BOSE MEDICAL COLLEGE JABALPUR**

No. 7048/Esstt./NG/2023 Jabalpur 11.8.2023

**WALK -IN-INTERVIEW**

Candidate are invited to attend walk-in-interview for the following position is to be filled purely on temporary and contract basis under the central government projects, details of the post as follows:-

| S.No. | Name of Post | Category | | | | | Name of Project |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | UR | ST | SC | OBC | EWS | |
| 01 | Project Technician (IPEM Field Worker) | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 | Palliative care, Elderly care, and Mental Health (I-PEM) |

Note: Candidates who wish to appear for the walk-in-interview can download the application format given in the website of www.nscbmc.ac.in. Duly filled application along with copies of certificates should be submitted at office of the Dean, NSCB, Medical College, Nagpur Road, Jabalpur (M.P.) at the time of Walk-in-interview 21.08.2023 between 11 AM to 1.00 pm only. Other details of post i.e. qualification, age limits, remuneration per month, application form etc. available in college website www.nscbme.ac.in

**Dean**
**NSCB Medical College-Jabalpur**

G-18493/23

## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

**जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, नरसिंहपुर**

क्र./स्थापना/आमसभा/2023-24/1154, नरसिंहपुर, दिनांक 9.8.2023

**-सूचना पत्र -**

**महानुभाव,**

बैंक के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि बैंक की 112वीं वार्षिक साधारण सभा दिनांक 24.08.2023 दिन गुरुवार को 12:30 बजे दिन से बैंक के पंजीकृत प्रधान कार्यालय भवन, सिविल लाईन्स, नरसिंहपुर में आयोजित की गई है। नियत समय पर गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर निर्धारित समय से आधा घंटा बाद अपरान्ह 1:00 बजे प्रारंभ होगी। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

**नोट** - बैंक के अंशधारी सदस्यों को उक्त सूचना पत्र उनके कार्यालयीन रजिस्टर्ड पते पर प्रेषित किये जा चुके हैं।

**के.के. रायकवार**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं पदेन सचिव**

**पश्चिम मध्य रेल**

**सामग्री प्रबंधन विभाग (निविदा सूचना संख्या वरि.भंडार आपूर्ति हेतु ई) मं.सा.प्र./ईपीएस/40/2023)**

वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिये निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जाएंगे। पूर्ण विवरण/ विनिर्देशन के लिए वेबसाइट https://ireps.gov.in पर ई-निविदा की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.सं | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | निविदा मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1. | 94235594 | Supply of Microlok (MLKII) Non-Vital | 5 Nos |
| 2. | 94235417 | Hydraulic Compressor | 5 Nos. |
| 3. | 94235437 | Battery Charger | 2 Nos. |
| 4. | 94235645 | Supply, Installation, Testing and Commissioning of Control Governor | 1 Nos. |
| 5. | 94235569 | Discharge Rod/ Earthing Rod Complete with Cable and Top & Bottom Clamp | 90 Nos. |
| 6. | 94235714 | One Station one product static kiosk as per drawing and specification attached | 6 Nos. |

खोलने की तिथि क्रमांक 1 से 6- **15.09.2023.**

**वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, प.म.रे., जबलपुर**

वैक्सीन अवश्य लगवाएं, जीवन के हर सफर को सुरक्षित बनाएं!

**कार्यालय कलेक्टर (जनजातीय कार्य विभाग) बालाघाट**

E-mail: actw.bgt@mp.gov.in Ph. (07632) 248405

क्रमांक/2941/निर्माण/ज.जा.का.वि./2023-24 बालाघाट, दिनांक 11/08/2023

**निविदा विज्ञप्ति**

**विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना ( ऑनलाईन ई-निविदा प्रथम आमंत्रण )**

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से निम्न लिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन मोहरबंद प्रतिशत दर निविदायें फार्म 'ए' पर लोक निर्माण विभाग की केन्द्रीयकृत प्रणाली में समतुल्य/सक्षम श्रेणी में पंजीयकृत ठेकेदारों से तालिका में अंकित निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग की प्रचलित दर अनुसूची (भवन, कार्य हेतु) जो परियोजना संचालक लोक निर्माण विभाग म.प्र. भोपाल द्वारा जारी एवं दिनांक 15.09.2022 से प्रभावशाली है। (निविदा दिनांक तक समस्त संशोधनो सहित) पर निम्न कार्य हतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

ऑनलाईन निविदा पत्र विक्रय की अंतिम तिथि 05/09/2023 एवं ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 05/09/2023 तक है। अमानत राशि का एफ.डी.आर. (जो सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग, बालाघाट के नाम) एवं अन्य दस्तावेज (तकनीकी बिड के लिफाफे सहित) कार्यालय सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग, बालाघाट में दिनांक 06/09/2023 को सायंकाल 5.30 बजे तक रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट डाक के माध्यम से पहुंचाना अनिवार्य होगा। निविदा की विस्तृत शर्ते, निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारियां https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा प्रपत्र का मूल्य | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि (लाख में) | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| 1 | आदिवासी जूनियर बालक छात्रावास सुसवा विकास खण्ड किरनापुर का भवन निर्माण कार्य। (सेनेट्री एवं वाटर सप्लाई लाईन सहित) | 15,000/- (रू. पन्द्रह हजार) | 299.72 लाख | 3.00 लाख | लोक निर्माण विभाग के नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत सिविल कार्यो हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत | 2 वर्ष (वर्षा काल सहित) |

नोट:- ऑफलाईन अभिलेख पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट डाक से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 06/09/2023 समय 05.30 बजे तक पहुंचना अनिवार्य है, बिलम्ब से प्राप्त लिफाफा को अमान्य कर दिया जायेगा।

1. उक्त निविदाओं को बेबसाइट पर ऑन लाइनभुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट https://mptenders.gov.in के माध्यम से क्रय किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं निविदा प्रपत्र ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 05/09/2023, समय 5.30 बजे निर्धारित है।
2. कार्य संबंधी विवरण एवं निविदा वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।
3. समस्त निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम दिवस की प्रतीक्षा न करें, शीघ्र अतिशीघ्र बिड जमा करें। बेवसाइट पर किसी प्रकार की असुविधा के लिये विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

keydates

| S.No. | Particular | Date & time |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | निविदा प्रपत्र विक्रय की प्रारंभ तिथि | 15/08/2023 |
| 2 | निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि | 05/09/2023 |
| 3 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि (ऑनलाईन) | 05/09/2023 |
| 4 | ठेकेदार द्वारा ऑफलाईन अभिलेख कार्यालय में पंजीकृत डाक से पहुंचने की अंतिम तिथि | 06/09/2023 |
| 5 | लिफाफा `A' (mandatory submission) एवं तकनीकि बिड लिफाफा `B' खोलने की तिथि | 08/09/2023 |
| 6 | वित्तीय ऑफर खोलने की तिथि | 08/09/2023 |

कलेक्टर, महोदय द्वारा अनुमोदित

**सहायक आयुक्त**
**जनजातीय कार्य विभाग बालाघाट**

G-18495/23

**दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।**

**In The Court of XXI Civil Judge Class-II, District Court, Jabalpur**
presiding Officer:
**फरहान मसूद कुरैशी**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**
*(RCS A/0000355/2023)*
**श्रीमती लक्ष्मी विश्वकर्मा .........वादी**
**Vs**
**आम जनता...............प्रतिवादी**
**Process Id- /2023**
**पेशी दिनांक:-25/09/2023**

**प्रेषिती-**
**( 1 ) आम जनता पता- जबलपुर म.प्र.**

यह कि प्रार्थी श्रीमती लक्ष्मी विश्वकर्मा ने आपके विरूद्ध सिविल सूट दावा वास्ते विधिक मृत्यु की उद्घोषणा हेतु। के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावे। यह आज तारीख 10 अगस्त 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी- प्रकाशन नोटिस के साथ दावा वास्ते विधिक मृत्यु की उद्घोषणा किए जाने की छायाप्रति संलग्न है।

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**( फरहान एम. कुरैशी )**
**21वें व्यवहार न्यायाधीश**
**कनिष्ठ खण्ड, जबलपुर ( म.प्र. )**

र.नं. 991

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार जितेन्द्र मगरैया पिता श्री रमेश कुमार मगरैया, व रमेश कुमार मगरैया पिता स्व. श्री हरि दास मगरैया दोनों निवासी - 30, न्यू कालोनी नं. 2 बिरला नगर, ग्वालियर वालो ने मौजा नयागॉव प.ह.नं. 32/8 (पोलीपाथर), रा.नि.मं. जबलपुर-1, तह.पु. जबलपुर नई गोरखपुर स्थित डाय. भूमि ख.नं. 4/4 प.ख.नं. पु. 4/4 नया खसरा नंबर 4/4/2 रकवा 4.600 हैक्टे. एवं रकवा 0.200 हैक्टे. कुल रकवा 4.800 हैक्टे. भूमि पर नगर एवं ग्राम निवेश द्वारा स्वीकृत ले-आउट का भूखण्ड क्रमांक 12, विक्रय भूखण्ड रकवा 5.48 मी. 16.39 मी.=89.817 वर्गमीटर। सतपुड़ा इन्फ्राकान प्राईवेट नयागांव, शंकर शाह नगर वार्ड जबलपुर में स्थित है। प.ख.नं. 4/4/2 का भाग है, जिसके उत्तर में भू.क्र. 11, दक्षिण में भू.क्र. 13, पूर्व में भू.क्र. 35, पश्चिम में साईड रोड है को क्रय करने का अनुबंध संपत्ति स्वामी सतपुड़ा इन्फ्राकॉन प्राईवेट लिमिटेड जबलपुर द्वारा प्रबंध निदेशक श्री अयोध्या प्रसाद त्रिपाठी पिता स्व. श्री राममिलन त्रिपाठी निवासी - जे.डी.ए. शॉप नंबर 3, 4 जे.डी.ए. मार्केट, स्नेह नगर, कमला नेहरू नगर वार्ड, जबलपुर वालों से किया है जिसके विक्रय पत्र का पंजीयन निकट भविष्य में हमारे पक्षकार द्वारा संपत्ति स्वामी से निष्पादित कराया जाना है। अत: उपरोक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म बैंक या वित्तीय सस्था, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, कोई उजर दावा आपत्ति हो तो मय मूल दस्तावेज सहित प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर कार्यालयीन समय में मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। 15 दिवस बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का निष्पादन करा लिया जावेगा।

जबलपुर दिनांक 19/08/2023

**नवीन पाठक, एडवोकेट**
**म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर**
**कार्या.-कछपुरा ओवर ब्रिज, यादव कालोनी रोड, जबलपुर म.प्र.**
**मो.नं.- 9329542101**
र.नं. 994 **कार्या. समय- सुबह 8 से 10 बजे तक**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रानी श्रीवास्तव पत्नी हीरालाल अहिरवार के स्वामित्व की संपत्ति खसरा नं. 301/4 रकवा 760 वर्गफुट एवं खसरा नं. 301/5 रकवा 1677.5 वर्गफुट मौजा तेन्दुखेडा, राजीव गांधी वार्ड तहसील तेन्दुखेडा जिला दमोह स्थित संपत्ति के मालिक स्वामी है तथा उक्त श्रीमती रानी श्रीवास्तव ने उक्त संपत्ति 760 वर्गफुट को आनंद यादव पिता शिवनारायण यादव एवं शिवनारायण यादव से विक्रय पत्र दिनांक 31/03/2023 दस्तावेज क्रमांक एमपी08952023ए11682401 के द्वारा क्रय किया था तथा आनंद यादव एवं सौरभ पिता जागेश्वर प्रसाद ने संयुक्त रूप से उक्त संपत्ति को विक्रेता विनोद कुमार जैन पिता सुंदर लाल जैन से विक्रय पत्र दिनाक 28/04/2005 दस्तावेज क्रमांक 29 के द्वारा क्रय किया था एवं इसी प्रकार श्रीमती रानी श्रीवास्तव ने उक्त संपत्ति का रकवा 1677.5 वर्गफुट को विक्रेता श्रीमती अनिता यादव पत्नी शिवनारायण यादव से विक्रय पत्र दिनांक 31/03/2023 दस्तावेज क्रमंक एमपी08952023ए11884750 के द्वारा क्रय किया था एवं श्रीमती अनिता यादव एवं श्रीमती संगीता यादव पत्नी जागेश्वर प्रसाद यादव से विक्रय पत्र दिनांक 29/07/2005 दस्तावेज क्रमांक 430 के द्वारा क्रय किया था एवं अब श्रीमती रानी श्रीवास्तव के द्वारा उक्त संपत्ति को बैंक में बंधक रखकर ऋण प्राप्त किया जा रहा है। अत: जिस किसी भी वित्तीय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था या कोई व्यक्ति जो उक्त संपत्ति पर अपना दखल रखता हो या किसी भी तरह की कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिन के अंदर निम्न पते पर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेजों सहित पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित करें अन्यथा समय सीमा उपरांत श्रीमती रानी श्रीवास्तव द्वारा अपने पक्ष में विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा तथा बाद मियाद कोई भी आपत्ति श्रीमती रानी श्रीवास्तव पर बंधनकारी/मान्य नहीं होगी।

**महेन्द सपकाल, एडवोकेट**
**म.प्र. हाईकोर्ट, जबलपुर**
**31 भीम नगर ग्वारीघाट रोड जबलपुर म.प्र.**
**मो.नं.- 9300405041,**
र.नं. 995

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार-एयू स्माल फाइनेंस बैंक, महानद्दा, जबलपुर के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि श्री बसंत लाल पिता श्री कन्हैया लाल निवासी मंडला जो कि- जिला मंडला स्थित नजूल भूमि शीट नं. 18 डी प्लाट नं. 13/5 में से 443/4 व.फु. एवं 13/19 में से 260 व.फु. कुल क्षेत्रफल 3603/4 व.फु. नगर पालिका मंडला जिला मंडला (म.प्र.) स्थित संपत्ति पर मालिक काबिज हैं जो उन्हें म.प्र. शासन द्वारा पट्टा पर प्राप्त हुई है जिसकी पट्टा अवधी 30.04.2008 को प्रारंभ हो कर 31.03.2038 को समाप्त होगी। म.प्र. शासन एवं श्री बसंत लाल पिता श्री कन्हैया लाल के मध्य उक्त सम्पत्ति का पट्टा हस्तांतरण पत्र दिनांक 02/05/2008 को निष्पादित हो कर ग्रन्थ क्रमांक 4214 दस्तावेज क्रमांक 250 उप पंजीयक कार्यालय जिला मंडला में दर्ज है। निष्पादित पट्टा हस्तांतरण पत्र की मूल प्रति कहीं गुम हो चुकी है जो आज दिनांक तक प्राप्त नहीं हुई है। इसकी सुचना श्री बसंत लाल द्वारा सम्बंधित थाना में दी जा चुकी है। उक्त संपति से सम्बंधित दस्तावेजों को मेरे पक्षकार एयू स्माल फाइनेंस बैंक, महानद्दा, जबलपुर में बंधक रखकर ऋण प्राप्त करना प्रस्तावित है। यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था आदि को कोई आक्षेप या आपत्ति है, तो वह मेरे समक्ष या मेरे पक्षकार एयू स्माल फाइनेंस बैंक, महानद्दा, जबलपुर के समक्ष इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के बीतर मय दस्तावेजी प्रमाण पेश कर अपना आक्षेप या आपत्ति पेश कर सकता है अन्यथा यह समझा जायेगा कि किसी भी व्यक्ति या संस्था को उपरोक्त संपत्ति के बंधक रखने पर कोई आक्षेप या आपत्ति नहीं है एवं उक्त समयावधि बीत जाने के उपरांत किसी भी आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

स्थान - जबलपुर
दिनांक-20/08/2023

**सौहार्द कुलश्रेष्ठ, एडवोकेट**
**म.प्र. हाईकोर्ट, जबलपुर**
**निवास/आफिस- जैन मंदिर के पास, कंचनार विहार के बाजू से विजय नगर, जबलपुर म.प्र.**
**मो.नं.- 94253-85895, 88273-88855**
र.नं. 992

# देश-प्रदेश

## उवाच


### उड़ान योजना का वादा भी निकला हवा-हवाई

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार की उड़ान योजना की हवा निकाल दी है। उन्होंने कैग (ऑडिटर एंड कंट्रोलर जनरल) की रिपार्ट का हवाला दे दावा किया कि 93 फीसदी रूट पर उड़ान योजना काम ही नहीं कर रही है। बतादें कि केंद्र सरकार ने 21 अक्टूबर 2016 को उड़ान योजना शुरू की थी। इसमें टीयर-2 और टीयर-3 शहरों में जनता को किफायती दरों पर हवाई सेवा उपलब्ध कराने की बता कही गई थी। खड़गे ने कहाकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार का हवाई चप्पल पहनने वालों को हवाई यात्रा करने में सक्षम बनाने का वादा उनके अन्य सभी वादों की तरह पूरा नहीं हुआ है। यह कांग्रेस पार्टी नहीं बल्कि कैग ने खुलासा किया है।



## सार-समाचार

### कांग्रेस ने सिर्फ नारा दिया, भाजपा ने 14 करोड़ लोगों को गरीबी से मुक्ति दिलाई



**ग्वालियर, देशबन्धु।** इंदिरा गांधी जब प्रधानमंत्री थी तब देश सुनता था कि गरीबी हटाएंगे। सरकारें बदलती रहीं पर गरीबी नहीं हटी, लेकिन मुझे यह कहते हुए खुशी है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 9 साल में 14 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं और प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के नेतृत्व में 1.36 करोड़ लोगों को गरीबी से मुक्ति मिली हैं, यह बड़ी उपलब्धि है। यह बात केन्द्रीय मंत्री एवं प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नरेन्द्र सिंह तोमर ने आज ग्वालियर में आयोजित पत्रकार-वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस नेतृत्वहीनता से कांग्रेस गुजर रही है। जहां तक कांग्रेस का सवाल है तो उनके पास न तो विषय है और न ही कोई मुद्दा है। वो कुछ भी असत्य आरोप लगाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन जनता उनके बहकावे में आने वाली नहीं है। मैं कांग्रेस से कहना चाहता हूं कि किसी उपलब्धि पर जिक्र करना चाहते हैं तो करना चाहिए। 2003 के पहले कांग्रेस की क्या उपलब्धि थी, 2014 से पहले कांग्रेस के समय केन्द्र सरकार की क्या उपलब्धि थी, चुनाव में यह सब जनता के समक्ष परोसेंगे तो स्वस्थ प्रतिष्पर्धा होगी।

### ईडी ने 24 अगस्त को हेमंत सोरेन को बुलाया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमीन हड़पने के एक मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 24 अगस्त को पेश होने के लिए बुलाया है। इससे पहले, सोरेन को 14 अगस्त को जांच में शामिल होने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्?होंने एजेंसी से और समय मांगा। इससे पहले अवैध खनन मामले में मुख्यमंत्री से ईडी के रांची कार्यालय में उनकी पत्नी समेत करीब 10 घंटे तक पूछताछ की गयी थी। जमीन कब्जा मामले में ईडी ने एक आईएएस अधिकारी समेत 13 लोगों को गिरफ्तार किया है।

### पत्रकार हत्या मामले में 4 गिरफ्तार

**अररिया।** बिहार के अररिया जिला के रानीगंज में शुक्रवार को एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार विमल कुमार यादव की हत्या के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक मृतक विमल के पिता हरेन्द्र प्रसाद सिंह के बयान के आधार पर रानीगंज थाना में इस मामले की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। दर्ज प्राथमिकी में 8 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि 8 नामजद आरोपियों में से शुक्रवार की रात 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों में भरगामा थाना के भरना निवासी विपिन यादव, रानीगंज के बेलसारा निवासी भवेश यादव और आशीष यादव तथा रानीगंज थाना के कोशिकापुर निवासी उमेश यादव शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि नामजद आरोपियों में से दो आरोपी रूपेश यादव फिलहाल सुपौल जेल में तथा कांति यादव अन्य मामलों में अररिया जेल में बंद है।

#### शाह आज जारी करेंगे राज्य सरकार का रिपोर्ट कार्ड

## विकास कार्यों, उपलब्धियों और योजनाओं का रखा जाएगा ब्यौरा



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा के वरिष्ठ नेता केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह रविवार को भोपाल में प्रदेश सरकार का रिपोर्ट कार्ड जारी करेंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा इस अवसर पर मौजूद रहेंगे। इस रिपोर्ट कार्ड में 2003 से लेकर 2023 तक भाजपा सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों, उपलब्धियों और योजनाओं का ब्यौरा रखा जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री शाह रविवार को वायुसेना के विमान से दोपहर 12:05 बजे भोपाल पहुँचेंगे। वे कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में दोपहर 12:25 से 1:25 तक गरीब कल्याण महा-अभियान के 20 वर्ष पर रिपोर्ट कार्ड जारी करेंगे। श्री शाह दोपहर 2:40 बजे भोपाल से रवाना होकर दोपहर 3:30 बजे ग्वालियर पहुँचेंगे और यहां प्रदेश भाजपा कार्य समिति की बैठक में शामिल होंगे।

इस बैठक का शुभारंभ पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश करेंगे। जबकि समापन शाम 4 बजे केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह करेंगे। प्रदेश कार्य समिति की इस बैठक में प्रदेश भर के करीब डेढ़ हजार पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। प्रदेश में नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों की दृष्टि से यह बैठक काफी महत्वपूर्ण है।

## सात तरह के वैज्ञानिक पेलोड लेकर जाएगा 'आदित्य-एल1'

**चेन्नई, एजेंसी।** अगले कुछ दिनों में अंतरिक्ष की उड़ान भरने वाला भारत का पहला सौर अन्वेषण मिशन 'आदित्य-एल1 उपग्रह' सूर्य का व्यवस्थित अध्ययन करने के लिए सात वैज्ञानिक पेलोड ले जाएगा। खास बात यह है कि यह सभी पेलोड देश की ही विभिन्न प्रयोगशालाओं में विकसित किए गए हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्र ने कहा कि आदित्य-एल1 मिशन सूर्य का व्यवस्थित अध्ययन करने के लिए सात वैज्ञानिक पेलोड का एक सूट ले जायेगा। इनमें सौर कोरोना और कोरोनल मास इजेक्शन की गतिशीलता का अध्ययन करने के लिए विजिबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ, अल्ट्रा-वायलेट के निकट सौर प्रकाशमंडल और क्रोमोस्फीयर की तस्वीरें लेने तथा यूवी के निकट सौर विकिरण भिन्नता को भी मापने के लिए सौर अल्ट्रा-वायलेट इमेजिंग टेलीस्कोप पेलोड है। जबकि सौर पवन और उनका ऊर्जा वितरण का अध्ययन करने के लिए आदित्य सोलर विंड पार्टिकल एक्सपेरिमेंट (एएसपीईएक्स) और प्लाज़्मा एनालाइज़र पैकेज फॉर आदित्य (पीएपीए)पेलोड हैं। इसी तरह ऊर्जा रेंज में सूर्य से आने वाली एक्स-रे फ्लेयर्स का अध्ययन करने के लिए सोलर लो एनर्जी एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर (एसओएलइएक्सउस) और हाई एनर्जी एल-1 ऑर्बिटिंग एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर विस्तृत एक्स-रे हैं। अंतरग्रहीय चुंबकीय क्षेत्र को मापने के लिए सक्षम मैग्नेटोमीटर पेलोड लगा है। आदित्य-एल1 के सभी वैज्ञानिक पेलोड देश में विभिन्न प्रयोगशालाओं द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किए गए हैं। वीईएलसी उपकरण भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान, बैंगलोर में विकसित किया गया है, एसयूआईटी उपकरण इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स, पुणे में ,जबकि भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद ने एएसपीईएक्स उपकरण बनाया है जबकि अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला, विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र ने पीएपीए पेलोड विकसित किया है। सभी पेलोड इसरो के विभिन्न केंद्रों के निकट सहयोग से विकसित किए गए हैं।

## लाड़ली बहना योजना है जिंदगी बदलने का मिशन : शिवराज

### 63 करोड़ 49 लाख रुपये के कार्यों का भूमि-पूजन, 67करोड़ 63 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का लोकार्पण



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि लोग जो कहते हैं वह सरकार करती है। लाड़ली बहना जैसी योजना जिंदगी बदलने का मिशन है, जिसने बहनों की जिंदगी बदल दी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान सीहोर जिले के छीपानेर में छोटे छीपानेर से बड़े छीपानेर को जोड़ने वाले रामलखन सेतु के लोकार्पण के साथ 63 करोड़ 49 लाख रूपये के कार्यों का भूमि-पूजन और 67 करोड़ 63 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का लोकार्पण करने के बाद ग्रामीणों से संवाद कर रहे थे।

उन्होंने 7 आश्रित को अनुकम्पा नियुक्ति के आदेश भी प्रदान किए। कृषि विकास एवं किसान-कल्याण मंत्री कमल पटेल और अन्य जन-प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लोगों की जिंदगी बदलना ही उनका मिशन है। पूरा जीवन लोगों के कल्याण में लगाकर उनका जीवन सार्थक हुआ है। लाड़ली बहना योजना के रूप में बहनों के कल्याण के लिए जो दुनिया में कहीं नहीं हुआ, वह मध्यप्रदेश में हुआ है। उन्होंने बहनों से कहा कि यह एक हजार रुपए नहीं है यह महिलाओं की समाज और परिवार में सम्मान तथा इज्जत का प्रतीक है। बहनों की मजबूरी उन्होंने देखी है।

योजना की एक हजार रूपये की राशि को बढ़ा कर 3000 प्रति महीने करूंगा। उन्होंने बहनों से कहा कि वे 27 तारीख को होने वाले रक्षा-बंधन कार्यक्रम से जुड़े।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना और आवास प्लस में जिन गरीबों के नाम नहीं आए हैं, वे चिंता नहीं करें। प्रदेश में कोई भी बिना पक्के आवास के नहीं रहेगा, जिनके पास जमीन नहीं है और जिनके कच्चे मकान है उन सबको पक्के मकान दिए जायेंगे।

#### लोकसभा चुनाव 2024

## विपक्षी गठबंधन इंडिया की अगली बैठक 31 अगस्त व एक सितंबर को

### सीटों के बंटवारे पर होगी बात

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बने विपक्षी समावेशी गठबंधन इंडिया की 31 अगस्त व 1 सितंबर को होने वाली तीसरी बैठक में सीटों के बंटवारे के फॉर्मूले पर बात होने की संभावना है। इसमें कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों के बीच आम सहमति बनाने का प्रयास होगा। हालांकि, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का कहना है कि यूपी में जहां सपा मजबूत होगी, वहां सपा ही लड़ेगी। इंडिया में जो सभी दलों की भूमिका होगी, वही सपा की भी होगी।



#### केंद्र और राज्य सूचना आयोगों को जारी किया निर्देश

## आरटीआई के तहत सूचनाएं प्रदान करें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सूचना आयोगों को निर्देश जारी कर कहा है कि वे यह तय करें कि सार्वजनिक अधिकारी आरटीआई के तहत मांगी गई सूचनाओं को प्रदान करें। सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़, जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जे.बी. पारदीवाला की पीठ ने केंद्रीय सूचना आयोग और राज्य सूचना आयोगों को आरटीआई अधिनियम की धारा 4 के अधिदेश के कार्यान्वयन की निरंतर निगरानी करने का निर्देश दिया। सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 4 में कहा गया है कि सभी सार्वजनिक प्राधिकरण स्वत: संज्ञान लेकर सूचना का खुलासा करने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे।जनता नियमित अंतराल पर इंटरनेट और अन्य माध्यमों का उपयोग कर रही है। इस तरह के प्रावधान को लागू करने का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि जानकारी उपलब्ध हो। आरटीआई कार्यकर्ता व वकील केसी जैन ने जनहित याचिका को शीर्ष अदालत के समक्ष प्रस्तुत करते हुए कहा कि पिछले चार वर्षों में किए गए पारदर्शिता ऑडिट से पता चलता है कि खुलासे कानून के अनुसार नहीं किए गए।

## सुको ने 16-18 साल की उम्र में सहमति से यौन संबंध को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र से मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 16 से 18 साल की उम्र के बीच सहमति से यौन संबंध को अपराध मानने वाले वैधानिक दुष्कर्म कानूनों को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र को नोटिस जारी कर याचिका पर जवाब देने को कहा।

याचिकाकर्ता हर्ष विभोर सिंघल एक वकील हैं। उन्होंने अपनी जनहित याचिका में वैधानिक दुष्कर्म कानूनों को चुनौती दी है, जो शारीरिक, जैविक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक क्षमता रखने वाले 16 से 18 साल के बच्चों के बीच सहमति से यौन संबंध बनाने को अपराध मानते हैं।

याचिका में कहा गया है कि यह याचिकाकर्ता का मानना है कि सहमति से गैर-शोषणकारी यौन गतिविधि के लिए किशोरों के खिलाफ आपराधिक प्रतिबंध अनुचित हैं। 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्तियों से जुड़ा यौन संबंध वास्तव में सहमति से हो सकता है, भले ही कानून में न हो। इसलिए, आपराधिक कानून को लागू करने से ऐसे व्यक्तियों के अधिकारों और क्षमता को प्रतिबिंबित करना चाहिए, ताकि वे सहमति से यौन संबंध बनाने के बारे में निर्णय ले सकें।

याचिकाकर्ता ने कहा कि उन्होंने इस विषय पर दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है, लेकिन हाई कोर्ट ने कहा कि उनके पास सहमति से यौन संबंध के लिए दिशानिर्देश तय करने की शक्ति नहीं है और यह सबसे अच्छा है कि याचिकाकर्ता सुप्रीम कोर्ट जाएं।

शीर्ष अदालत में अपनी याचिका में, याचिकाकर्ता ने विशाखा की तर्ज पर बाध्यकारी दिशानिर्देशों और सिद्धांतों का एक सेट विकसित करने और घोषित करने के लिए निर्देश जारी करने की मांग की। याचिकाकर्ता ने यह निर्देश देने की भी मांग की कि यदि वैधानिक दुष्कर्म के लिए कोई आपराधिक मामला दर्ज किया जाता है, तो पुलिस रिपोर्ट को एक सीलबंद कवर में रखा जाएगा और वैधानिक दुष्कर्म के कानून के तहत कोई भी आगे की कार्यवाही तब तक नहीं की जाएगी, जब तक कि सीएबी 18 साल से कम उम्र के किशोरों की वयस्क या नाबालिग स्थिति के संबंध में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं कर देती।

#### अलग अंदाज में नजर आए कांग्रेस नेता

## राहुल ने लेह से पैंगोंग झील तक बाइक दौड़ाई

**लेह।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी लद्दाख की यात्रा पर हैं। कांग्रेस नेता की बाइक राइड करते हुए कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। राहुल गांधी ने शनिवार को लेह शहर से सुरम्य पैंगोंग झील तक अपनी केटीएम 390 ड्यूक बाइक दौड़ाई।

इस दौरान राहुल गांधी का अंदाज एकदम अलग नजर आया। राहुल गांधी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट भी किया। राहुल गांधी ने लिखा कि पैंगोंग झील जा रहा हूं। मेरे पिता कहा करते थे कि ये दुनिया की सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है। राहुल ने लेह, लद्दाख और पैंगोंगत्सो के हैशटैग का भी इस्तेमाल किया। कांग्रेस नेता गुरुवार को लेह पहुंचे थे, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। वह 25 अगस्त तक लद्दाख में रहेंगे। शुक्रवार को उन्होंने लेह में युवाओं से बातचीत की और एक फुटबॉल मैच में भी हिस्सा लिया। रविवार को राहुल गांधी अपने दिवंगत पिता और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर पैंगोंग झील पर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे।

बाद में वह कारगिल भी जाएंगे और वहां एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करेंगे। इस साल की शुरुआत में राहुल गांधी दिल्ली की करोल बाग बाइक मार्केट पहुंचे थे। यहां पर राहुल गांधी ने जिक्र किया था कि उनके पास ड्यूक 390 बाइक है, लेकिन सुरक्षा चिंताओं के कारण वह शहर में शायद ही इसे चला पाते हैं।

## मध्य प्रदेश सरकार की जमीन की अवैध बिक्री से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने की छापेमारी, नकदी जब्त

**नई दिल्ली।** 151 करोड़ रुपये से अधिक की राज्य सरकार की जमीन की कथित अवैध बिक्री की मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत मध्य प्रदेश के धार जिले में छापेमारी के बाद लगभग 26 लाख रुपये नकद और कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए। प्रवर्तन निदेशालय ने इसकी जानकारी शनिवार को दी।

एक बयान में कहा गया कि धन शोधन निवारण अधिनियम की आपराधिक धाराओं के तहत इस सप्ताह की शुरुआत में उक्त जिले में आठ परिसरों में तलाशी ली गई। श्रेष्ठ ने कहा कि विचाराधीन भूमि धार के तत्कालीन महाराजा आनंद राव पवार द्वारा कनाडाई प्रेस्बिटेरियन मिशन के डॉ. मार्गरेट ओहारा को महिला अस्पताल और डॉक्टरों के लिए आवासीय सुविधा स्थापित करने के एकमात्र उद्देश्य के लिए दी गई थी। इसमें कहा गया है कि आरोपियों ने एक-दूसरे के साथ मिलकर मध्य प्रदेश सरकार की कई एकड़ बेशकीमती जमीन को अवैध रूप से बेच दिया और आज की तारीख में, इस भूमि पार्सल का बाजार मूल्य 151 करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है।

एजेंसी ने कहा, इन जमीनों को अलग कर दिया गया और बाद में विभिन्न आरोपी व्यक्तियों को बेच दिया गया, जिससे मध्य प्रदेश सरकार को भारी नुकसान हुआ। इसमें कहा गया है कि तलाशी के दौरान लगभग 26 लाख रुपये नकद, अवैध रूप से अर्जित अचल संपत्तियों का विवरण और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए।


## निविदा / नियुक्ति / जाहिरात

### नाम सुधार

मैं संचय बोस पिता शंकर नाथ बोस निवासी-ब्लॉक ए, फ्लेट नं. 302, 3 फ्लोर, अनमोल आशियाना, वार्ड नं. 21, विजय नगर, जबलपुर, म. प्र. का निवासी हूँ। आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में मेरे पिता का नाम शंकर नाथ बोस नाम दर्ज है, जबकि 10वीं,12वीं और ड्रायविंग लाइसेंस में मेरे पिता का नाम शंकर बोस दर्ज है। शंकर नाथ बोस (SHANKAR NATH BOSE) एवं शंकर बोस (SHANKAR BOSE) उक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरे पिता के ही नाम हैं। मेरे पिता का नाम शंकर नाथ बोस को दर्ज कर पासपोर्ट की समस्त कार्यवाही को पूर्ण किया जावे।

**शंकर नाथ बोस (वर्तमान नाम)**
**शंकर बोस (पुराना नाम)**

PARWATI

### कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र जबलपुर

नेताजी सुभाषचन्द्र बोस मेडिकल कालेज के पास धनवंतरी नगर जबलपुर-482003
ई-मेल- eohbjbp@mp.gov.in
फोन नंबर:- 0761-2670707

**फ्री-होल्ड की आपत्ति आमंत्रण हेतु सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया है कि त्रिमूर्ति नगर कालोनी नरसिंहपुर स्थित भवन क्रमांक एम.आई.जी.-08 श्रीमति इन्द्रजीत कौर अरोरा पति स्व. श्री अजीत सिंह अरोरा के द्वारा उक्त भवन को फ्री-होल्ड करने हेतु नियमानुसार निर्धारित राशि जमा कर इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा श्रीमति इन्द्रजीत कौर अरोरा पति स्व. श्री अजीत सिंह अरोरा को त्रिमूर्ति नगर कालोनी नरसिंहपुर स्थित भवन क्रमांक एम.आई.जी.-08 फ्री-होल्ड किया जावेगा एवं किसी भी संस्था/व्यक्ति का दावा मान्य नहीं होगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र जबलपुर

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं ARMY N0 JC-453920M, RANK-SUB, NAME- KHEM CHAND, UNIT-GRC JABALPUR MP 482001 (12 GRENADIERS) निवासी VILLAGE- DANDHAL, POST- SAMRAHAN, TEH- KOTLI, DISTT- MANDI, STATE- H.P. PIN- 175003 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम MEHAK दर्ज है जो कि गलत है। मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम MEHAK THAKUR है जो कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है एवं मेरी पुत्री के इस नाम MEHAK THAKUR को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

गलत नाम- MEHAK
सही नाम- MEHAK THAKUR

### नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना

I Army No JC-583171L Rank-SUB(HONY L T) Name-JUGAL KISHOR of presently residing at Vill- BHAROG BANERI, PO-BHAROG BANERI, TEH- PAONTA SAHIB, DISTT- SIRMOUR (HP) PIN- 173022 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी माता का नाम JAI WANTI DEVI दर्ज है जो कि गलत है। मेरी माता का सही एवं वास्तविक नाम JAY MANTI है जो कि मेरी माता के आधार कार्ड व एवं अन्य कागजातों में दर्ज है एवं मेरी माता के इस नाम JAY MANTI को पढ़ा व सुना जाए एवं मेरे सर्विस रिकॉर्ड में दर्ज किया जावे और मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता की जन्मतिथि 29/08/1930 दर्ज है जो कि गलत है मेरी माता की सही एवं वास्तविक जन्मतिथि 01/01/1935 है जो कि मेरी माता के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है एवं मेरी माता की इस जन्मतिथि 01/01/1935 को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र NO 36AA 755569 दिनांक 19/08/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.।

गलत नाम-JAY WANTI DEVI
गलत जन्मतिथि-29/08/1930
सही नाम-JAY MANTI
सही नाम-01/01/1935

### नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना

I Army No 13764498Y Rank-HAV Name-HARDEV SINGH of presently residing at Vill- MEHMOODPUR, PO- HARDOKHUNDPUR, TEH- MUKERIAN, DISTT- HOSHIARPUR (PB) PIN- 144306 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरे पिताजी का नाम RASHPAL SINGH दर्ज है जो कि गलत है। मेरे पिताजी का सही एवं वास्तविक नाम RASPAL SINGH है जो कि मेरे पिता के आधार कार्ड व एवं अन्य कागजातों में दर्ज है एवं मेरे पिता के इस नाम RASPAL SINGH को पढ़ा व सुना जाए एवं मेरे सर्विस रिकॉर्ड में दर्ज किया जावे और मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पिता की जन्मतिथि 01/09/1951 दर्ज है जो कि गलत है मेरे पिता की सही एवं वास्तविक जन्मतिथि 12/03/1954 है जो कि मेरे पिता के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है एवं मेरे पिता की इस जन्मतिथि 12/03/1954 को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र NO 36AA 755571 दिनांक 19/08/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.।

गलत नाम-RSAHPAL SINGH
गलत जन्मतिथि-01/09/1951
सही नाम-RASPAL SINGH
सही नाम-12/03/1954

### नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना

I Army No 13764498Y Rank-HAV Name-HARDEV SINGH of presently residing at Vill- MEHMOODPUR, PO- HARDOKHUNDPUR, TEH- MUKERIAN, DISTT- HOSHIARPUR (PB) PIN- 144306 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी माता का नाम SHAKUNTALA DEVI दर्ज है जो कि गलत है। मेरी माता का सही एवं वास्तविक नाम SKUNTILA DEVI है जो कि मेरी माता के आधार कार्ड व एवं अन्य कागजातों में दर्ज है एवं मेरी माता के इस नाम SKUNTILA DEVI को पढ़ा व सुना जाए एवं मेरे सर्विस रिकॉर्ड में दर्ज किया जावे और मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता की जन्मतिथि 01/09/1956 दर्ज है जो कि गलत है मेरी माता की सही एवं वास्तविक जन्मतिथि 01/01/1957 है जो कि मेरी माता के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है एवं मेरी माता की इस जन्मतिथि 01/01/1957 को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र NO 36AA 755570 दिनांक 19/08/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.।

गलत नाम-SHAKUNTALA DEVI
गलत जन्मतिथि-01/09/1956
सही नाम-SKUNTILA DEVI
सही नाम-01/01/1957

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं ARMY N0 2694147W, RANK-HAV, NAME- DHARMENDER SINGH, UNIT-4 GRENADIERS निवासी VILLAGE- SIANA, POST- SIANA, TEH- KANINA, DISTT- MAHINDER GARH, STATE- (HARYANA) PIN- 123027 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माताजी का नाम SHAKUNTALA DEVI दर्ज है जो कि गलत है। मेरी माताजी का सही एवं वास्तविक नाम SHAKUNTALA है जो कि मेरी माताजी के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है एवं मेरी माताजी के इस नाम SHAKUNTALA को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

गलत नाम- SHAKUNTALA DEVI
सही नाम- SHAKUNTALA

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं ARMY N0 2691583H, RANK-HAV, NAME- JITENDER KUMAR, UNIT-18 GRENADIERS R/O VILLAGE- JUI BICHLI, POST- JUI KHURD, TEH- BHIWANI, DISTT- BHIWANI, STATE- (HARYANA) PIN-127030 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम PARMILA DEVI दर्ज है जो कि गलत है। मेरी पत्नी का सही एवं वास्तविक नाम PARMILA है जो कि मेरी पत्नी के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है एवं मेरी पत्नी के इस नाम PARMILA को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

गलत नाम- PARMILA DEVI
सही नाम- PARMILA

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं ARMY N0 2694002L, RANK-HAV, NAME- SHAKIL AHMED, UNIT- 21 GRENADIERS R/O VILLAGE- PITHUSAR, POST- PITHUSAR, TEH- MALSISAR, DISTT- JHUNJHUNU, STATE- (RAJ) PIN-331028 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पिताजी का नाम SHABIR ALI KHAN दर्ज है जो कि गलत है। मेरे पिताजी का सही नाम SHABIR ALI है जो कि उनके आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है एवं मेरे पिताजी के इन नाम को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

गलत नाम- SHABIR ALI KHAN
सही नाम- SHABIR ALI

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र./ स.क्र.11/19-20.. दि. 19/08/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अतुल कुमार सोनी पिता श्री गनेश प्रसाद सोनी (2) श्रीमती सोनल सराफ पति श्री अतुल कुमार ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई बार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं. 17 स्विस विलास फेस-1 के पिन क्रमांक 1004520586 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 1103 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल ... व.फु. प्रथम तल ... व.फु. द्वितीय तल... वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज सी.एम.बी. बिल्डकॉम द्वारा पार्टनर संदीप विजन का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार (1) श्री राजेन्द्र विश्वकर्मा पिता श्री रामगोपाल विश्वकर्मा (2) श्री श्रीमती मोनिका विश्वकर्मा पति श्री राजेन्द्र विश्वकर्मा दोनों निवासी - म.नं. 882/ए, अंजनी परिसर के पास, बृज स्वीट्स के सामने गौतम गंज गढ़ा जबलपुर वालो ने संपत्ति प्लाट नगर निगम नंबर 913 जेडीए, जबलपुर विकास प्राधिकरण की स्कीम नंबर 06, संजीवनी नगर, प्लाट नंबर 913 का प्लाट ऐरिया 40' X 60' =2400 वर्गफुट जिसमें बाउन्ड्रीवाल बनी हुई है जो आवासीय उपयोग का संजीवनी नगर एवं जे.डी.ए. स्कीम नंबर 06, वीर सावरकर वार्ड जबलपुर में स्थित है। जिसके उत्तर 30 फुट कालोनी साईड रोड, दक्षिण में प्लाट नंबर 923ए, पूर्व में प्लाट नंबर 912, पश्चिम में प्लाट नंबर 914 ( जैन मंदिर) है को क्रय करने का अनुबंध संपत्ति स्वामी (1) श्रीमती गीता बाजपेई पति स्व. आशुतोष बाजपेई स्वयं मुख्यारआम (2) श्रीमती दीप्ति बाजपेई (3) श्री जयशंकर बाजपेई (2) व (3) के पिता स्व. आशुतोष बाजपेई सभी निवासी - प्लाट नंबर 39, शताब्दीपुरम, स्कीम नं. 11, विजय नगर, जबलपुर वालों से किया है जिसके विक्रय पत्र का पंजीयन निकट भविष्य में हमारे पक्षकार द्वारा संपत्ति स्वामी से निष्पादित कराया जाना है। अत: उपरोक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म बैंक या वित्तीय सस्था, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, कोई उजर दावा आपत्ति हो तो मय मूल दस्तावेज सहित प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर कार्यालयीन समय में मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। 15 दिवस बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का निष्पादन करा लिया जावेगा।

जबलपुर, दिनांक 19/08/2023

नवीन पाठक, एडवोकेट
म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर
कार्या.-कछपुरा ओवर ब्रिज, यादव कालोनी रोड, जबलपुर म.प्र.
मो.नं.- 9329542101
र.नं. 993 कार्या. समय- सुबह 8 से 10 बजे तक

# साहित्य

कहानी

# पुल पर बैठा बूढ़ा

अमेरिकी कहानी

■ अर्नेस्ट हेमिंग्वे

स्टील के फ़्रेम वाला चश्मा पहने एक बूढ़ा आदमी सड़क के किनारे बैठा था। उसके कपड़े धूल-धूसरित थे। नदी पर पीपों का पुल बना हुआ था और घोड़ा-गाड़ियाँ, ट्रक, मर्द, औरतें और बच्चे उस पुल को पार कर रहे थे। घोड़ा-गाड़ियाँ नदी की खड़ी चढ़ाई वाले किनारे से लड़खड़ाकर पुल पर चढ़ रही थीं। सैनिक पीछे से इन गाड़ियों को धक्का दे रहे थे। ट्रक अपनी भारी घुरघुराहट के साथ यह कठिन चढ़ाई तय कर रहे थे और किसान टखने तक की धूल में पैदल चलते चले जा रहे थे। लेकिन वह बूढ़ा आदमी बिना हिले-डुले वहीं बैठा हुआ था। वह बेहद थक गया था इसलिए आगे कहीं नहीं जा सकता था।

पुल को पार कर के यह देखना कि दुश्मन कहाँ तक आ पहुँचा है, यह मेरी ज़िम्मेदारी थी। आगे तक का एक चक्कर लगाकर मैं लौटकर पुल पर आ गया। अब पुल पर ज़्यादा घोड़ा-गाड़ियाँ नहीं थीं, और पैदल पुल पार करने वालों की संख्या भी कम थी। पर वह बूढ़ा अब भी वहीं बैठा था।

'आप कहाँ के रहने वाले हैं ?' मैंने उससे पूछा ।

'मैं सैन कार्लोस से हूँ' उसने मुस्कराकर कहा ।

वह उसका अपना शहर था । उसका ज़िक्र करने से उसे खुशी होती थी, इसलिए वह मुस्कराया ।

'मैं अपने जानवरों की देखभाल कर रहा था' उसने बताया ।

'ओह' मैंने कहा, हालाँकि मैं पूरी बात नहीं समझ पाया ।

'हाँ, मैं जानवरों की देख-भाल करने के लिए वहाँ रुका रहा । सैन कार्लोस शहर को छोड़कर जाने वाला मैं आख़िरी आदमी था।'

वह किसी गड़ेरिए या चरवाहे जैसा नहीं दिखता था। मैंने उसके मटमैले कपड़े और धूल से सने चेहरे और उसके स्टील के फ़्रेम वाले चश्मे की ओर देखते हुए पूछा -- 'वे कौन से जानवर थे ?'

'कई तरह के' उसने अपना सिर हिलाते हुए कहा, 'मुझे उन्हें छोड़कर आना पड़ा ।'

मैं पुल पर हो रही आवाजाही और आगे एब्रो के पास नदी के मुहाने वाली ज़मीन और अफ़्रीकी-से लगते दृश्य को ध्यान से देख रहा था। मन-ही-मन मैं यह आकलन कर रहा था कि कितनी देर बाद मुझे शोर का वह रहस्यमय संकेत मिलेगा, जब दोनों सेनाओं की आमने-सामने भिड़न्त होगी। किन्तु वह बूढ़ा अब भी वहीं बैठा हुआ था ।

'वे कौन-से जानवर थे ?' मैंने दोबारा पूछा ।

'कुल तीन जानवर थे, 'उसने बताया' दो बकरियाँ थीं और एक बिल्ली थी और इनके अलावा कबूतरों के चार जोड़े थे ।'

'और आपको उन्हें छोड़कर आना पड़ा ?' मैंने पूछा ।

'हाँ, तोप की गोलाबारी के डर से । फ़ौज के कप्तान ने मुझे तोप की मार से बचने के लिए वहाँ से चले जाने को कहा था ।'

'क्या आपका परिवार नहीं है?' मैंने पूछा । मैं पुल के दूसरे छोर पर आख़िरी घोड़ा-गाड़ियों को किनारे की ढलान से तेज़ी से नीचे उतरते हुए देख रहा था।

'नहीं' उसने कहा, 'मेरे पास सिर्फ़ जानवर थे। उनमें से बिल्ली तो, ख़ैर, अपना ख़याल ख़ुद रख लेगी, लेकिन मेरे बाक़ी जानवरों का क्या होगा, मैं नहीं जानता ।'

'आप किस पार्टी के समर्थक हैं ?' मैंने पूछा ।


'सियासत में मेरी कोई दिलचस्पी नहीं है' -- वह बोला -- 'मैं छिहत्तर साल का हूँ। मैं बारह किलोमीटर पैदल चलकर यहाँ आया हूँ, और अब मुझे लगता है कि मैं और आगे नहीं जा सकता ।'

' लेकिन यह जगह रुकने के लिए अच्छी जगह नहीं है' मैंने कहा।' अगर आप चल सकें तो आगे सड़क पर आपको वहाँ ट्रक मिल जाएँगे, जहाँ से टौर्टोसा के लिए एक और सड़क निकलती है ।'

'मैं यहाँ कुछ देर रुकूँगा' उसने कहा । 'और फिर मैं यहाँ से चला जाऊँगा। ट्रक किस ओर जाते हैं ?'

'बार्सीलोना की ओर' मैंने उसे बताया ।

'उस ओर तो मैं किसी को नहीं जानता।' उसने कहा, 'लेकिन आपका शुक्रिया। आपका बहुत-बहुत शुक्रिया।

उसने खोई और थकी हुई 

पुल को पार कर के यह देखना कि दुश्मन कहाँ तक आ पहुँचा है, यह मेरी ज़िम्मेदारी थी। आगे तक का एक चक्कर लगाकर मैं लौटकर पुल पर आ गया। अब पुल पर ज़्यादा घोड़ा-गाड़ियाँ नहीं थीं, और पैदल पुल पार करने वालों की संख्या भी कम थी। पर वह बूढ़ा अब भी वहीं बैठा था। 'आप कहाँ के रहने वाले हैं ?' मैंने उससे पूछा । 'मैं सैन कार्लोस से हूँ' उसने मुस्कराकर कहा ।

कहा, 'मुझे यक़ीन है, बिल्ली तो अपना ख़याल रख लेगी। बिल्ली के बारे में फ़िक्र करने की ज़रूरत नहीं। लेकिन बाक़ियों का क्या होगा? बाक़ियों के बारे में आप क्या सोचते हैं ?'

'मुझे तो लगता है कि शायद आपके बाक़ी जानवर और पंछी भी इस मुसीबत से सही-सलामत निकल जाएँगे ।'

'क्या आपको ऐसा लगता है ?'

'क्यों नहीं,' दूर झलक रही नदी के किनारे को देखते हुए मैंने कहा । वहाँ अब कोई घोड़ा-गाड़ी नहीं थी।

'लेकिन वे तोप के गोलों की मार से कैसे बचेंगे ? जब मुझे ही तोप की गोलाबारी की वजह से जाने के लिए कहा गया था?'

'क्या आपने कबूतरों का पिंजरा खुला छोड़ दिया था ?' मैंने पूछा ।

'जी हाँ ।'

'तब तो वे उड़ जाएँगे।'

'जी हाँ, वे ज़रूर उड़ जाएँगे। लेकिन बाक़ियों का क्या होगा? बेहतर होगा कि मैं बाक़ियों के बारे में सोचूँ ही नहीं।' उसने कहा।

'अगर आपने आराम कर लिया हो, तो मैं चलूँ' मैंने कहा। 'अब आप उठकर चलने की कोशिश कीजिए।'

'शुक्रिया' उसने कहा और वह उठ कर खड़ा हो गया, लेकिन उसके थके हुए पैर उसे नहीं सँभाल पाए, और काँपते हुए वह देख-भाल कर रहा था। उसने बेउम्मीदी से कहा, हालाँकि अब वह मुझसे बातचीत नहीं कर रहा था। 'मैं तो केवल अपने जानवरों की देख-भाल कर रहा था।' अब उसके लिए कुछ भी नहीं किया जा सकता था। वह ईस्टर के रविवार का दिन था और फ़ासिस्ट फ़ौजें एब्रो की ओर बढ़ रही थीं। वह बादलों से घिरा सलेटी दिन था। बादल बहुत नीचे तक छाए हुए थे जिनकी वजह से दुश्मन के लड़ाकू जहाज़ उड़ान नहीं भर रहे थे। यह बात और यह तथ्य कि बिल्लियाँ अपनी देख-भाल खुद कर सकती थीं। - उस बूढ़े के पास अच्छी क़िस्मत के नाम पर केवल यही चीज़ें मौजूद थीं।

**( अनुवाद - सुशांत-सुप्रिय )**

व्यंग्य

■ रेखा शाह आरबी

# नेताजी की केंचुली



भगवान.. जाने नेताओं को वह किस मिट्टी से तैयार करता है ! कि वह इतने अजब गजब तैयार होते हैं। कभी शेर जैसे दहाड़ कर दमदार होते हैं, तो कभी गधे के जैसे ढेचू- ढेचू करते रहते और लाचार होते हैं । जाने किस-किस प्राणियों से इनके गुण -दोष, ग्रह नक्षत्र मिलते रहते हैं । यह खुद भी नहीं जानते हैं वह तो मौके बेमौके उजागर होता है । तब इन्हें अपनी खुद की शक्ति का पता लगता है और जनता को ज्ञात होता है। कभी गिरगिट से तो ,कभी लोमड़ी से ,तो कभी सांप से और भी खतरनाक प्राणियों से उनके हावभाव बात व्यवहार मिलते जुलते रहते हैं। लेकिन हम यहां पर सांप की बात करेंगे सांप और नेताओं में यूं तो बहुत सी बाते एक समान एक जैसी है । लेकिन कुछ निम्न बातें गौर करने योग्य है :

❍कभी-कभी तो यह समझ में नहीं आता कि सांप नेता से शिक्षा ग्रहण करता है या नेता सांपों से शिक्षा ग्रहण करके आते हैं । सांप अपना जहर अपने बुरे समय के लिए बचा कर रखता है उसका इस्तेमाल यदा-कदा करता है। नेता भी अपने तरकस के सारे तीक्ष्ण तीर बचा कर रखते हैं अपने विपक्षी पार्टी को पटखनी देने के लिए और घात लगाकर वक्त पर इस्तेमाल करते हैं।

❍सबसे कॉमन बात है दोनों का ही केंचुली उतारना.. सांप जब तब अपनी पुरानी केचुली उतारकर हर बार अपने को नया कर लेता है । और वह ऐसा थोड़ा बढ़ने पर ही करता है । नेता भी हर चुनाव में एक नई केचुली पहन लेते हैं। जनता को दिखाने के लिए.. अपने को पाक साफ बताने के लिए, सब को विश्वास दिलाने के लिए । नेता भी अपनी केंचुली बहुत धीरे-धीरे उतारते हैं जैसे सांप धीरे-धीरे आराम से अपनी केंचुली उतारते है ।अच्छा है सांप कोई चुनाव नहीं लड़ता है।

❍सांप और नेता दोनों ही बहरे होते हैं इन्हें सामान्य तौर पर कोई भी आवाज सुनाई नहीं देती है। सांप हवा में पैदा होने वाली ध्वनि तरंगों को अपने त्वचा से महसूस करके प्रतिक्रिया करता है और नेता हवा में उठने वाली अपने खिलाफ तरंगों को अपनी अद्भुत क्षमता के द्वारा पहचान कर प्रतिक्रिया देते हैं । और उसका निस्तारण करते हैं। उसके अलावा अन्य समय पर शांत और चुपचाप शांति बनाए रखते हैं। चाहे आप उनके सामने ढोल बजाइए या नगाड़ा बजाइए कोई अंतर नहीं पड़ेगा।

❍ कभी-कभी तो यह समझ में नहीं आता कि सांप नेता से शिक्षा ग्रहण करता है या नेता सांपों से शिक्षा ग्रहण करके आते हैं । सांप अपना जहर अपने बुरे समय के लिए बचा कर रखता है उसका इस्तेमाल यदा-कदा करता है। नेता भी अपने तरकस के सारे तीक्ष्ण तीर बचा कर रखते हैं अपने विपक्षी पार्टी को पटखनी देने के लिए और घात लगाकर वक्त पर इस्तेमाल करते हैं।
❍ सांप अपने से तीन गुना बड़े शिकार को भी आसानी से निगल जाता है । नेता भी अपनी आवश्यकता से सौ गुना अधिक माल बिना डकार लिए पचा जाते हैं। एसिडिटी भी नहीं होती और किसी को भनक भी नहीं लगने पाता है । ऐसे ही थोड़ी ना अपने देश में बड़े-बड़े घोटाले हो जाते हैं । और जनता को हवा भी नहीं लग पाती है कि वह लूट चुकी है।

❍सांप अपने से तीन गुना बड़े शिकार को भी आसानी से निगल जाता है । नेता भी अपनी आवश्यकता से सौ गुना अधिक माल बिना डकार लिए पचा जाते हैं। एसिडिटी भी नहीं होती और किसी को भनक भी नहीं लगने पाता है । ऐसे ही थोड़ी ना अपने देश में बड़े-बड़े घोटाले हो जाते हैं । और जनता को हवा भी नहीं लग पाती है कि वह लूट चुकी है। जनता को पता तो तब लगता है जब खेल खत्म पैसा सारा कुछ हजम हो चुका रहता है। जनता के पास हाथ मलने के अलावा कुछ नहीं रहता।

दोनों में और भी बहुत सारी बातें कॉमन है दोनों की रीढ़ बहुत ही लचकदार होती है । जिससे इन दोनों का ही जीना आसान हो जाता है। कभी-कभी तो नेता अपनी रीढ ही निकाल कर फेंक देते हैं। ताकि मुड़ने तुड़ने में उन्हें कभी कोई असुविधा ना हो। बाकी आप सब भी बहुत समझदार हैं कुछ कयास आप भी लगा लीजिए..।

# कितना बदल गया इंसान

आजदी के 75 साल, देश इस स्वतंत्रता दिवस को बहुत ही गर्मामय अंदाज से मना रहा है। सरकारों के प्रयास सराहनीय है। लेकिन लोग तो मानसिक रूप से पूरी तरह स्वतंत्र हो गये हैं। और तो और अब उन्हें सुबह-सुबह उठकर साल भर में एक दफा झंडा फहराने के लिए एकत्रित होना भी कष्टदायक सा लगने लगा है। देश के लिए मर मिटने वाले हजारों,,, हजार शहीदों की कुर्बानी से लोगों को कुछ लेना देना नहीं रहा। सब कुछ औपचारिक सा लगने लगा है। वह एकदम बदल चुका है। और इंसान में वह सोच, वह जज्बा, ना तो देश के प्रति है, ना समाज के प्रति है, ना परिवार के प्रति है, सिर्फ अब वह स्वयं तक सीमित हो गया है। नया जमाना है, इंटरनेट और मोबाइल का,, ? लोग रात में बारह, एक बजे तक मोबाइल ही देखते रहते हैं। और सुबह आठ बजे के बाद सोकर उठते हैं। इसलिए उन्हें अब यह सुबह सुबह का उठना पसंद नहीं है। बच्चों में भी यही आदत हो चली है। वह भी मुश्किल से उठकर सुबह स्कूल जाते हैं। क्योंकि वह भी मोबाइल में, मोबाइल के गेम वगैरह खेलते रहते है। और अब वह संस्कार विचार भी जाते रहे।

संयुक्त परिवारों की प्रथा अब लगभग समाप्त सी होती जा रही है। नयी पीढ़ी के पढ़े-लिखे युवक एकदम व्यक्तिगत हो गये हैं। शादी के बाद वह बहुत ही शीघ्र अपनी पत्नी के साथ अलग-थलग और स्वतंत्र रहना ज्यादा पसंद करते हैं, क्योंकि संयुक्त परिवारों में आज भी कुछ सामाजिक बंधन हुआ करते हैं,,, जो इस पीढ़ी में लोगों को बिल्कुल पसंद नहीं है। वह तो हम दो हमारे दो के सिद्धांत पर काम कर रहे हैं। व्यस्तता इतनी की खुद के उस छोटे से परिवार को भी समय नहीं दे पा रहे हैं। पति-पत्नी दोनों पैसे कमा रहे हैं देर रात तक आ रहे हैं सुबह भी जल्दी निकल जाते हैं। यही सब चल रहा है। प्रगति के इस बढ़ते क्रम में यह व्यस्तता चिंता का कारण भी होना चाहिये।

परिधान पहनावा, बातचीत का ढंग, सब कुछ बदल गया है। युवाओं की फैशन कहें, या अंधानुकरण कहें, ने उन्हें विकृत सा कर दिया है। उन्हें यह समझ में नहीं आ रहा है, कि वह क्या पहन रहे हैं। आजकल तो और एक नया ट्रेंड देखा जा रहा है। फटे हुए कपड़े प्रचलन में आ गये हैं। युवा वर्ग ऐसे फटे हुए कपड़े पहन कर अच्छे-अच्छे कार्यक्रमों में बहुत ही गौरव महसूस करते हुए जाते हैं। जहां बहुत से लोगों को मिलकर भी आते हैं। लोग युवा पीढ़ी को देखते हैं तो थोड़ा चिंतित भी होते हैं। बालों की स्टाइल, पहनावा, बातचीत का तरीका, सब कुछ बदल गया है। भारतीय संस्कृति और संस्कारों का क्रेज पश्चिमी देशों में, या यूं कहें विश्व के अनेक देशों में प्रभावशील होता जा रहा है। लोग भारतीय परिधान को अपना रहे हैं। भारतीय संस्कारों को अपना रहे हैं। भारतीय संस्कृति को भी अपना रहे हैं। भारतीय खानपान को भी अपना रहे हैं। ऐसा भारत के अंदर भी देखा जा सकता है। और भारत के बाहर भी देखा जा सकता है। बहुत से विदेशी लोग जो समृद्ध हैं। वह भारत आकर भारतीय विधि विधान से शादी विवाह करते हैं। भारतीय पहनावा उन्हें बहुत पसंद है। और भारतीयता में धर्म की जो एक अलख है,, वह उनके अंदर एक प्रेरणा का रूप बनती जा रही है। जिसे धार्मिक स्थानों पर देखा जा सकता है। उसमें विदेशी महिलाएं भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। किंतु हम और हमारे युवा पता नहीं किस ओर जा रहे हैं। खानपान में हमारी युवा पीढ़ी पूरी तरह बाजार पर निर्भर होती जा रही है। ना तो घरों में लोग पकवान बनाना पसंद कर रहे हैं, ना ही खाना बनाना पसंद कर रहे हैं, और ना ही खाना भी पसंद कर रहे हैं। ज्यादातर मध्यमवर्ग, निम्न मध्यवर्गीय या समृद्ध लोगों में इस तरह की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। और उसका असर मानसिक और शारीरिक रूप मे देखा जा सकता है। शहरों में होटलों में, रेस्टोरेंट में, चौपाटी में, खड़े होने को जगह नहीं है, इतनी बड़ी संख्या में लोग आने लगे हैं। शादी विवाह मैं भी यही सब चलन हो चला है। लोग अब पहले की तरह पारिवारिक कार्यक्रम नहीं करते हैं। अब तो सिर्फ शादी घर, लान, आदि में जाकर यह सब औपचारिकताएं पूरी कर दी जाती है। इसमें दिखावा बड़ी संख्या में होता है। अपव्यय बहुत होता है। लेकिन अब यह सब चलन में आ गया है। यह सब चलन अब धीरे-धीरे गांव तक भी पहुंचता जा रहा है।

बरसों पहले गीतकार स्व,प्रदीप जी ने एक गीत लिखा था, और गाया भी था। जो उस समय भी बहुत चर्चित हुआ और आज भी प्रासंगिक है। रहेगा भी,, बोल थे,,

**देख तेरे संसार की हालत, क्या हो गई भगवान, कितना बदल गया इंसान।**

चिंतन भरपूर और चिंतन के साथ भविष्य चिंतन भी भरपूर इस गीत ने लोगों को झकझोर दिया। बहुत कुछ सोचने पर मजबूर कर दिया। और आज तो हालात ऐसे हैं,, कि वास्तव में लग रहा है, इस संसार की क्या हालत हो गई है। इंसान सिर्फ स्वार्थी हो गया है। सिर्फ पैसा और दौलत का शौकीन हो गया है। अपने आप में विस्तृत हो गया है। शेष दुनिया से जैसे खुद को काटकर अलग-थलग दुनिया में मगन हो गया है। देश की सोच में युवाओ को गंभीर होने की जरूरत है। हालांकि बदलाव प्रकृति का नियम है, फिर भी इंसान कही इससे भी जादा बदल गया है।

- **सुरेश विचित्र (व्यंग्यकार ), जबलपुर**


पुस्तक समीक्षा

# वैचारिक मंथन से निकली कविताएं

▌विवेकरंजन श्रीवास्तव

**कविता संग्रह : कोरोना काल में आचार डालता कवि**
**कवि : रामस्वरूप दीक्षित**
**प्रकाशक : भारतीय ज्ञानपीठ , नई दिल्ली**
**मूल्य : 250/-**

हिन्दी व्यंग्य और कविता में रामस्वरूप दीक्षित जाना पहचाना नाम है । वे टीकमगढ़ जेसे छोटे स्थान से साहित्य जगत में बड़ी उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं । हिन्दी साहित्य सम्मेलन में सक्रिय रहे हैं तथा इन दिनो सोशल मीडीया के माध्यम से देश विदेश के रचनाकारों को परस्पर चर्चा का सक्रिय मंच संचालित कर रहे हैं । भारतीय ज्ञान पीठ से 2022 में प्रकाशित 53 सार्थक नई कविताओ के संग्रह कोरोना काल में अचार डालता कवि के साथ उन्होंने वैचारिक दस्तक दी है । इसे पढ़ने के लिये भारतीय ज्ञानपीठ से किताब का प्रकाशन ही सबसे बड़ी संस्तुति है । किताब में परम्परा के विपरीत किसी की कोई भूमिका नहीं है । वे बिना प्राक्कथन में कोई बात कहे पाठक को कविताओ के संग साहित्यिक अवगाहन कर वैचारिक मंथन के लिये छोड़ देते हैं । हमारे समय की राजनैतिक तथा सामाजिक स्थितियों की विवशता से सभी अंतर्मन से क्षुब्ध हैं । समाज विकल्प विहीन किंकर्तव्यमूढ़ जड़ होकर रह जाने को बाध्य बना दिया गया है । रामस्वरूप दीक्षित जी जैसे सक्षम शब्द सारथी कागजों पर अपने मन की पीड़ा उड़ेल लेते हैं . वे लिखते हैं 'यूं तो कविता कुछ नहीं कर सकती , उसे करना भी नहीं चाहिये , कवि के अंतर्मन के भावों का उच्छवास ही तो है वह....किन्तु वे अगली पंक्तियों में स्वयं ही कविता की उपादेयता भी वर्णित करते हैं ... कविता कह देती है राजा से बिना डरे कि तुम्हारी आँखो में उतर आया है मोतिया बिंद' इस संग्रह की प्रत्येक कविता में साहस के यही भाव पाठक के रूप में मुझे अंतस तक प्रभावित करते हैं । वे अपनी कविताओ में





संभव शाब्दिक समाधान भी बताते हैं किन्तु दुखद है कि जमीनी यथार्थ दुष्कर बना हुआ है . लोगों के मनों में शाश्वत मूल्यों की स्थापना के लिये इस संग्रह जैसा चेतन लेखन आवश्यक हो चला है ।

युद्ध की जरूरत में वे लिखते हैं कि जंगल बिना आपस में लड़े बिना बचाये रखते हैं अपना हरापन , ... मनुष्य ही है जिसे खुद को बचाने के लिये युद्ध की जरूरत है । हत्यारे शीर्षक से लम्बी कविताओ के तीन खण्ड हैं . तारीफ की बात यह है कि भाव के साथ साथ कोरोना काल में अचार डालता कवि की सभी कविताओ में नई कविता के विधान की साधना स्पष्ट परिलक्षित होती है । मट्ठरता की हदों तक परिवेश से आंखें चुराने वाले समाज के इस असहनीय आचरण को इंगित करते हुये वे लिखते हैं कि ' जब खोटों को पुरस्कृत और खरों को बहिृकृत किया जा रहा था

तब आप क्या कर रहे थे ? के उत्तर में हम कहेंगें कि हम सयाने हो चुके थे और हमने चुप रहना सीख लिया था' . राम स्वरुप जी की कवितायें जनवादी चिंतन से भरपूर हैं । कुछ शीर्षक देखिये गूंगा , बाज , भेड़िये , मुनादी , मजदूर , ताले , इतवार , खतरनाक कवि , तानाशाह , आदि सभी में मूल भाव सदाशयता और मानवीय मूल्यों के लिये आम आदमी की आवाज बनने का यत्न ही है । पिता , पिता का कमरा , माँ के न रहने पर वे रचनायें हैं जो रिश्तों की संवेदना संजोती हैं । संग्रह की शीर्षक रचना कोरोना काल में अचार डालता कवि में वे लिखते हैं कि अचार डालने में डूबा कवि भूल गया कि बाहरी दुनियां में जिस रोटी के साथ अचार खाया जाता है वह तेजी से गायब हो रही है। इन गूढ़ प्रतीको को डिकोड करना पाठक को साहित्यिक आनंद देता है ।

भारतीय ज्ञान पीठ से 2022 में प्रकाशित 53 सार्थक नई कविताओ के संग्रह कोरोना काल में अचार डालता कवि के साथ उन्होंने वैचारिक दस्तक दी है । इसे पढ़ने के लिये भारतीय ज्ञानपीठ से किताब का प्रकाशन ही सबसे बड़ी संस्तुति है । किताब में परम्परा के विपरीत किसी की कोई भूमिका नहीं है । वे बिना प्राक्कथन में कोई बात कहे पाठक को कविताओ के संग साहित्यिक अवगाहन कर वैचारिक मंथन के लिये छोड़ देते हैं । हमारे समय की राजनैतिक तथा सामाजिक स्थितियों की विवशता से सभी अंतर्मन से क्षुब्ध हैं । समाज विकल्प विहीन किंकर्तव्यमूढ़ जड़ होकर रह जाने को बाध्य बना दिया गया है ।

अनेक बिन्दुओ पर कथ्य से असहमत होते हुये भी मैने दीक्षित जी की सभी रचनायें इत्मिनान से शब्द शब्द की जुगाली करते हुये तथा उनके परिवेश को परिकल्पित करते हुये पढ़ीं और उनके विन्यास , शब्द योजना , रचना काल तथा भाषाई ट्विस्ट का साहित्यिक आनंद लिया । संग्रह पढ़ने मनन करने योग्य है।

# मुख्यमंत्री ने किया सुभाषचंद्र बैनजी की मूर्ति का अनावरण





**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी में शनिवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के ससुर व पूर्व सांसद जयश्री बनर्जी के पति सुभाष चंद्र बनर्जी की मूर्ति का अनावरण किया। इस मौके पर सीएम श्री चौहान ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि ऐसे महान नेता की मूर्ति का अनावरण करने का मौका मिला है।

सिविल लाइन स्थित लोहिया पुल पर मूर्ति अनावरण के अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल, कृषि मंत्री कमल पटेल सहित कई जनप्रतिनिधि व बैनर्जी परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। सीएम श्री चौहान ने कहा कि सुभाषचंद्र बैनर्जी के अभूतपूर्व योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

उनके त्याग व तपस्या के कारण ही जनसंघ व यह पार्टी स्थापित हुई है जो आज पूरी दुनिया में अपना एक अलग मुकाम हासिल कर रही है सुभाषचंद्र बैनर्जी ऐसे जनसंघ नेता रहे जिनका पूरा परिवार पार्टी के लिए समर्पित रहा। इस मौके पर सीएम शिवराजसिंह चौहान ने स्वर्गीय सुभाषचंद्र बैनर्जी की पत्नी व जबलपुर की पूर्व सांसद जयश्री बैनर्जी से भी मुलाकात कर चर्चा की।

प्रतिमा अनावरण करने के बाद सीएम मानस भवन में आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में शामिल हुए। गौरतलब है कि स्वर्गीय सुभाषचंद्र बैनर्जी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में लम्बे समय तक रहे, 14 अगस्त 1921 को संस्कारधानी जबलपुर में जन्मे स्वर्गीय सुभाष चंद्र बनर्जी की शिक्षा क्रिश्चियन हाई स्कूल और तत्कालीन रॉबर्सन कॉलेज वर्तमान में महाकौशल कॉलेज में हुई थी।



## शिवाजी की प्रतिमा तक पावनखिंड दौड

**जबलपुर, देशबन्धु।** क्रीड़ा भारती द्वारा पावनखिंड दौड़ का आयोजन किया गया। सिविक सेंटर वंदे मातरम चौराहे से प्रारंभ हुई दौड़ में शहर के जनप्रतिनिधियों के साथ स्कूली बच्चों ने दौड़ लगाई। क्रीड़ा भारती द्वारा आयोजित इस पावन खिण्ड दौड़ में शिवाजी और मावले का वेश धरे बच्चे भी शामिल थे। इस अवसर पर डा. जितेंद्र जामदार ने पावनखिंड दौड़ के इतिहास को बताते हुए उस पर प्रकाश डाला। वही सांसद राकेश सिंह विधायक अशोक रोहाणी नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल रवीकरण साहू नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज समाजसेवी विशाल दत्त ने शिवाजी को माल्यार्पण कर इस दौड़ का शुभारंभ किया। शहर के प्रमुख मार्गो से निकली इस दौड़ में लोगों ने इसमे शामिल स्कूली बच्चों का कुछ उत्साह बढ़ाया। मदन महल थाने के समक्ष शिवाजी की प्रतिमा पर दौड़ का समापन हुआ। जहां आभार प्रदर्शन के बाद बच्चों को अल्पाहार कराया गया। आयोजन समिति के अनंत डिके, भीष्म सिंह ,मनोज कुशवाहा ,विलोक पाठक, अजय शुक्ला, उमाशंकर पटेल,विध्येश भापकर, देवेन्द्र शुक्ला, सुधीर पटेल आदि ने पावनखिंड दौड़ का सफल संयोजन किया ।

## रेलवे मजिस्ट्रेट के निर्देशन में चैकिंग से मचा हडकंप

**जबलपुर,देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे के मंडल में वगैर टिकिट व अनियमित यात्रा करने वालों पर शिकंजा कसना शुरु कर दिया गया है। रेलवे मजिस्ट्रेट समीर कुमार मिश्र के निर्देशन में बैंगलोर पटना संचालित होने वाली संघमित्रा एक्सप्रेस ट्रेन में नरसिंहपुर से जबलपुर के बीच अचानक शुक्रवार को चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दर्जनों यात्रियों को अनियमित यात्रा करते पकड़े जाने पर 68 हजार 380 वसूल की गई। इस अभियान में मुख्य टिकट निरीक्षक एसएमएच आपदी चन्द्रहास, मनोज जायसवाल परमेश्वर यादव,अंकित तिग्गा रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी की उल्लेखनीय भूमिका रही। यहां इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि कई मासिक पास धारियों की पास अवधि समाप्त होने के बाद भी वह ठस्से से यात्रा कर रहे थे इनको भी पकड़ा गया और नियमानुसार जुर्माना राशि वसूल की गई। इस चैकिंग से ट्रेन में यात्रा करने वाले यात्री खुश नजर आ रहे थे।

## मातृशक्ति ने माता को अर्पित की चुनरी



**जबलपुर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत महाकौशल प्रांत महिलाजागरण प्रमुख कविता दुबे द्वारा महिलाओ का माता जी को चुनरी अर्पण कार्यक्रम आयोजित था, इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष पी के अग्रवाल एवं इन्द्रा दुबे ,प्रांतअध्यक्ष परविनदर जीत सिंह बिन्द्रा ,प्रांत कोषाध्यक्ष मंजू वैश्य, प्रांत संगठन मंत्री धर्मेंद्र सिंह इस अवसर पर धीरज पटेरिया जी को ग्राहक अर्थ एवं ग्राहक दृष्टि पत्रिका भेंट की,इस कार्यक्रम में लगभग पचास मातृ शक्तियों ने भाग लिया।

## लेनाई हायर सेकेन्ड्री स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह



**जबलपुर, देशबन्धु।** स्कूल बिलहरी शाला का शपथ ग्रहण समारोह लेना- हायर सेकेन्ड्री स्कूल सिविल लाइन के प्राचार्य श्री एल. जी. लोबो के मुख्य आतिथ्य में भव्यतापूर्ण माहौल में मनाया गया। अपने सारगर्भित उद्बोधन में मुख्य अतिथि ने शाला की छात्र-छात्राओं को से आभास कराया गया कि आप ही आने वाले कल की तस्वीर हो, तुम्हें ही भारत के उज्जवल भविष्य की इबारत लिखने के लिए प्यारे शिक्षकों ने आपको तराशा है, संवारा है। आपको पद की शपथ लेकर ये साबित करना होगा कि, मानवीय सदगुणों से प्रेरित कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करोगे। हेड गर्ल साशी मार्के व हेड ब्वॉय ध्रुव पटेल, हाउस कैप्टन -देव कुशवाहा, शैरन तिकी तनिषा साहू, वाइस कैप्टन - आयुषी कनौजिया, मगक सिंह एवं मोहित प्रमानिक एवं प्रीफेक्टस ने पद की गोपनीयता की शपथ गरिमामयी माहौल में ली, तब साथी छात्र-छात्राओं में हर्ष के साथ करतल ध्वनि कर आयोजन को यादगार बनाया। आभार प्रदर्शन सी. लोबो ने किया। इस आयोजन को सफल बनाने में प्राचार्थी एवं सभी का सहयोग प्रदान किया।

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र की ओर से पौधा रोपण




**जबलपुर, देशबन्धु।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र की ओर से मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र ने वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया और शहर के विभिन्न जगहों पर वृक्षारोपण किया, जिसमें बैंक ऑफ महाराष्ट्र के अंचल प्रमुख ओंकार कुमार सहित बैंक के अन्य अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित थे।

## मेट्रो के लिये प्रदेश की पहली 132 के.व्ही. अति उच्चदाब अंडर ग्राउंड लाइन

**जबलपुर, देशबन्धु।** ट्रांसको ने एक और नवाचार करते हुये प्रदेश की पहली 132 के.व्ही. अंडर ग्राउंड लाइन का निर्माण कर इसे ऊर्जीकृत करने में सफलता हासिल की है। म.प्र. के ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने बताया कि भोपाल मेट्रो को विद्युत प्रदाय के लिये एम.पी. ट्रांसको के भोपाल स्काडा सेंटर से ह्यूमन मशीन इंटरफेस तकनीक का उपयोग करते हुये प्रदेश की इस पहली 132 के.व्ही. अंडर ग्राउंड लाइन को रिमोट से ऊर्जीकृत किया गया। इस लाइन पर अब भोपाल मेट्रो के 132 के.व्ही. आर.एस.एस. सबस्टेशन सुभाष नगर तक एम.पी. ट्रांसको की सप्लाई उपलब्ध हो गई है। प्रदेश में पहली बार 132 के.व्ही. वोल्टेज लेबल पर भूमिगत केबल अंडर ग्राउंड लाइन को स्थापित कर ऊर्जीकृत किये जाने के इस महत्वपूर्ण और चुनौती पूर्ण लक्ष्य को हासिल करने पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने एम.पी. ट्रांसको के कार्मिकों को बधाई दी है। राजेश कुमार



शांडिल्य ने बताया कि भोपाल मेट्रो के 132 के.व्ही. आर.एस.एस. सबस्टेशन सुभाष नगर को विद्युत प्रदाय हेतु एम.पी. ट्रांसको के 132 के.व्ही. सबस्टेशन चंबल (भोपाल) से लगभग 2.1 कि.मी. डबल सर्किट लाइन का निर्माण किया गया है।

प्रदेश में पहली बार विद्युत पारेषण के लिये इस तकनीक का उपयोग किया गया है।

# जबलपुर में झमाझम बारिश-आंकड़ा 44 इंच के करीब

## संभाग के कुछ जिलों और बैतूल, हरदा, देवास में भारी से अति भारी वर्षा के लिये रेड अलर्ट जारी

### सागर, छतरपुर, कटनी, डिंडौरी, बालाघाट, नरसिंहपुर के लिये यलो अलर्ट



**जबलपुर, देशबन्धु।** मानसून ने एक बार फिर से जोर पकड़ लिया है। जबलपुर संभाग सहित बैतूल, हरदा, देवास और खंडवा में आगामी 24 घंटे के दौरान भारी से अति भारी वर्षा के लिये रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं मध्यम से भारी बारिश के लिये सागर, छतरपुर, कटनी, डिंडौरी, नरसिंहपुर, मंडला, बालाघाट और जबलपुर के लिये यलो अलर्ट बताया गया है। बीत तीन दिनों से जबलपुर में हो रही झमाझम बारिश के चलते आंकड़ा 44 इंच के करीब पहुंच गया है। जो इस साल में अब तक होने वाली संतोषजनक बारिश मानी जा रही है।

जबलपुर स्थित मौसम विभाग के अनुसार क्षेत्र में मानसून के बादल सक्रिय हैं। इसका असर भी देखने को मिल रहा है। बीती रात जहां बारिश रूक-रूक कर जारी रही। वहीं शनिवार को भी बारिश का क्रम रूक-रूक जारी रहा। मौसम में बदलाव के चलते जबलपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 3 डिग्री नीचे आ गया है। वहीं रात के पारे में भी कमी आयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान 26.4 और न्यूनतम तापमान 22.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते साल अधिकतम 30.5 और न्यूनतम 23.8 डिग्री सेल्सियस आंका गया था। अब तक कुल बारिश 1097.9 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अभी दक्षिण की तरफ आने वाली हवाएं 4 से 5 किमी घंटे की रफ्तार से चल रही हैं। 19 अगस्त को सुबह 8.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक वर्षा 001.4 मिमी दर्ज कर ली गई थी।

### लबालब हुआ बरगी बांध, 9 गेट खुले, अलर्ट जारी

शनिवार को बरगी बांध का लेवल 421.75 मीटर तक पहुंच गया है । जो लगभग 92 प्रतिशत भर चुका है। विगत 48 घन्टे मे 66 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। अजय सूरे कार्यपालन यंत्री बरगी बांध ने बताया कि 19 अगस्त को शाम 6 बजे, 9 गेटों को औसत उंचाई 1.16 मीटर खोलते हुए 1588 घन मीटर/सैकेण्ड , जल की निकासी की गई । सर्वसाधारण से नर्मदा के तट से दूरी बनाये रखने की अपील की गई है।

## एमएलबी शाला की शिक्षिका सम्मानित

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्वतंत्रता दिवस पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या शाला जबलपुर की (शास.एम.एल. बी.हा.से) शिक्षिका श्रीमती शबनम खान को उनके शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सौरभ कुमार सुमन और पुलिस अधीक्षक श्री तुषारकांत विधार्थी सहित अनेक अधिकारी भी उपस्थित थे।



## काव्य संग्रह का विमोचन आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** पनागर नगर के ख्याति लब्ध कवि, शिक्षक, मानस के सरस प्रवक्ता पंडित पी. एल. व्यास के काव्य संग्रह सावन के मेले में का विमोचन समारोह स्थानीय श्री जानकीरामण महाविद्यालय, बलदेवबाग में आज शाम 4.00 बजे से प्रदेश आंचलिक साहित्यकार परिषद एवं अनेकान्त के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित है लिए समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ राजकुमार सुमित्र करेंगे, मुख्यातिथि डॉ अखिलेश गुमास्ता होंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, डॉ मनोज पांडे, डॉ कमलेश व्यास होंगे।

कार्यक्रम के द्वितीय चरण मे अनेकान्त की काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील डा. अभिमन्यु जैन, सुरेश मिश्र विचित्र, यु. एस. दुबे, डॉ कौशल दुबे, डॉ. आनंद सिंह राणा आदि ने की है ।

FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888
FOLLOW BY SAMDARIYA CINEMAS
समदड़िया सिनेमा
MORNINIG SHOW OFFER
RS. @ 100/- (CONDITION APPLY)
Gadar-2 09:00 AM 10:00 AM 12:00 PM 01:00 PM 03:15 PM 04:15 PM 06:30 PM 07:30 PM 09:45 PM 10:45 PM
Ghoomer 10:15 AM 05:45 PM 08:15 PM
Rocky Aur Rani 02:30 PM
Jailer In Hindi 11:30 PM
Blue Beetle In English 12:45 PM In Hindi 08:00 AM 06:15 PM
Non Stop Dhamaal 12:30 PM
OMG-2 09:30 AM 03:15 PM 08:35 PM 10:50 PM

# मुख्य पूछताछ निरीक्षक की परीक्षा 12 सितंबर को होगी

## दो पद के लिये 16 उम्मीदवार परीक्षा में बैठेंगे

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर जोन में 16 सितंबर को मुख्य पूछताछ निरीक्षक की लिखित परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।

इस परीक्षा में वाणिज्य विभाग परिचालन विभाग व अन्य विभाग के जबलपुर मंडल, कोटा मंडल, भोपाल मंडल के विभागीय कर्मचारी शामिल होंगे। सूत्रों से प्राप्त खबर के अनुसार जी दुबे, राजीव कुमार श्रीवास, शैलेष कुमार शिवहरे, निर्मल कुमार मिश्रा, संजय कुमार मिश्रा, प्रमोद साहू, रवि प्रकाश मिश्रा, रवि राज सिंह, शैलेन्द्र इंगले जबलपुर मुख्यालय एवं जबलपुर मंडल रेल प्रबंधक, पुष्पेन्द्र शर्मा, पी सिंह, पुनीत नगरवाल, मनोज वशिष्ठ सभी कोटा मंडल रेल प्रबंधक, अजय श्रीनागऋषि, मुख्य ट्रेन नियंत्रक भोपाल, इसी के साथ ही साथ अश्विनी मिश्रा मुख्य सतर्कता निरीक्षक भी इस परीक्षा में शामिल होंगे।

इस सभी उम्मीदवारों को इस परीक्षा में शामिल होने के लिये रेलवे प्रबंधन ने पात्र पाया है।




### यह परीक्षा में नहीं बैठ सकेंगे

जानकारी के अनुसार तरूण सिंह राठौर वरिष्ठ ट्रेन प्रबंधक कोटा, नीरज कुमार यादव स्टेशन मास्टर जबलपुर, देवांश सोनी सीनियर सेक्शन इंजीनियर कोचिंग डिपो, सचिन्द्र देव पांडे सीनियर सेक्शन इंजीनियर जबलपुर को इस लिखित परीक्षा में अपात्र पाए जाने के कारण यह परीक्षा में नहीं बैठ सकेंगे।

## नागपुचमी पर विशाल ईनामी दंगल



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्व. ईश्वरदास रोहाणी, स्व. ठाकुर प्रसाद जसेले की स्मृति में नागपंचमी के पावन अवसर पर 21 अगस्त को दोपहर 2:00 बजे से एक दिवसीय भव्य विशाल ईनामी दंगल का आयोजन खेरमाई प्रांगण, कजरवारा, जबलपुर में आयोजित किया गया है, जिसमें स्थानीय जिला के अलावा आसपास के क्षेत्रों के अखाड़ों के महिला एवं पुरूष पहलवान भी हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद राकेश सिंह, विशिष्ठ अतिथि केन्ट विधायक अशोक रोहाणी, वरिष्ठ भाजपा नेता दीपांकर बैनर्जी, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, भारतीय शैली कुश्ती महासंघ के उपाध्यक्ष अर्जुन यादव, पूर्व पार्षद सुदर अग्रवाल, अमित अग्रवाल, पार्षद किशन दास चैधरी, कुलदीप सिंह गिल, नकूल गुप्ता, तुलसी चमकेले आदि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजन समिति के सचिव मंतो पहलवान, जसेले परिवार के द्वारा किया जाता है, और निर्णनायक रहेंगे।

दीपक रजक, प्रवीण पहलवान, सतीश, अरूण, राकेश यादव, राजू यादव, किशोरी खलीफा, दुर्गाशंकर, सुनील कुमार पटेल, आदि ने उपस्थिति की अपील की है।

J.B.F.A.
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रू. 110
मुर्गा मीडियम - रू. 108
मुर्गा बड़ा - रू. 106
मुर्गा जम्बो - रू. 106
मो.-9039925000, 9425800409

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रू. 102
मीडियम ब्रॉयलर - रू. 104
छोटा ब्रॉयलर - रू. 106
मोबाइल नं. 9300692405

ब्यूटी इंडस्ट्री में अपना सुनहरा कॅरियर बनाये
जबलपुर का सरकारी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान
(ब्यूटी पार्लर के सभी कोर्स मे 50% डिस्काउंट)
LOOK SALON & ACADEMY (ONLY FOR FEMALE)
7828416648,7987003927
239, जय नगर, गढ़ा रोड, लेबर चौक, जबलपुर म.प्र.
FREE FREE FREE FREE
हेयर वाश, हेयर कट, फेस ब्लीच, हैंड डी -टेन पैक, फेस डी -टेन पैक,
कॉल करके अपॉइंटमेंट प्राप्त कर इस विज्ञापन की कटिंग लेके आने पर इनमें से कोई भी एक सर्विस (उम्र 15+ महिलाओं के लिए) फ्री है।

आसान किस्तों में उपलब्ध
मिश्रा इन्टरप्राइजेज
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496

# मुख्यमंत्री ने किया सुभाषचंद्र बैनजी की मूर्ति का अनावरण





**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी में शनिवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के ससुर व पूर्व सांसद जयश्री बनर्जी के पति सुभाष चंद्र बनर्जी की मूर्ति का अनावरण किया। इस मौके पर सीएम श्री चौहान ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि ऐसे महान नेता की मूर्ति का अनावरण करने का मौका मिला है।

सिविल लाइन स्थित लोहिया पुल पर मूर्ति अनावरण के अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल, कृषि मंत्री कमल पटेल सहित कई जनप्रतिनिधि व बैनर्जी परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। सीएम श्री चौहान ने कहा कि सुभाषचंद्र बैनर्जी के अभूतपूर्व योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

उनके त्याग व तपस्या के कारण ही जनसंघ व यह पार्टी स्थापित हुई है जो आज पूरी दुनिया में अपना एक अलग मुकाम हासिल कर रही है सुभाषचंद्र बैनर्जी ऐसे जनसंघ नेता रहे जिनका पूरा परिवार पार्टी के लिए समर्पित रहा। इस मौके पर सीएम शिवराजसिंह चौहान ने स्वर्गीय सुभाषचंद्र बैनर्जी की पत्नी व जबलपुर की पूर्व सांसद जयश्री बैनर्जी से भी मुलाकात कर चर्चा की।

प्रतिमा अनावरण करने के बाद सीएम मानस भवन में आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में शामिल हुए। गौरतलब है कि स्वर्गीय सुभाषचंद्र बैनर्जी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में लम्बे समय तक रहे, 14 अगस्त 1921 को संस्कारधानी जबलपुर में जन्मे स्वर्गीय सुभाष चंद्र बनर्जी की शिक्षा क्रिश्चियन हाई स्कूल और तत्कालीन रॉबर्सन कॉलेज वर्तमान में महाकौशल कॉलेज में हुई थी।



## शिवाजी की प्रतिमा तक पावनखिंड दौड

**जबलपुर, देशबन्धु।** क्रीड़ा भारती द्वारा पावनखिंड दौड़ का आयोजन किया गया। सिविक सेंटर वंदे मातरम चौराहे से प्रारंभ हुई दौड़ में शहर के जनप्रतिनिधियों के साथ स्कूली बच्चों ने दौड़ लगाई। क्रीड़ा भारती द्वारा आयोजित इस पावन खिण्ड दौड़ में शिवाजी और मावले का वेश धरे बच्चे भी शामिल थे। इस अवसर पर डा. जितेंद्र जामदार ने पावनखिंड दौड़ के इतिहास को बताते हुए उस पर प्रकाश डाला। वही सांसद राकेश सिंह विधायक अशोक रोहाणी नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल रवीकरण साहू नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज समाजसेवी विशाल दत्त ने शिवाजी को माल्यार्पण कर इस दौड़ का शुभारंभ किया। शहर के प्रमुख मार्गो से निकली इस दौड़ में लोगों ने इसमे शामिल स्कूली बच्चों का कुछ उत्साह बढ़ाया। मदन महल थाने के समक्ष शिवाजी की प्रतिमा पर दौड़ का समापन हुआ। जहां आभार प्रदर्शन के बाद बच्चों को अल्पाहार कराया गया। आयोजन समिति के अनंत डिके, भीष्म सिंह ,मनोज कुशवाहा ,विलोक पाठक, अजय शुक्ला, उमाशंकर पटेल,विध्येश भापकर, देवेन्द्र शुक्ला, सुधीर पटेल आदि ने पावनखिंड दौड़ का सफल संयोजन किया ।

## रेलवे मजिस्ट्रेट के निर्देशन में चैकिंग से मचा हडकंप

**जबलपुर,देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे के मंडल में वगैर टिकिट व अनियमित यात्रा करने वालों पर शिकंजा कसना शुरु कर दिया गया है। रेलवे मजिस्ट्रेट समीर कुमार मिश्र के निर्देशन में बैंगलोर पटना संचालित होने वाली संघमित्रा एक्सप्रेस ट्रेन में नरसिंहपुर से जबलपुर के बीच अचानक शुक्रवार को चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दर्जनों यात्रियों को अनियमित यात्रा करते पकड़े जाने पर 68 हजार 380 वसूल की गई। इस अभियान में मुख्य टिकट निरीक्षक एसएमएच आपदी चन्द्रहास, मनोज जायसवाल परमेश्वर यादव,अंकित तिग्गा रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी की उल्लेखनीय भूमिका रही। यहां इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि कई मासिक पास धारियों की पास अवधि समाप्त होने के बाद भी वह ठस्से से यात्रा कर रहे थे इनको भी पकड़ा गया और नियमानुसार जुर्माना राशि वसूल की गई। इस चैकिंग से ट्रेन में यात्रा करने वाले यात्री खुश नजर आ रहे थे।

## मातृशक्ति ने माता को अर्पित की चुनरी



**जबलपुर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत महाकौशल प्रांत महिलाजागरण प्रमुख कविता दुबे द्वारा महिलाओ का माता जी को चुनरी अर्पण कार्यक्रम आयोजित था, इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष पी के अग्रवाल एवं इन्द्रा दुबे ,प्रांतअध्यक्ष परविनदर जीत सिंह बिन्द्रा ,प्रांत कोषाध्यक्ष मंजू वैश्य, प्रांत संगठन मंत्री धर्मेंद्र सिंह इस अवसर पर धीरज पटेरिया जी को ग्राहक अर्थ एवं ग्राहक दृष्टि पत्रिका भेंट की,इस कार्यक्रम में लगभग पचास मातृ शक्तियों ने भाग लिया।

## लेनाई हायर सेकेन्ड्री स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह



**जबलपुर, देशबन्धु।** स्कूल बिलहरी शाला का शपथ ग्रहण समारोह लेना- हायर सेकेन्ड्री स्कूल सिविल लाइन के प्राचार्य श्री एल. जी. लोबो के मुख्य आतिथ्य में भव्यतापूर्ण माहौल में मनाया गया। अपने सारगर्भित उद्बोधन में मुख्य अतिथि ने शाला की छात्र-छात्राओं को से आभास कराया गया कि आप ही आने वाले कल की तस्वीर हो, तुम्हें ही भारत के उज्जवल भविष्य की इबारत लिखने के लिए प्यारे शिक्षकों ने आपको तराशा है, संवारा है। आपको पद की शपथ लेकर ये साबित करना होगा कि, मानवीय सदगुणों से प्रेरित कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करोगे। हेड गर्ल साशी मार्के व हेड ब्वॉय ध्रुव पटेल, हाउस कैप्टन -देव कुशवाहा, शैरन तिकी तनिषा साहू, वाइस कैप्टन - आयुषी कनौजिया, मगक सिंह एवं मोहित प्रमानिक एवं प्रीफेक्टस ने पद की गोपनीयता की शपथ गरिमामयी माहौल में ली, तब साथी छात्र-छात्राओं में हर्ष के साथ करतल ध्वनि कर आयोजन को यादगार बनाया। आभार प्रदर्शन सी. लोबो ने किया। इस आयोजन को सफल बनाने में प्राचार्थी एवं सभी का सहयोग प्रदान किया।

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र की ओर से पौधा रोपण



**जबलपुर, देशबन्धु।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र की ओर से मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र ने वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया और शहर के विभिन्न जगहों पर वृक्षारोपण किया, जिसमें बैंक ऑफ महाराष्ट्र के अंचल प्रमुख ओंकार कुमार सहित बैंक के अन्य अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित थे।

## मेट्रो के लिये प्रदेश की पहली 132 के.व्ही. अति उच्चदाब अंडर ग्राउंड लाइन

**जबलपुर, देशबन्धु।** ट्रांसको ने एक और नवाचार करते हुये प्रदेश की पहली 132 के.व्ही. अंडर ग्राउंड लाइन का निर्माण कर इसे ऊर्जीकृत करने में सफलता हासिल की है। म.प्र. के ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने बताया कि भोपाल मेट्रो को विद्युत प्रदाय के लिये एम.पी. ट्रांसको के भोपाल स्काडा सेंटर से ह्यूमन मशीन इंटरफेस तकनीक का उपयोग करते हुये प्रदेश की इस पहली 132 के.व्ही. अंडर ग्राउंड लाइन को रिमोट से ऊर्जीकृत किया गया। इस लाइन पर अब भोपाल मेट्रो के 132 के.व्ही. आर.एस.एस. सबस्टेशन सुभाष नगर तक एम.पी. ट्रांसको की सप्लाई उपलब्ध हो गई है। प्रदेश में पहली बार 132 के.व्ही. वोल्टेज लेबल पर भूमिगत केबल अंडर ग्राउंड लाइन को स्थापित कर ऊर्जीकृत किये जाने के इस महत्वपूर्ण और चुनौती पूर्ण लक्ष्य को हासिल करने पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने एम.पी. ट्रांसको के कार्मिकों को बधाई दी है। राजेश कुमार



शांडिल्य ने बताया कि भोपाल मेट्रो के 132 के.व्ही. आर.एस.एस. सबस्टेशन सुभाष नगर को विद्युत प्रदाय हेतु एम.पी. ट्रांसको के 132 के.व्ही. सबस्टेशन चंबल (भोपाल) से लगभग 2.1 कि.मी. डबल सर्किट लाइन का निर्माण किया गया है।

प्रदेश में पहली बार विद्युत पारेषण के लिये इस तकनीक का उपयोग किया गया है।

# जबलपुर में झमाझम बारिश-आंकड़ा 44 इंच के करीब

### संभाग के कुछ जिलों और बैतूल, हरदा, देवास में भारी से अति भारी वर्षा के लिये रेड अलर्ट जारी

### सागर, छतरपुर, कटनी, डिंडौरी, बालाघाट, नरसिंहपुर के लिये यलो अलर्ट



**जबलपुर, देशबन्धु।** मानसून ने एक बार फिर से जोर पकड़ लिया है। जबलपुर संभाग सहित बैतूल, हरदा, देवास और खंडवा में आगामी 24 घंटे के दौरान भारी से अति भारी वर्षा के लिये रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं मध्यम से भारी बारिश के लिये सागर, छतरपुर, कटनी, डिंडौरी, नरसिंहपुर, मंडला, बालाघाट और जबलपुर के लिये यलो अलर्ट बताया गया है। बीत तीन दिनों से जबलपुर में हो रही झमाझम बारिश के चलते आंकड़ा 44 इंच के करीब पहुंच गया है। जो इस साल में अब तक होने वाली संतोषजनक बारिश मानी जा रही है।

जबलपुर स्थित मौसम विभाग के अनुसार क्षेत्र में मानसून के बादल सक्रिय हैं। इसका असर भी देखने को मिल रहा है। बीती रात जहां बारिश रूक-रूक कर जारी रही। वहीं शनिवार को भी बारिश का क्रम रूक-रूक जारी रहा। मौसम में बदलाव के चलते जबलपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 3 डिग्री नीचे आ गया है। वहीं रात के पारे में भी कमी आयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान 26.4 और न्यूनतम तापमान 22.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते साल अधिकतम 30.5 और न्यूनतम 23.8 डिग्री सेल्सियस आंका गया था। अब तक कुल बारिश 1097.9 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अभी दक्षिण की तरफ आने वाली हवाएं 4 से 5 किमी घंटे की रफ्तार से चल रही हैं। 19 अगस्त को सुबह 8.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक वर्षा 001.4 मिमी दर्ज कर ली गई थी।

### लबालब हुआ बरगी बांध, 9 गेट खुले, अलर्ट जारी

शनिवार को बरगी बांध का लेवल 421.75 मीटर तक पहुंच गया है । जो लगभग 92 प्रतिशत भर चुका है। विगत 48 घन्टे मे 66 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। अजय सूरे कार्यपालन यंत्री बरगी बांध ने बताया कि 19 अगस्त को शाम 6 बजे, 9 गेटों को औसत उंचाई 1.16 मीटर खोलते हुए 1588 घन मीटर/सैकेण्ड , जल की निकासी की गई । सर्वसाधारण से नर्मदा के तट से दूरी बनाये रखने की अपील की गई है।

## एमएलबी शाला की शिक्षिका सम्मानित

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्वतंत्रता दिवस पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या शाला जबलपुर की (शास.एम.एल.बी.हा.से) शिक्षिका श्रीमती शबनम खान को उनके शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सौरभ कुमार सुमन और पुलिस अधीक्षक श्री तुषारकांत विधार्थी सहित अनेक अधिकारी भी उपस्थित थे।



## काव्य संग्रह का विमोचन आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** पनागर नगर के ख्याति लब्ध कवि, शिक्षक, मानस के सरस प्रवक्ता पंडित पी. एल. व्यास के काव्य संग्रह सावन के मेले में का विमोचन समारोह स्थानीय श्री जानकीरामण महाविद्यालय, बलदेवबाग में आज शाम 4.00 बजे से प्रदेश आंचलिक साहित्यकार परिषद एवं अनेकान्त के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित है लिए समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ राजकुमार सुमित्र करेंगे, मुख्यातिथि डॉ अखिलेश गुमास्ता होंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, डॉ मनोज पांडे, डॉ कमलेश व्यास होंगे।

कार्यक्रम के द्वितीय चरण मे अनेकान्त की काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील डा. अभिमन्यु जैन, सुरेश मिश्र विचित्र, यु. एस. दुबे, डॉ कौशल दुबे, डॉ. आनंद सिंह राणा आदि ने की है ।


FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888

FOLLOW BY SAMDARIYA CINEMAS

समदड़िया सिनेमा

MORNINIG SHOW OFFER RS. @ 100/- (CONDITION APPLY)

Gadar-2 09:00 AM 10:00 AM 12:00 PM 01:00 PM 03:15 PM 04:15 PM 06:30 PM 07:30 PM 09:45 PM 10:45 PM

Ghoomer 10:15 AM 05:45 PM 08:15 PM

Rocky Aur Rani 02:30 PM

Jailer In Hindi 11:30 PM

Blue Beetle In English 12:45 PM In Hindi 08:00 AM 06:15 PM

Non Stop Dhamaal 12:30 PM

OMG-2 09:30 AM 03:15 PM 08:35 PM 10:50 PM


# मुख्य पूछताछ निरीक्षक की परीक्षा 12 सितंबर को होगी

### दो पद के लिये 16 उम्मीदवार परीक्षा में बैठेंगे

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर जोन में 16 सितंबर को मुख्य पूछताछ निरीक्षक की लिखित परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।

इस परीक्षा में वाणिज्य विभाग परिचालन विभाग व अन्य विभाग के जबलपुर मंडल, कोटा मंडल, भोपाल मंडल के विभागीय कर्मचारी शामिल होंगे। सूत्रों से प्राप्त खबर के अनुसार जी दुबे, राजीव कुमार श्रीवास, शैलेष कुमार शिवहरे, निर्मल कुमार मिश्रा, संजय कुमार मिश्रा, प्रमोद साहू, रवि प्रकाश मिश्रा, रवि राज सिंह, शैलेन्द्र इंगले जबलपुर मुख्यालय एवं जबलपुर मंडल रेल प्रबंधक, पुष्पेन्द्र शर्मा, पी सिंह, पुनीत नगरवाल, मनोज वशिष्ठ सभी कोटा मंडल रेल प्रबंधक, अजय श्रीनागऋषि, मुख्य ट्रेन नियंत्रक भोपाल, इसी के साथ ही साथ अश्विनी मिश्रा मुख्य सतर्कता निरीक्षक भी इस परीक्षा में शामिल होंगे।

इस सभी उम्मीदवारों को इस परीक्षा में शामिल होने के लिये रेलवे प्रबंधन ने पात्र पाया है।

WEST CENTRAL RAILWAY • INDIAN RAILWAYS • भारतीय रेल

पश्चिम मध्य रेल

### यह परीक्षा में नहीं बैठ सकेंगे

जानकारी के अनुसार तरूण सिंह राठौर वरिष्ठ ट्रेन प्रबंधक कोटा, नीरज कुमार यादव स्टेशन मास्टर जबलपुर, देवांश सोनी सीनियर सेक्शन इंजीनियर कोचिंग डिपो, सचिन्द्र देव पांडे सीनियर सेक्शन इंजीनियर जबलपुर को इस लिखित परीक्षा में अपात्र पाए जाने के कारण यह परीक्षा में नहीं बैठ सकेंगे।

## नागपुचमी पर विशाल ईनामी दंगल



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्व. ईश्वरदास रोहाणी, स्व. ठाकुर प्रसाद जसेले की स्मृति में नागपंचमी के पावन अवसर पर 21 अगस्त को दोपहर 2:00 बजे से एक दिवसीय भव्य विशाल ईनामी दंगल का आयोजन खेरमाई प्रांगण, कजरवारा, जबलपुर में आयोजित किया गया है, जिसमें स्थानीय जिला के अलावा आसपास के क्षेत्रों के अखाड़ों के महिला एवं पुरूष पहलवान भी हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद राकेश सिंह, विशिष्ठ अतिथि केन्ट विधायक अशोक रोहाणी, वरिष्ठ भाजपा नेता दीपांकर बैनर्जी, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, भारतीय शैली कुश्ती महासंघ के उपाध्यक्ष अर्जुन यादव, पूर्व पार्षद सुदर अग्रवाल, अमित अग्रवाल, पार्षद किशन दास चैधरी, कुलदीप सिंह गिल, नकूल गुप्ता, तुलसी चमकेले आदि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजन समिति के सचिव मंतो पहलवान, जसेले परिवार के द्वारा किया जाता है, और निर्णनायक रहेंगे।

दीपक रजक, प्रवीण पहलवान, सतीश, अरूण, राकेश यादव, राजू यादव, किशोरी खलीफा, दुर्गाशंकर, सुनील कुमार पटेल, आदि ने उपस्थिति की अपील की है।


J.B.F.A.

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

मुर्गा छोटा - रु. 110

मुर्गा मीडियम - रु. 108

मुर्गा बड़ा - रु. 106

मुर्गा जम्बो - रु. 106

मो.-9039925000, 9425800409

सोनू पोल्ट्री

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 102

मीडियम ब्रॉयलर - रु. 104

छोटा ब्रॉयलर - रु. 106

मोबाइल नं. 9300692405

ब्यूटी इंडस्ट्री में अपना सुनहरा कॅरियर बनाये

जबलपुर का सरकारी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान (ब्यूटी पार्लर के सभी कोर्स मे 50% डिस्काउंट)

LOOK SALON & ACADEMY (ONLY FOR FEMALE)

7828416648,7987003927

239, जय नगर, गढ़ा रोड, लेबर चौक, जबलपुर म.प्र.

FREE FREE FREE FREE

हेयर वाश, हेयर कट, फेस ब्लीच, हैंड डी -टेन पैक, फेस डी -टेन पैक,

कॉल करके अपॉइंटमेंट प्राप्त कर इस विज्ञापन की कटिंग लेके आने पर इनमें से कोई भी एक सर्विस (उम्र 15+ महिलाओं के लिए) फ्री है।

आसान किस्तों में उपलब्ध

मिश्रा इन्टरप्राइजेज

सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है

1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।

एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है। 441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर मो. 9200000162 फोन- 2626496

## चरित्र संदेह पर कुल्हाड़ी मारकर पत्नि की हत्या करने वाला फरार पति गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहपुरा थाना अंतर्गत वार्ड 12 नया मोहल्ला खैरी में 18 अगस्त को चरित्र संदेह के चलते एक युवक ने अपनी को कुल्हाड़ी से काट कर मौत के घाट उतार दिया। और मौके से भाग निकला।

जिसके बाद शहपुरा थाना पुलिस सीएचसी शहपुरा पहुंची। जहां कुमारी गोल्डी चौधरी उम्र 22 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 12 नया मोहल्ला खैरी पुलिस को बताया कि वह एवं उसकी छोटी बहन अंजली चौधरी तथा मां रेखा चौधरी तीनों एक साथ घर पर सो रहे थे उसका बड़ा भाई बंटी चौधरी काम करने चला गया था घर में पिता कमलेश चौधरी थे, पिता कमलेश चौधरी लगभग 1 माह पूर्व से मां रेखा चौधरी के चरित्र पर संदेह कर रोजाना लड़ाई झगड़ा करते रहते थे।



18 अगस्त की सुबह लगभग 9 बजे उसकी मां बिस्तर में सो रही थी उसी दौरान पिता कमलेश चैधरी ने कुल्हाड़ी से उसकी मां को सोते समय सिर में चोट पहुंचा दी। मां को लेकर अस्पताल पहुचे जहां डॉक्टर ने जांच के बाद महिला को मृत को घोषित कर दिया। वरिष्ठ अधिकारियों ने आरोपी को पकड़ने के लिये टीम गठित की।

जिसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही थी। शनिवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि कमलेश चौधरी खैरी हार में मनोज पटेल के बोर के पास बने कमरे के जीना ने नीचे छिपा हुआ है। पुलिस ने तत्काल सूचना पर मौके पर दबिश दी और कमलेश चौधरी उम्र 47 वर्ष को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## बिजली चोरी पर आधारित ब्लैक ऑउट चेप्टर- 2 पुस्तिका का विमोचन

**जबलपुर, देशबन्धु।** शक्ति भवन में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा प्रकाशित कार्टूनों एवं पोस्टरों के माध्यम से बिजली की बचत करने एवं बिजली चोरी रोकने व सौर ऊर्जा का उपयोग करने समसमायिक ज्वलंत बिषय पर आधारित संदेशात्मक चित्रमयी पुस्तिका ब्लैक ऑउट चेप्टर-2 का विमोचन माननीय पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी एवं अति मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) सरोज गिरया द्वारा किया गया।



उपरोक्त पुस्तिका में महेश दुबे, सहायक यंत्री एमटीआरयू संभाग द्वारा निर्मित कार्टूनों और पोस्टर के माध्यम से बिजली चोरी करने पर होने वाले सामाजिक व कानूनी दुष्परिणाम व ऊर्जा की बचत के लाभ और सौर ऊर्जा के भविष्य में अधिकाधिक उपयोग किये जाने के लिए जनसामान्य में जागरूकता व गंभीरता लाने का अभिनव प्रयास किया है। उन्होने ब्लैक आउट पुस्तिका में कार्टूनों के माध्यम से समाज व वर्तमान पीढ़ी को एक नयी दिशा व सकारात्मक उत्तरदायित्व का बोध कराने का सजग प्रयास किया है।



## स्व. राजीव गांधी के जन्मदिन को अधिकार दिवस के रूप में मनाया जायेगा

### पूरे माह निकाली जायेगी ग्राम अधिकार यात्रा एवं नर्मदा बचाओ यात्रा

**जबलपुर, देशबन्धु।** राजीव गांधी पंचायतराज संगठन ने भारतीय जनता पार्टी के शासन पर ग्राम पंचायतों और पंचायतराज को कमजोर करने का आरोप लगाया है। राजीव गांधी पंचायतराज संगठन के संयोजक विवके अवस्थी ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये बताया कि पंचायतराज प्रणाली लोकतंत्र के चौथे चरण की सबसे मजबूत व्यवस्था है। पंचायतरात अधिनियम के माध्यम से कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के कार्यकाल के सबसे पहले पंचायतराज कायम करके पंचायतों को व्यापक और वृहत् अधिकार दिये गये हैं।

पंचायतराज संगठन के माध्यम से संयोजक विवेक अवस्थी ने लगातार ग्रामीण क्षेत्रो में जनसंपर्क किया और पाया कि भाजपा शासन ने तानाशाहीपूर्ण रवैया अपनाया है, चुनी गई लोकतांत्रिक संस्था पंचायतों के अधिकार में कटौती की है। अधिकारियों के हाथ में नियंत्रण बढ़ा देने से जिस गति से गांवों का विकास होना चाहिए वह नहीं हो रहा है। अभी तक आदिवासी जिले मंडला के समीप नारायणगंज तहसील के अंतर्गत चुटका परमाणु बिजली घर की परियोजना को भारत सरकार के द्वारा रद्ध कर देना था। चुटका परमाणु परियोजना का लगातार ग्रामीणजनों ने विरोध किया है, धरना प्रदर्शन, हड़ताल, जनसंपर्क पोस्टकार्ड अभियान के माध्यम से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर मां नर्मदा के चारों तरफ स्थित जैव विविधता की सुरक्षा और संरक्ष की मांग की हैं।

## ऑपरेशन शिकंजा के चलते अवैध कारोबारियों में हड़कंप,चार थाना क्षेत्रों में शराब तस्कर दबोचे गये

### 2 लाख रूपये की 1800 पाव देशी शराब व छोटा हाथी वाहन जप्त



**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले के पुलिस अधीक्षक तुषारकांत विद्यार्थी ने सभी थाना प्रभारियों और अधिकारियों को अवैध मादक पदार्थों के कारोबारियों पर कार्रवाई के लिये आदेशित कर रखा है। जिसके बाद जिले में लगातार शराब तस्कर पकड़े जा रहे हैं। इन तस्करों में भी हड़कंप मचा हुआ है। इसी कड़ी में पुलिस ने चार थाना क्षेत्रों में शराब तस्करों को पकड़कर उनसे देशी, अंग्रेजी व कच्ची शराब बरामद की है। इसी कड़ी में अधारताल थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि शनिवार को सूचना मिली कि अमखेरा खजरी मेन रोड के पास छोटा हाथी ऑटो क्रमांक एमपी 18 एल 1685 में कुछ लड़के बैठे हैं जो शराब रखे हुये हैं। जिसे अधारताल क्षेत्र में डम्ब करने की योजना बना रहे हैं। पुलिस ने तत्काल खजरी खिरिया बायपास में दबिश दी। जहां छोटा हाथी वाहन क्रमाकं एमपी 18 एल 1685 सोनू ट्रेडर्स नाम की शॉप के सामने खड़ा मिला। वाहन से एक युवक उम्र लगभग 23-24 वर्ष का तेजी से उतरकर खजरी खिरिया वायपास की ओर भाग गया। वाहन में तीन युवक चालक सीट के पास बैठे मिले। जिन्होंने अपने नाम क्रमशः मोह. रमजान खान उम्र 25 वर्ष निवासी बादशाह होटल के पास आजाद नगर हनुमानताल, समीर मंसूरी उर्फ सोनू उर्फ चीना उम्र 25 वर्ष निवासी गुड्डा होटल के पास कटरा अधारताल, मोह. समीम उम्र 30 वर्ष निवासी अक्सा मस्जिद के पास आजाद नगर मोहरिया हनुमानताल बताते हुये पुलिस को आता देखकर भागने वाले का नाम बबलू उर्फ फिरोज खान निवासी मक्कानगर हनुमानताल बताये। जब वाहन की तलाशी ली गई तो 9 बोरियां रस्सी से बंधी मिली, जिसमें 200-200 पाव देशी शराब इस प्रकार कुल 1800 पाव देशी शराब कीमती लगभग 2 लाख रूपये की रखी मिली। शराब व छोटा हाथी वाहन जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुये फरार आरोपी के तलाशी शुरू कर दी है।

### कच्ची शराब की तस्करी मे लिप्त 3 आरोपी गिरफ्तार

इसी प्रकार लार्डगंज थाना प्रभारी प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि देर रात सूचना मिली कि कन्हैया सोनी भारी मात्रा में शराब बेचने के लिये 2 बोरियों में लेकर भूलन बस्ती के पास खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने भूलन बस्ती में दबिश दी, जहां सीमेण्ट रोड में खम्बे के पास एक युवक खड़ा था जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। जिसने अपना नाम कन्हैया सोनी उम्र 28 वर्ष निवासी चेरीताल राजीवनगर, कोतवाली बताया। जिसकी तलाशी ली गई तो वह सीमेण्ट रोड किनारे रखी 2 बोरियों में 105 नग सफेद रंग की पॉलीथीन में कच्ची शराब रखे मिला। इसी क्रम में गोसलपुर थाना प्रभारी प्रशिक्षु आदर्शकांत शुक्ला ने बताया कि बीती रात गश्त के दौरान गोसलपुर शराब दुकान से 50 मीटर की दूरी पर 2 युवक मोटर सायकिल में 2 कार्टून की पेटी लेकर जाते दिखे, जिन्हें रोकने पर मोटर सायकिल के पीछे बैठा युवक कूद कर भाग गया। लेकिन मोटर सायकिल चालक पकड़ा गया। जिसने अपना नाम प्रमोद यादव उम्र 35 वर्ष निवासी फूदकी विद्या थाना मदनपुर जिला औरंगाबाद विहार वर्तमान पता देशी शराब दुकान गोसलपुर बताया। जिसके कब्जे में रखी दोनों पेटियों को चैक करने पर कुल 100 पाव देशी शराब के रखे मिला। आरोपी से उक्त शराब मय बिना नम्बर की मोटर सायकल टीव्हीएस रिनाण्ड जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में ओमती थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह पवार ने बताया कि बीती रात पुलिस को सूचना मिली कि शिव-पार्वती मंदिर के पीछे गली में भरतीपुर में एक युवक काले रंग की पॉलीथीन में शराब बेचने के लिये रखे है। पुलिस ने सूचना पर मौके पर दबिश दी।

जहां मुखबिर के बताये हुलिये का व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर अपना नाम शिवम उर्फ गोलू सोनकर उम्र 31 वर्ष निवासी शिव पार्वती मंदिर के पीछे भरतीपुर बताया। जिसके कब्जे में रखी काले रंग की पॉलीथीन को चैक करने पर 98 पाव देशी शराब के रखे मिले। आरोपी के कब्जे से 98 पाव देशी शराब कीमती लगभग 5 हजार रूपये की जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवही की गई।

## सर्वशक्ति कछपुरा विकास समिति जन आंदोलन की बैठक

**जबलपुर, देशबन्धु।** सर्व शक्ति कछपुरा विकास समिति मुकेश सराठे ने बताया कि रविवार 2023 को समय साम 5 बजे गनेश मंडपम में अति आवश्यक बैठक रखी गई है। जिसमें मुख्य सड़क, मुख्य जल निकासी, वैधीकरण, खंबे लाइट टीसी कनेक्शन जैसी समस्या को लेकर चर्चा की जायेगी और जन आंदोलन पैदल मार्च कलेक्टर को ज्ञापन के माध्यम से और उग्र आंदोलन, विधान सभा, लोक सभा चुनाव का बहिष्कार आगे की रुरेखा तैयार करने की योजना बनाई जायेगी। जिसमें समस्त कॉलोनी की निवासी पुष्पनगर, कांजकुंज परिसर, गणेश नगर, श्रीनगर के समस्त स्थानीय निवासी सम्मिलित होंगे और आने वाले समय में समिति द्वारा संगठित होकर कार्य करते रहेंगे, जिसमे स्थानीय नरेंद्र अग्रवाल, जगदीश सराठे, राजेश्वर तिवारी युगल किशोर कोष्ठा, सुनील भाई, भैयालाल सराठे, नरेश श्रीवास, राम केवट, गोपाल शुक्ला, नितिन कुशवाहा, पवन चौबे, सानू बाचपेई, राम पटेल, गौराव उपाध्याय, रमेश उमरेले, नितिन पांडे, संदीप शर्मा, राज पटेल हितेश झरिया प्रभात पटवा विश्वनाथ पटेल आदि उपस्थित रहे।

## महिला को मारपीट कर घर से निकाला पति, सास एवं ससुर के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**जबलपुर,देशबन्धु।** सिहोरा थाना में रजनी गडारी उम्र 26 वर्ष निवासी कटरा मोहल्ला सिहोरा ने बताया कि उसकी शादी लगभग 9 वर्ष पहले ग्राम दरौली खुर्द निवासी चंद्रिका प्रसाद गड़ारी के बेटे ब्रजबिहारी गड़ारी के साथ हिन्दू रीति रिवाज के साथ हुयी थी। शादी के 2-3 वर्ष के बाद से पति ब्रजबिहारी गड़ारी, ससुर चंद्रिका प्रसाद, सास तिज्जो बाई गड़ारी उसके छोटी छोटी घरेलू बातों को लेकर गालीगलौज कर मारपीट कर घर से निकालने एवं जान से मारने की धमकी देकर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। उसने लोकलाज के कारण किसी को नहीं बताया था। लेकिन 25 जुलाई की रात लगभग 11 बजे पति अकारण उसके साथ शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित कर जान से मारने की धमकी देते हुये घर से चले जाने के लिये कहने लगा। 29 जुलाई की सुबह लगभग 11 बजे उसे जबरदस्ती दोनों बच्चों के साथ मायके कटरा मोहल्ला सिहोरा छोड़ गये। शनिवार को लगभग 11-30 बजे पति ब्रजबिहारी कटरा मोहल्ला स्थित सिहोरा आये और उससे बच्चे छुडाते हुये उसे और उसके माता-पिता के साथ गालीगलौज कर जान से मारने की धमकी दिये। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

## पमरे में मनाया गया सद्भावना दिवस, महाप्रबन्धक ने दिलाई शपथ



**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय में प्रतिवर्ष 20 अगस्त को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी तारतम्य 20 अगस्त को साप्ताहिक अवकाश होने के कारण 18 अगस्त को पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक कार्यालय के सभाकक्ष में सद्भावना दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर पमरे के महाप्रंबधक सुधीर कुमार गुप्ता ने सभाकक्ष में उपस्थित प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी प्रभात, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ओम प्रकाश, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक पंकज शर्मा, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक डी.सी. अहिरवार, प्रमुख वित्त सलाहकार डॉ. एन.के. श्रीवास्तव, प्रमुख मुख्य इजीनियर ए.के. कनकने, प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. एच.के. श्रीवास्तव, प्रमुख मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर डी. वी. मीना, प्रमुख मुख्य इलेक्ट्रिकल इंजीनियर अमरेंद्र कुमार, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर हामिद अख्तर तथा सचिव महाप्रबन्धक राहुल जयपुरियार, मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी राहुल श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित अधिकारियों को सद्भावना दिवस की शपथ दिलाई।

### मंडल रेल प्रबंधक ने दिलाई सद्भावना की शपथ

सद्भावना दिवस के उपलक्ष में मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों नें सद्भावना की शपथ ली। मण्डल रेल प्रबंधक विवेक शील नें मण्डल कार्यालय के प्रांगण में उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को सद्भावना की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री प्रदीप कुमार एवं मंडल के शाखा अधिकारी विश्व रंजन, सुबोध विश्वकर्मा, विराट गुप्ता, पी.के सिंह, यशवंत कुमार, नितेश कुमार सोने, अखिलेश नायक, गुन्नार सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## बालक/बालिका हॉकी प्रतियोगिता 21-22 अगस्त को

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन एवं केन्टोनमेंट मॉडल हॉयर सेकेण्डरी स्कूल कटंगा सदर के तत्वाधान में जिला स्तरीय शालेय बालक/बालिका 14, 17, एवं 19 वर्ष की हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन 21 एवं 22 अगस्त 2023 को रानीताल खेल परिसर के हॉकी एस्ट्रोटर्फ मैदान में प्रात: 10 बजे से आयोजित किया जा रहा है। 21 अगस्त को बालिका 14,17 एवं 19 वर्ष वर्ग की प्रतियोगिताऐं आयोजित की जायेगी एवं 22 अगस्त को बालक 14,17 एवं 19 वर्ष वर्ग की प्रतियोगिताऐं आयोजित की जायेगी। जिन प्रतिभागियों में भाग लेना है वे ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन फार्म संकूल से फॉरवर्ड करा कर उपस्थित हों, बिना ऑनलाईन फार्म के प्रतियोगिता में भाग लेने नही दिया जायेगा।

## महाराणा प्रताप-गिरीराज किशोर की मण्डल कार्यकारणी घोषित

**जबलपर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव की पूर्व क्षेत्र की प्रथम सूची जारी होते ही भाजपा मंडल ने भी कार्यकर्ताओं की सूची जारी की है। जिसमें गिरीराज किशोर मंडल व महाराणा प्रताप मंडल की कार्यकारिणी घोषित की गई है। जिसमें संदीप पटेल उपाध्यक्ष, मोहन प्रजापति उपाध्यक्ष, अंकित दुबे उपाध्यक्ष, सतीश खडांलकर उपाध्यक्ष, रविकांत साहू उपाध्यक्ष, उदघोष चोंलकर उपाध्यक्ष, राकेश तिवारी महामंत्री, राजकुमार अहिरवार महामंत्री, अनुराग सोनी मंत्री, सविता सेन मंत्री, आभा दुबे मंत्री, जतिन गिरी गोस्वामी मंत्री, अविकास दुबे मंत्री, तरूण अवस्थी मंत्री, वीरेन्द पटेल (वीरू) प्रचार मंत्री, दसई प्रजापति कोषाध्यक्ष, संध्या बर्मन कार्यालय मंत्री, श्वेता सूर्यवंशी मीडिया प्रभारी, विनीता शर्मा सह मीडिया प्रभारी, राहुल खत्री अध्यक्ष, विजय सिंह महामंत्री, अंकित श्रीवास्तव महामंत्री, चंद्रशेखर नायकर उपाध्यक्ष, संजय पांडे उपाध्यक्ष, ज्ञानेन्द्र तिवारी उपाध्यक्ष, सागर मिश्रा उपाध्यक्ष, विजय मोरे उपाध्यक्ष, अश्वनी सूद मंत्री, रत्नेश सैनी मंत्री, राकेश साहू मंत्री, भानू प्रताप सिंह मंत्री, सुमन झारिया मंत्री, सुरेन्द्र साहू मंत्री, नीलेश सोनी कोषाध्यक्ष, पंकज वैध, प्रचारमंत्री, पुरूषोत्तम सिंगरहा कार्यालय मंत्री, सुखचैन झारिया मीडिया प्रभारी, शैलेन्द्र बेन सह मीडिया प्रभारी घोषित किया।

## कटनी नगर निगम का आदेश निरस्त, अंजुमन इस्लामिया ट्रस्ट पर संपत्ति कर अधिरोपित करने का मामला

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने कटनी नगर निगम कटनी के उस आदेश को निरस्त कर दिया जिसके तहत अंजुमन इस्लामिया ट्रस्ट कटनी के ऊपर संपत्ति कर अधिरोपित किया गया था। जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने अतिरिक्त जिला न्यायाधीश कटनी का वह आदेश भी निरस्त कर दिया जिसके द्वारा उन्होंने ट्रस्ट की अपील को खारिज किया था।

यह मामला अंजुमन इस्लामिया ट्रस्ट कटनी ने हाईकोर्ट में दायर किया था। जिसमें कहा गया कि ट्रस्ट एक शैक्षणिक एवं धार्मिक संस्था है, बावजूद उसके ऊपर संपत्ति कर अधिरोपित किया गया। संपत्ति कर आरोपित करने से पहले नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों का पालन भी नहीं किया गया। आपत्तियों का रजिस्टर में एंट्री, उचित आंकलन और सुनवाई का उचित अवसर नहीं दिया गया। हाईकोर्ट ने प्रकरण को वापस रिमांड करके कहा कि जिस संपत्ति की शैक्षणिक अथवा धार्मिक कार्यों के लिए उपयोग हो रहा है, उस संपत्ति पर कर नहीं लग सकता। पहले नियमानुसार जांच की जाये और उसके बाद ही कोई संपत्ति कर लगाया जा सकता है। उक्त मत के साथ न्यायालय ने कटनी ननि व एडीजे कटनी का आदेश निरस्त कर दिया। याचिकाकर्ता ट्रस्ट की ओर से अधिवक्ता एनएस रूपराह ने पक्ष रखा।




## पुलिस अधिकारी को हाईकोर्ट से राहत

### वेतन वृद्धि रोके जाने का आदेश निरस्त, संपूर्ण लाभ देने के निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट से पुलिस अधिकारी जगन्नाथ सिंह मरकाम को राहत मिली है। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने उनकी एक वेतन वृद्धि रोके जाने संबंधी आदेश को निरस्त कर दिया है। इसके साथ ही आवेदक को वर्ष 2013 से संपूर्ण लाभ प्रदान करने के निर्देश दिये है।

जगन्नाथ सिंह मरकाम की ओर से यह मामला दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि वह पूर्व में सतना जिले में एसडीओपी के पद पर पदस्थ थे। वर्ष 2009 में एक महिला की आत्महत्या मामले में एफएसएल रिपोर्ट न होने के कारण एफआईआर में विलंब हुआ था। जिस पर विभाग की ओर से कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था। जिसका जवाब उनकी ओर से दिया गया, लेकिन उसके बाद 25 मार्च 2010 को आईजी ने अप्रसन्नता का दंड देकर विभागीय प्रकरण समाप्त कर दिया। आवेदक की ओर से कहा गया कि उसी प्रकरण में दस माह बाद पुन: कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। आवेदक ने जब जवाब दिया तो अवर सचिव द्वारा तीन वेतन वृद्धि असंचाई प्रभाव से रोके जाने का आदेश पारित कर दिया गया। जिसके खिलाफ की गई अपील पर राज्य सरकार ने सजा में बदलाव करते हुए एक वेतन वृद्धि रोके जाने के आदेश दिये, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई। मामले में आवेदक की ओर से दिये तर्कों के उपरांत न्यायालय ने वेतन वृद्धि रोके जाने का आदेश निरस्त कर संपूर्ण लाभ देने के निर्देश दिये। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता मनोज कुशवाहा एवं कौशलेंद्र सिंह ने परवी की।

## बहु की कुल्हाड़ी से हत्या करने वाली सास को आजीवन कारावास

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला अदालत ने बहु की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या करने वाली सास को दोषी करार दिया है। एडीजे नीलू संजीव श्रृंगीऋषि की अदालत ने आरोपी सुशीलाबाई को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है।

अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि बेलखेड़ा क्षेत्रातंर्गत ग्राम मालाखुर्द में आरोपी सुशीलाबाई ने अपनी बहु सोमवती बाई की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी थी। उक्त वारदात 1 से 4 मई 2014 के बीच घटित हुई थी। इतना ही उसके बाद मृतिका के चाचा ससुर छत्तर सिंह व बोहत सिंह ने सुशीलाबाई के साथ मिलकर सोमवती की लाश को हिरन नदी में फेंक दिया था। जिसकी लाश पानी में उतराते हुए मिली थी। पुलिस ने मामले में हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया था। अदालत ने साक्ष्यों को मद्देनजर रखते हुए आरोपी सास को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया। मामले में शासन की ओर से एजीपी राजेश तिवारी ने पक्ष रखा।

## नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाले को तीन साल की सजा

**जबलपुर, देशबन्धु।** पाक्सो की अदालत ने एक नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी चंदन उर्फ अंश चौधरी को तीन साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने आरोपी पर एक हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि 22 दिसंबर 2022 को पीड़िता बेलबाग स्कूल के सामने कोचिंग पढ़ने गई थी। वहां से लौटते समय आरोपी उसे अपनी गाड़ी में बैठाकर ले गया और कमरे में बंद कर दिया। इतना ही नहीं आरोपी ने चाकू अड़ाकर पीड़िता को धमकाया और छेड़खानी की। किसी तरह पीड़िता आरोपी के चंगुल से बचकर भागी। शिकायत पर बेलबाग पुलिस ने छेड़खानी व पाक्सों एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया था। सुनवाई पश्चात् अदालत ने आरोपी को उक्त सजा से दंडित किया। शासन की ओर से एडीपीओं मनीषा दुबे ने पक्ष रखा।

## 26 को महिला अधिवक्ताओं के लिये मनाया जायेगा ग्रीन-डे

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला अधिवक्त संघ द्वारा हर वर्ष की तरह सावन माह में इस मर्तबा भी महिला अधिवक्ताओं के लिये ग्रीन-डे कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम 26 अगस्त शनिवार को जिला न्यायालय परिसर में आयोजित होगा। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष आरके सिंह सैनी व सचिव राजेश तिवारी ने उक्त जानकारी दी। श्री सैनी ने बताया कि जो भी महिला अधिवक्ता ग्रीन-डे कार्यक्रम में भाग लेना चाहती है, वे संघ कार्यालय में अपना नाम दर्ज करा दे, ताकि वह मंच पर अपनी प्रस्तुति दे सकें। उक्त कार्यक्रम में आर्केस्ट्रा के माध्यम से रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत होंगे, तदोपरांत महिला अधिवक्ताओं को उपहार देकर सम्मानित किया जायेगा।

## पल्मोनरी मेडिसिन स्कूल के विखंडन पर राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग की रोक

**जबलपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग नई दिल्ली ने नोटिफिकेशन (नम्बर 578) जारी कर स्नातक चिकित्सा शिक्षा बोर्ड, नए चिकित्सा संस्थानों की स्थापना, नए चिकित्सा पाठ्यक्रमों की शुरूआत, मौजूदा पाठ्यक्रमों के लिए सीटों की वृद्धि मूल्यांकन और रेटिंग विनियम 2023 के नियम संबंधी दिशा-निर्देश जारी किये हैं, इसके अंतर्गत प्रतिवर्ष स्नातक छात्रों के प्रवेश के लिए अनुमोदित प्रत्येक मेडिकल कॉलेज के 21 विभागों की सूची जारी की है। डॉ पीजी नाजपांडे ने बताया कि इस नोटिफिकेशन में रेस्पिरेटरी मेडिसिन तथा इमर्जेंसी विभागों को शामिल नहीं किया गया है। पूर्व में रेस्पिरेटरी विभाग/स्कूल ऑफ एक्सीलेंस इन पल्मोनरी मेडिसिन में चल रहे पाठयक्रमों को मेडिकल कॉलेज के अंतर्गत भेजे जाने की योजना चल रही थी चूंकि अब आयोग द्वारा जारी सूची में यह विभाग शामिल नहीं किये गये हैं, अत: अब यह पाठयक्रम जहां थे वहीं पर रहेंगे।

# झामल नदी के बहाव में बहा परिवार

## पत्नी तैर कर सुरक्षित बाहर निकली, पति का मिला शव, बेटी की तलाश जारी

**मंडला, देशबन्धु।** बीजाडांडी थाना अंतर्गत चौकी मनेरी क्षेत्र में शुक्रवार रात झामल नदी में मोटर साइकिल सहित पति, पत्नी और बेटी के बह जाने की खबर है, इसमें पत्नी तो नदी से सुरक्षित बाहर निकल आई, लेकिन पति और बेटी नदी के तेज बहाव में बह गए। ये तीनों मोटरसाइकिल से अपने गांव जा रहे थे। उसी दौरान झामल नदी के रपटे पर यह दुर्घटना हो गई। सुबह पति का शव बरामद कर लिया गया है। मृतक का नाम किशन लाल भवेदी (55) पिता मान सिंह निवासी ग्राम बिलनगरी बताया गया है। वहीं मौके पर एसडीआरएफ की टीम मौजूद है जो लापता बेटी की तलाश में जुटी हुई है।

**गांव बिलनगरी लौट रहे थे तीनों**

घटना बीजाडांडी थाना क्षेत्र के मनेरी चौकी अंतर्गत ग्राम भवेरा की बताई गई है। जहां ग्राम बिलनगरी निवासी किशन लाल भवेदी बाइक पर अपनी पत्नी और बेटी के साथ कटंगी से अपने गांव बिलनगरी लौट रहे थे। रात के समय ग्राम भवेरा के नजदीक झामल नदी के रपटे को पार करने के दौरान तेज बहाव में मोटर साइकिल सहित ये तीनों बह गए, इसमें पत्नी सावित्री भवेदी करीब आधा किमी दूर तक बहने के बाद सुरक्षित रूप से नदी से बाहर निकल आई,



लेकिन पति किशन लाल और उनकी बेटी तेज बहाव में लापता हो गए। पत्नी सावित्री भवेदी ने गांव पहुंच कर लोगों को जानकारी दी।

**ग्रामीणों की मदद से की सर्चिंग**-घटना की सूचना मिलते ही मनेरी पुलिस मौके पर पहुंच गई और लापता की तलाश में ग्रामीणों की मदद से सर्च ऑपरेशन प्रारंभ किया। एसडीआरएफ को भी घटना की सूचना दी। दुर्घटना स्थल से करीब 4 किमी दूर पति किशन लाल का शव बरामद कर लिया। वहीं एसडीआरएफ की टीम भी पहुंच गई है, जो दुर्घटना में लापता बेटी भांति पति सुदामा (28) निवासी ग्राम बिलनगरी की तलाश में जुटी हुई है।

# डीएलएड एग्जाम में फर्जी परीक्षार्थी पकड़ाया

### बिहार का युवक मौसेरे भाई की जगह दे रहा था पेपर

**रीवा देशबन्धु।** शहर में डीईएलईडी के दौरान एक मुन्ना भाई पकड़ाया है। केंद्राध्यक्ष ने वरिष्ठ अधिकारी को दूरभाष पर जानकारी दी। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर विश्वविद्यालय थाने को सूचना दी।



जानकारी के बाद थाने का बल पहुंचा। जिसने फर्जी विद्यार्थी को गिरफ्तार कर लिया है। थाने में आरोपी से पूरे नेटवर्क के बारे में पूछा जा रहा है। जानकारी के अनुसार इन दिनों शासकीय उमावि मार्तण्ड क्रमांक 2 में डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षा चल रही है। ऐसे में रीवा विकास खंड शिक्षा अधिकारी टीम के साथ परीक्षा कक्ष का निरीक्षण कर रहे थे। वे संस्था के केंद्राध्यक्ष नवनीत खरे कक्ष पर पहुंचे। उनको शनिवार सुबह 8 से 11 बजे के बीच होने वाली परीक्षा में एक छात्र पर शंका हुई। प्रवेश पत्र मिलान करने पर परीक्षा दे रहा छात्र अलग समझ में आया। केंद्राध्यक्ष ने वरिष्ठ अधिकारी को जानकारी दी। तुरंत विश्वविद्यालय पुलिस बुलाई गई। जो फर्जी परीक्षार्थी को साथ लेकर चली गई है।

**मौसी का लड़का निकला सॉल्वर**

विश्वविद्यालय पुलिस ने बताया कि फर्जी परीक्षार्थी को गिरफ्तार किया है। आरोपी प्रमोद कुमार 32 वर्ष बिहार का रहने वाला है। दोनों एक होटल में ठहरे थे। वह सुबह मौसी के लड़के की जगह परीक्षा दे रहा था। क्योंकि मौसी का बेटा पढ़ाई में कमजोर था। अभी प्रमोद कुमार को थाने में बैठा लिया है। संभवतः मौसी के लड़के को भी आरोपी बनाया जाएगा।

## सार-समाचार



### महिलाओं ने मनाया हरियाली तीज का पर्व

**पनागर,देशबन्धु।** सुहागी में पूर्व जिला पंचायत सदस्य जिला महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती संगीता सिंह के नेतृत्व में महिलाओं द्वारा हरियाली तीज का कार्यक्रम हरी हरी साड़ी पहनकर पूर्ण सिंगार कर हरियाली तीज का कार्यक्रम बड़ी माई मंदिर सुहागी में बड़ी में की पूजा अर्चना कर ढोलक की थाप पर भजन गाकर नृत्य कार्य झूला झूमकर सभी महिलाओं ने धूमधाम से मनायाद्य इस अवसर पर श्रीमती संगीता सिंह मधु भारद्वाज रचना त्रिपाठी मनीषा अनीता उपाध्याय राधा पटेल लता वैष्णव अनु पटेल कविता ठाकुर रश्मि ठाकुर संगीत करें राखी केवट सुमन रजक सुमन मिश्रा रत्ना पटेल लक्ष्मी सिंह रामवती रैकवार मीना झरिया यशोदा उपाध्याय रोशनी कापसे रमन ठाकुर मुन्नी दुबे सीमा पटेल आदित्य को महिलाएं उपस्थित थी सभी ने भक्ति भाव के साथ इस पर्व को मनाया।

### शांति निकेतन विद्यालय ने किया मेधावी छात्रों का सम्मान




**पनागर, देशबन्धु।** स्थानीय शांतिनिकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल पनागर में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मार्च फास्ट का आयोजन किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सत्येंद्र सिंह यादव कांग्रेस वरिष्ठ नेता तथा विशिष्ट अतिथि विमल जैन विधानसभा प्रभारी कांग्रेश एवं अध्यक्ष तहसील अधिवक्ता फोरम व महाराजपुर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मनोज पटेल दाऊ की उपस्थिति में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मार्च फास्ट सहित समस्त कार्यक्रम संपन्न किए गए इस अवसर पर सत्र 2022-23 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के 75 परसेंट से अधिक अंक पाने वाले छात्र छात्राओं का स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया इसी श्रृंखला में विद्यालय के छात्र-छात्राओं में से शाला नायक एवं उप् शाला नायक का चयन कर वेच लगाकर अतिथियों ने शपथ दिलाई कार्यक्रम में शाला व्यवस्थापक विजय यादव ने विद्यालय की होनहार छात्र छात्राओं एवं शाला स्टाफ की कड़ी मेहनत के लिए उन्हें धन्यवाद दिया इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ सत्येंद्र सिंह यादव ने अपने उद्बोधन में शाला के अनुशासन एवं मेधावी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि विमल जैन एवं मनोज पटेल दाऊ ने भी संबोधित किया कार्यक्रम संचालन विद्यालय की शिक्षक सृष्टि सोनी ने एवं आभार श्रीमती अंजू लोधी ने किया।

### यातायात पुलिस उप अधीक्षक रामेश्वर प्रसाद चौबे राष्ट्रपति पदक से सम्मानित

**सिहोरा, देशबन्धु।** नगर सिहोरा के ब्राह्मण पुरा निवासी यातायात पुलिस उप अधीक्षक रामेश्वर प्रसाद चौबे राष्ट्रपति पदक से संम्मानित किये गये। बीते दिन 15 अगस्त को भोपाल स्थित लाल परेड ग्राउड में अपनी सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पदक से संम्मानित किया गया श्री चौवे जी को 2013 से लगातार अपने कर्तव्यों के लिऐ सम्मानित होते आ रहे है 2016 मे उन्हें सिंहस्थ मेडल प्राप्त हुआ वही ,2020 मे उन्हे यूनियन होम मिनिस्टर ट्रेनिंग पदक प्राप्त हुआ था और इस वर्ष 2023 को फिर राष्टपति पदक पा कर अपना और अपने परिवार सहित नगर सिहोरा को गौरवांतित किया है श्री चौबे जी को परिचितों सहित परिवार ने शुभकामनाऐं दी है रामेश्वर प्रसाद चौबे ब्राम्हणपुरा सिहोरा निवासी रहे स्व. श्री श्यामनुज चौबे जी के सुपुत्र है।



# 'व्यक्तित्व विकास की गति की' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन

**सिहोरा, देशबन्धु।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित एवं शासकीय श्यामसुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिहोरा,जबलपुर के व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ द्वारा 'व्यक्तित्व विकास की गतिकी' विषय पर एक दिवसीय राष्टीय वेबीनार का आयोजन माननीय उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव जी के संरक्षण,महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ संतोष जाटव (प्रभारी , अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग जबलपुर संभाग ) की अध्यक्षता और जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री राजा मोर जी के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रज्ञेश अग्रवाल (विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी उच्च शिक्षा विभाग) जी उपस्थित रहे। वेबिनार में विषय विशेषज्ञ के रूप में प्रो0 पी0के0 घोष(अर्थशास्त्र विभाग ,इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश), डॉ प्रशांत श्रीवास्तव (डीन,छात्र कल्याण, हेमचंद यादव विश्विद्यालय दुर्ग छ0ग0) उपस्थित रहे।

वेबिनार का आयोजन दो सत्र में किया गया, प्रथम सत्र में माननीय मुख्य अतिथि, अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि का विषय पर परिचयात्मक उद्बोधन एवं विषय विशेषज्ञ सारङ्गर्भित विचार और द्वितीय सत्र में प्रतिभागियों द्वारा शोधपत्र वाचन किया गया। प्रथम विषय विशेषज्ञ प्रो. पी. के. घोष जी ने व्यक्तित्व विकास पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए ओसियन मॉडल,हेक्सको मॉडल(एच फैक्टर) और स्वामी विवेकानंद जी के फाइव डाइमेंशन ऑफ पर्सनालिटी आदि के माध्यम से व्यक्तित्व विकास की गतिकी को सुलभ शब्दों में व्याख्यायित किया। द्वितीय विषय विशेषज्ञ डॉ प्रशांत श्रीवास्तव जी ने अपने व्याख्यान में व्यक्तित्व के गुण, शारीरिक भाषा,लक्ष्य निर्धारण की आवश्यकता, मानसिक,सामाजिक चारित्रिक गुण और निरंतर बढ़ते रहने की प्रवृत्ति इत्यादि विषयों का समन्वय करते हुए व्यक्तित्व विकास की गतिकी पर सारगर्भित उद्बोधन प्रस्तुत किया ।

उक्त कार्यक्रम में डॉ मीनाक्षी राठी, डॉ सपना कासलीवाल, डॉ ममता बर्मन, डॉ चंदा यादव और महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो नीता तिवारी जी ने शोधपत्र वाचन किया।

कार्यक्रम का संयोजन डॉ सुदेश मेहरोलिया और संयोजक सचिव का दायित्व श्री कुणाल कुमार वर्मा जी द्वारा निर्वहन किया।उक्त वेबिनार में महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक सदस्यों और विद्यार्थियों के साथङ्कसाथ लगभग 40 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र संचालन श्री जागेश्वर प्रसाद प्रजापति और शोधपत्र वाचन सत्र का संचालन सुश्री गार्गी भट्टाचार्य जी द्वारा किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में कुशल मार्गदर्शन प्रो मनोज श्रीवास्तव, (समन्वयक, आई.क्यू.ए.सी.) वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो श्रीकृष्ण तिवारी एवं प्रो. सुनू आर. के. मैथ्यू जी का प्राप्त हुआ और तकनीकी विशेषज्ञ के रूप में डॉ रूपेश कुशवाह, श्री अखिलेश कुर्मी, डॉ राहुल शर्मा,श्री अंकित द्विवेदी,श्री गौरव द्विवेदी,श्री पवन नामदेव और ऋषिकेश चंद्रवंशी जी का सहयोग सराहनीय रहा।

## ग्रामीण क्षेत्रों में ध्वजारोहण रंगारंग कार्यक्रम हुए

**गोसलपुर, देशबन्धु।** स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ गोसलपुर तथा आसपास के क्षेत्रों में पूर्ण उत्साह एवं उल्लास पूर्वक मनाई गई इस अवसर पर सभी भारतीय नागरिकों ने देशभक्ति को गर्वित महसूस किया स्वाधीनता दिवस पर सर्वप्रथम गोसलपुर में सभी शासकीय अशासकीय एवं शिक्षण संस्थाओं में ध्वजारोहण किया गया सर्वप्रथम ग्राम पंचायत प्रांगण में सरपंच श्रीमती गिरिजा जितेंद्र पालीवाल द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर सभी शैक्षणिक संस्थाओं के छात्र छात्राओं ने राष्ट्रगान गाया उपरांत झंडा चौक में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय गोरेलाल पांडे के नाती जितेंद्र पांडे ने ध्वजारोहण किया ।शैक्षणिक संस्थाओं ने कन्या माध्यमिक शाला में श्रीमती अंजनी पालीवाल, बालक शाला में तिर्की सुंदरी तथा सरस्वती शिशु मंदिर में श्रीमती रजनी विश्वकर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। पुलिस थाना में आईपीएस आदर्श कांत शुक्ला द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कछपुरा ग्राम पंचायत में सरपंच देवेंद्र पटेल, देवनगर में परशुराम पटेल द्वारा ध्वजारोहण किया गया। जिओमिन कंपनी में एच आर अमित सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर देशभक्ति के गीतों के साथ रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

# समय से नहीं आता पाटन कॉलेज का स्टाफ

## समय पर कक्षाएं नहीं लगने से छात्र-छात्राएं परेशान

**पाटन, देशबन्धु।** पाटन ब्लाक के शासकीय शोभा सिंह महाविद्यालय में अजीबो गरीब नियम चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कॉलेज मेन सड़क से महुआखेड़ा रोड़ पर करीब 1 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। जहा नगर एवं ग्रामीण इलाकों के विद्यार्थी कॉलेज में बीए,बीकॉम,बीएस सी संकाय में छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया है।

लेकिन इसे विडंबना ही कहिए की कालेज तो सुबह 10 बजे खुल जाता है और यहां अध्ययन करने वाले विद्यार्थी भी 10:30 बजे तक कॉलेज की प्राचार्य सुनीता शर्मा सहित शिक्षक-शिक्षिकाए एवम् पुस्तकालय अध्यक्ष ये सभी जबलपुर से अप-डाउन करते है और हर दिन करीब 11:30 बजे के बाद ही कॉलेज में आते है। विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि नारायण प्रसाद जो कि कॉलेज का चपरासी है वह सुबह 10 बजे कॉलेज के गेट खोलकर साफ सफाई इत्यादि कार्य करता है और कॉलेज में क्लास शुरू होने का समय करीब साढ़े दस बजे का है। समय से क्लास नहीं लगती जिससे छात्र- छात्राएं इधर-उधर घूमते आपको दिख जाएंगे। यह कालेज करीब डेढ़ से दो घंटे तक एक चौकीदार के भरोसे पर चलने को मजबूर है। यदि इस दौरान कालेज परिसर में कोई घटना घटती है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा ये सवाल कॉलेज में अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं के परिजनों को ज्यादा सता रहा है। जब नियम अनुसार कॉलेज 10 बजे खुलता है तो कॉलेज का स्टाफ 11:30 बजे के बाद क्यों कॉलेज आता है यह विचारणीय प्रश्न है। नगर के कुछ लोगों ने बताया कि कालेज की प्राचार्य विगत कई वर्षों से इस कालेज में जमी है इतना लंबा समय इसी कालेज में गुजार दिया है। पूर्व में भी इनकी कालेज में कुछ निर्माण संबंधी कार्य किसी अपने चहेते ठेकेदारों से करवाने के आरोप लगे थे। हर बार अपने ऊंचे रसूख की दम पर प्राचार्य मैडम का ट्रांसफर रुक जाता है। अब देखना होगा पाटन कालेज में चल रही लापरवाही के दोषियों पर कब कार्यवाही होती है।




# सावन की लगी झड़ी, सुबह से रिमझिम बारिश

### किसानों के खिले चेहरे

**पाटन देशबन्धु।** सावन माह के आखरी समय में सुबह से ही रिमझिम बारिश शुरू होने से किसानों की खरीफ सीजन में बोई जाने वाली धान,उड़द,मूंग एवं मक्का की फसल को रिमझिम बारिश का अमृत रूपी पानी मिलने से किसानों की धान की फसल को काफी फायदा हुआ है जब इस सम्बन्ध पाटन ब्लाक के ग्वारी गांव के किसान ठा.महेंद्र सिंह,चपोध गांव के किसान इंद्रपाल पटेल, गुरु पिपरिया के किसान बसंत शर्मा,तिलगवा गांव के किसान छप्पन सिंह,बासन गांव के किसान सुनील चौबे,कटरा बेलखेड़ा गांव के तिलक सिंह,बजरंगगढ़ गांव के



किसान सुरेन्द्र सिंह ठाकुर,हरदुआ गांव के किसान राघवेन्द्र सिंह,धमनी गांव के किसान पंडित नर्मदा प्रसाद पांडे एवं अन्य गांवो के किसानों ने बताया कि बारिश नहीं होने से धान के खेतों में बड़ी बड़ी दर्रे पड़ने लगी थी तेज धूप की वजह से अत्यधिक उमस पड़ रही थी जिसकी वजह से खेतों की नमी गायब हो गई थी इसके अलावा पाटन ब्लाक के कई इलाकों में विद्युत सप्लाई की भी समस्या है। जिसकी वजह से किसान ट्यूबबेल से खेतों में पानी भरने में बड़ी मुश्किल का सामना करना पड़ रहा था। लेकिन शुक्रवार की सुबह से ही इंद्रदेव किसानों पर मेहरबान दिखे और सुबह से ही रिमझिम बारिश तो होती रही इसके अलावा बीच-बीच में बहुत तेज बारिश भी होती रही जिससे किसानों की धान की फसलों को काफी फायदा हुआ है वही ग्रामीण इलाकों में निवास करने वाले नागरिकों को बारिश होने से गर्मी से कुछ राहत मिली वही पाटन नगर की बात करे तो बारिश होने से नगरवासियों को गर्मी से कुछ राहत तो जरूर मिली लेकिन बार-बार लाईट बन्द होने से नगर वासी बहुत परेशान दिखे।

# छात्रावास के सामने बिछा दी मिट्टी, फैला कीचड़, छात्र हो रहे परेशान

**कुंडम, देशबन्धु।** हॉस्टल के बच्चों को फोर लाइन सड़क में ठेकेदार द्वारा माटी गेट के सामने बिछा दी गई है जिससे हॉस्टल हो गया प्रदूषण कीचड़ से कुंडम शाहपुरा मार्ग में जो फोर लाइन बन रहा है उस लाइन पर शासकीय सीनियर आदिवासी एवं अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति बालक छात्रवास बना हुआ है जिसमें बारिश बारिश के चलते हुए और परेशानी को देखते हुए वहां पर हॉस्टल के छात्र जो परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वह इस तरह का है स्कूल के जाते समय उनके पैर मैं मोजा जूता और ड्रेस मिट्टी से लग जाती है स्कूल से आते हुए जब इस हॉस्टल पर प्रवेश करते हैं तो पूरा कीचड़ पैरों से और कपड़े ड्रेस सब मिट्टी से लिपट जाती है इस दशा को देखते हुए हॉस्टल के अंदर आना पड़ता है और जाना हो रहा है और वहां कोई ध्यान नहीं दे पा रहे अधिकारी वर्ग हम हॉस्टल के छात्रों की परेशानियों को देखकर और इस खबर के माध्यम से तुरंत ठेकेदार के ऊपर कारवाई की जाए और रोड में प्रगति कार्य तुरंत किया जावे ताकि हॉस्टल के विद्यार्थियों को किसी तरह से कोई परेशानी का सामना न करना पड़े कुंडम के बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचकर ध्यान से कार्य को प्रगति दें।



## अमित शुक्ला कांग्रेस सेवा दल के ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त



**बरेला**, देशबन्धु। अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल केराष्ट्रीय अध्यक्ष लाल जी देसाई एवं अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के समीक्षक संगठन प्रभारी डॉक्टर सत्येंद्र यादव की सहमति से प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष योगेश यादव की अनुशंसा पर धनपुरी निवासी अमित शुक्ला को कांग्रेस सेवा दल का बरेला ब्लॉक अध्यक्ष का नियुक्त किया गया है ।इनकी नियुक्ति पर सभी कांग्रेसियों ने हर्ष व्यक्त किया है ।

# नवल आर्य ने संभाली पाटन थाने की कमान



**पाटन देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा ने पाटन थाने की कमान तेज तर्राट नवल आर्य को सौंपी है आपको बताते चले कि श्री आर्य इससे पहले बुंदेलखंड के बंडा थाने में पदस्थ थे। थाना क्षेत्र में आपकी सक्रियता ने थाने में लिखी जाने वाली झूठी रिपोर्ट पर अंकुश लगाने पर बहुत हद तक सफलता हासिल की थी इसके अलावा ग्रामीण इलाकों में अवैध शराब बिक्री और जुआ,सट्टा खिलाने वाले माफियाओं पर सक्त कार्यवाही ने इनके हौसलों को पस्त कर दिया था। वही गरीब दलित आदिवासियों को हर संभव न्याय मिले इसके लिए आप हमेशा तत्पर रहते हैं।

**पत्रकारों ने दी बधाई**-मीडिया से चर्चा के दौरान श्री आर्य ने बंडा थाने में ड्यूटी के दौरान के कुछ रोचक किस्सों की जानकारी दी, वही पी शब्द का बड़ी खूबसूरती से वर्णन करते हुए बताया कि यदि पी से पत्रकार, पुलिस, पॉलीटिशियन के बीच में आपसी तालमेल रहेगा, तो निश्चित ही क्षेत्र की जनता को मिलेगा। नवागत थाना प्रभारी से मुलाकात के दौरान देशबन्धु से राजेंद्र सिंह, केशव प्रताप सिंह, संदीप पटेल मौजूद रहे।

## कार्यकर्ताओं के साथ सरिता सिंह कर रही जनसंपर्क

**कुंडम।** सिहोरा विधानसभा 102 कांग्रेस पार्टी की प्रबल दावेदारी जताती हुई जनसंपर्क में लगी हुई अपने कार्यकर्ताओं के साथ सरिता सिंह पूर्व जनपद अध्यक्ष सिहोरा ने कुंडम तहसील के कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता वरिष्ठ जनों के घर-घर जाकर संपर्क करते हुए कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को श्रीफल साल से स्वागत किया कुंडम से कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से जाकर मिली और अपनी बात चर्चा के दौरान बात बताई।

## जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया का संयुक्त नौसैनिक अभ्यास

**टोक्यो।** जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया 23 अगस्त को दक्षिण चीन सागर में संयुक्त नौसैनिक अभ्यास करेंगे। जापानी समाचार एजेंसी क्योडो ने शुक्रवार को सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में सूत्रों ने बताया है कि जापान सेल्फ डिफेंस फोर्सेज, अमेरिकी नौसेना और रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना के प्रमुख जहाज फिलीपींस के पास तैनात किए जाएंगे। जापान की अपने विमान वाहक में परिवर्तित किये जा रहे सबसे बड़े विध्वंसक इज़ुमो को भेजने की योजना है। उन्होंने बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य चीन के जहाजों की निगरानी करना है। उन्होंने बताया कि अभ्यास के लिए कोई समय सीमा अभी तक निर्धारित नहीं है।

# ब्रिटिश नर्स ने 7 नवजातों को मार डाला

यूनाइटेड किंगडम के चेस्टर अस्पताल की एक नर्स लुसी लेटबी को सात नवजातों की हत्या का दोषी पाया गया। उसने छह अन्य को भी मारने के प्रयास किए। मैनचेस्टर क्राउन कोर्ट की जूरी ने उसे दोषी पाया गया। नर्स ने बच्चों रक्तप्रवाह में हवा और इंसुलिन इंजेक्ट किया। बच्चों को मारने के लिए उन्हें जबरदस्ती अत्यधिक मात्रा में दूध पिताली थी। पुलिस ने उसके पास से एक नोट भी बरामद किया, जिसमें उसने लिखा था, मैंने उन्हें जानबूझकर मार डाला क्योंकि मैं उनकी देखभाल करने में सक्षम नहीं हूं। मैं बुरी हूं।

नर्स को हत्याओं के लिए दोषी ठहराने में ब्रिटेन में जन्मे भारतीय मूल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि जयराम ने भी मदद की। उन्होंने ब्रिटिश न्यूज चैनल आईटीवी को बताया कि उन्होंने पहली बार 2015

### भारतीय मूल के डॉक्टर ने उसे पकड़वाया

में इस मुद्दे को उठाया था, जब उस साल तीन बच्चों की मौत हो गई थी। जयराम ने कहा, 10 मिनट से भी कम समय तक हमारी बात सुनने के बाद पुलिस को एहसास हुआ कि इस मामले में मुझे शामिल करना चाहिए। समाचार एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, यूके की क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस (सीपीएस) ने अदालत को बताया कि लेटबी ने 2015 और 2016 के बीच काउंटेस ऑफ चेस्टर अस्पताल के नवजात वार्ड में कुल 13 शिशुओं पर गुप्त रूप से हमला करने के लिए कई तरीकों का इस्तेमाल किया।

सीपीएस के पास्केल जोन्स ने कहा, लुसी लेटबी ने अपने साथ काम करने वालों को धोखा देने की कोशिश की। उसने अपनी शिक्षा को विकृत कर दिया। बच्चों को मारने के लिए उसने अपनी कला को हथियार बना लिया। लेटबी को पहली बार जुलाई 2018 में गिरफ्तार किया गया था और बाद में नवंबर 2020 में आरोपी बनाया गया था। सीपीएस मर्सी-चेशायर के मुख्य क्राउन अभियोजक जोनाथन स्टोरर ने कहा, यह बेहद भयावह मामला है।

मैं लेटबी के क्रूर अपराधों से स्तब्ध हूं। डॉ. रवि जयराम ने कहा कि उनमें से कुछ लोगों की जान बचाई जा सकती थी अगर समय पर लुसी लेटबी के बारे में उनकी चिंताओं पर ध्यान दिया गया होता। पुलिस जल्द ही सतर्क हो गई होती तो कई बच्चों को बचाया जा सकता था।

## आज का इतिहास

1828 – राजा राम मोहन राय के ब्रह्म समाज के पहले सत्र का आयोजन कलकत्ता (अब कोलकाता) में संपन्न हुआ।
1897 – रोनाल्ड रॉस ने कलकत्ता (अब कोलकाता) के प्रेसिडेंसी जनरल हॉस्पिटल में काम करने के दौरान मलेरिया के कारक एनोफिलीज मच्छर की पहचान की।
1921 – केरल के मालाबार क्षेत्र में मोपला विद्रोह की शुरुआत हुई। मोपला विद्रोह केरल के मालाबार क्षेत्र में शुरू हुआ।
1949 – यूरोपीय देश हंगरी में संविधान को अंगीकार किया गया।
1955 – मोरक्को और अल्जीरिया में फ्रांस-विरोधी दंगों में सैकडों लोग मारे गए।
1972 – तत्कालीन सोवियत रुस ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
1979 – तत्कालीन प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के 23 दिनो के अंदर ही इस्तीफा दिया।
1988 – पाकिस्तान के राष्ट्रपति जनरल जिया उल हक का हवाई दुर्घटना में निधन एवं सीनेट के सभापति गुलाम इशहाक ख़ान राष्ट्रपति बने। भारत और नेपाल में 6.5 की तीव्रता वाले भूकंप से एक हजार लोगों की मौत हुई।

## आंध्र सीएम ने हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में निवेशकों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने कहा है कि उनकी सरकार हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में निवेशकों को हरसंभव सहायता देने के लिए तैयार है। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार आंध्र प्रदेश को वैश्विक पर्यटन मैप पर लाने के लिए प्रसिद्ध होटल ब्रांडों को आकर्षित करने के लिए एक फ्लेक्सिबल पर्यटन नीति लागू कर रही है। मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने शुक्रवार को यहां 4 स्टार होटल हयात प्लेस के उद्घाटन अवसर पर बोलते हुए यह बयान दिया। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार आतिथ्य क्षेत्र में निवेशकों को प्रोत्साहित करने और उन्हें पूरा समर्थन देने के लिए तैयार है।

## तेलंगाना कांग्रेस को टिकट के इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन मिलना शुरू

**हैदराबाद।** तेलंगाना में कांग्रेस पार्टी को आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट के इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन मिलना शुरू हो गया है। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी ने घोषणा की कि आवेदन 18 अगस्त (शुक्रवार) से 25 अगस्त तक प्राप्त किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। आवेदन प्राप्त होने और उनकी जांच के बाद पार्टी योग्य उम्मीदवारों की जीत की संभावनाओं के बारे में एक सर्वेक्षण कराएगी। राज्य चुनाव समिति द्वारा शॉर्टलिस्ट किए गए आवेदकों के नाम स्क्रीनिंग कमेटी को भेजे जाएंगे। स्क्रीनिंग कमेटी सूची का विश्लेषण करेगी और फ़िल्टर करने के बाद चयनित नामों को पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति को भेजेगी।

## रूस-यूक्रेन युद्ध में घायलों-मृतकों की संख्या 5 लाख पार, रूस को कितना नुकसान

**मॉस्को।** यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध में मारे गए और घायल सैनिकों की संख्या 5 लाख के करीब पहुंच चुकी है। फरवरी 2022 में रूस ने यूक्रेन के ऊपर हमला बोला था। तब से लेकर अब तक बड़ी संख्या में सैनिक हताहत हुए हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी है। अधिकारियों ने कहा कि हालांकि मरने वालों और घायलों की संख्या का सही अनुमान लगाना बेहद मुश्किल है। इसकी वजह यह है कि रूस युद्ध में हुए जान-माल को नुकसान को कमतर बता रहा है। वहीं, यूक्रेन की तरफ से भी आधिकारिक आंकड़े जारी नहीं किए जा रहे हैं।

**रूस के इतने सैनिक मारे गए-** अगर दोनों देशों के अलग-अलग आंकड़ों बात करें तो इस मामले में रूस को ज्यादा नुकसान पहुंचा है। अनुमान के मुताबिक अभी तक रूस के 300,000 सैनिक युद्ध में प्रभावित हुए हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक इनमें 120,000 सैनिकों की मौत हुई है, वहीं करीब 170,000 से 180,000 सैनिक घायल हुए हैं। दूसरी तरफ यूक्रेन की तरफ से करीब 70,000 सैनिक मारे गए हैं, जबकि 100,000 से 120,000 सैनिक घायल हुए हैं। अखबार ने अधिकारियों के हवाले से कहा कि मरने वालों की संख्या में उस वक्त इजाफा हुआ जब यूक्रेन ने इस साल की शुरुआत में जवाबी हमले तेज किए।

**बताया जनरल स्टाफ की जिम्मेदारी-** यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के वरिष्ठ सलाहकार मिखाइलो पोडोलयाक ने न्यूयॉर्क टाइम्स के लेख पर टिप्पणी करते हुए कहा कि केवल जनरल स्टाफ ही ऐसे आंकड़ों का खुलासा कर सकते हैं। उन्होंने पत्रकार यूलिया लैटिनिना के यूट्यूब चैनल पर शुक्रवार को लाइव टेलीकास्ट में कहा कि हमने एक मॉडल अपनाया है कि केवल जनरल स्टाफ को ही घायलों, विकलांगों, अंगों को खोने वाले लोगों और लापता लोगों और निश्चित रूप से इस युद्ध में मारे गए लोगों की संख्या पर आंकड़े देने का अधिकार है।

**जवाबी हमले में बढ़त का दावा-** इस बीच यूक्रेन की सेना ने गुरुवार को दक्षिण-पूर्वी मोर्चे पर रूसी सेना के खिलाफ अपने जवाबी हमले में बढ़त का दावा किया। कीव ने कहा कि उसके जवानों ने एक गांव को रूस के कब्जे से मुक्त करा लिया है। यह 27 जुलाई के बाद पहली ऐसी सफलता है, जो शक्तिशाली हवाई समर्थन के बिना रूसी डिफेंस के आगे बढ़ने में चुनौती का संकेत देता है। हालांकि इसको लेकर यूक्रेनी अधिकारियों की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। वहीं, रूस ने भी इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

## मणिपुर जैसी घटनाओं को लेकर मूडीज ने भारत को चेताया

**मणिपुर।** मणिपुर हिंसा को लेकर विपक्ष ने लगातार केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को घेरा है। इस बीच मुडीज का भी बयान सामने आया है। उसने भारत को ऐसी घटनाओं को लेकर चेताया है। रेटिंग एजेंसी का कहना है कि उम्मीद है कि भारत की आर्थिक वृद्धि कम से कम अगले दो वर्षों में जी-20 में शामिल देशों में सबसे अधिक होगी, लेकिन बढ़ते सांप्रदायिक तनाव के कारण बढ़ी राजनीतिक असहमति से इको नुकसान पहुंच सकता है।

मूडीज ने कहा,राजनीतिक तनाव में वृद्धि या फिर इसे संतुलित करने में कमजोर होने से भारत की दीर्घकालिक विकास क्षमता प्रभावित होगा। वर्तमान अनुमान की तुलना में काफी कमजोर वृद्धि होने का खतरा बन सकता है। यह देश की राजकोषीय ताकत को कमजोर करेगी और रेटिंग पर दबाव डालेगी। रेटिंग एजेंसी ने समग्र वित्तीय स्थिति के लिए एनडीए सरकार के प्रबंधन, इसके बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाने और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के कार्यान्वयन का समर्थन किया है। मूडीज ने कहा कि उच्च जीडीपी वृद्धि धीरे-धीरे बढ़ती आय के स्तर और समग्र आर्थिक लचीलेपन में योगदान देगी। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2024 में देश की वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। जबकि मूडीज़ की रिपोर्ट ने मजबूत मैक्रो नीति प्रभावशीलता पर प्रकाश डाला। इसने कमजोर संस्थानों और बढ़ते राजनीतिक तनाव को चिह्नित किया है। एजेंसी ने कहा, मणिपुर भारत के सबसे गरीब राज्यों में से एक है। यहां हिंसा के कारण मई 2023 से कम से कम 150 मौतें हुई हैं। संसद में यही अविश्वास प्रस्ताव का आधार बना है। विपक्ष की राजनीतिक ध्रुवीकरण से सरकार की अस्थिरता की संभावना नहीं है, लेकिन ऐसी घटनाएं लोकलुभावन नीतियों को जोखिम में डाल सकते हैं। मूडीज ने कहा कि उसे उम्मीद है कि घरेलू मांग के कारण कम से कम अगले दो वर्षों में भारत की आर्थिक वृद्धि अन्य सभी जी20 अर्थव्यवस्थाओं से आगे निकल जाएगी। इसमें कहा गया है कि बुनियादी ढांचे के विकास पर सरकार का जोर, केंद्रीय बजट में पूंजीगत व्यय की बढ़ती हिस्सेदारी, लॉजिस्टिक और व्यापार से संबंधित बुनियादी ढांचे की गुणवत्ता में ठोस सुधार हुआ है।

## सुडोकू 6291


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 3 | | 2 | 4 |
| | | | 1 | 4 | | | | |
| | | | | 9 | | | 5 | 7 |
| 7 | 3 | | | | | 4 | | 5 |
| 8 | | | | | | | | 3 |
| 5 | | 4 | | | | | 8 | 2 |
| 9 | 1 | | | 5 | | | | |
| | | | | 8 | 2 | | | |
| 4 | 7 | | 3 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6291



**बायें से दायें:-**
१. प्रवेश, साथ रहना, मिलना, एकत्र होना, शामिल होना
३. युद्धसंबंधी
५. अधिकतर
६. जो बुरी तरह टूट-फूट गया हो
७. पृथ्वी के नीचे का एक लो
९. तारने या उद्धार करने वाला, विष्णु,शिव
१०. अफ़वाह, जनश्रुति
१२. जो आसानी से मिल जाए, आसान
१३. देर, देरी
१४. उचित, उपयुक्त (उर्दू)
१६. समाधान, एक कृषि उपकरण
१८. जंगलों में पैदा होने वाला
२०. मजेदार
२१. चिढ़, घृणा (उर्दू)
२३. अपने जीवन में बीती घटनाओं का विस्तृत वृत्तांत

**ऊपर से नीचे:-**
१. साथ चलने वाला, साथी
२. जिसमें दर्द या पीड़ा की अनुभूति न हो
३. मामूली, जो विशेष न हो
४. उत्कोच
५. दूसरोंकेसाथ किया जाने वाला व्यवहार
८. करीब-करीब
१०. सूचित करना, बताना
११. प्रतिद्वंद्वी (उर्दू)
१२. भोर, प्रभात
१३. वायुयान
१४. शुभ, भला, पवित्र (उर्दू)
१५. रेल का सिंग्नल
१७. सेना, फौज (उर्दू)
१८. वृद्धिकारक
१९. जन्म देने वाली
२२. सिंहासन (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6290

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इ | बा | र | त | ■ | ■ | प | र | जी | वी |
| ष्ट | ■ | ह | ■ | स | वा | ल | ■ | व | ■ |
| दे | व | ना | ग | री | ■ | ट | मा | ट | र |
| व | ■ | ■ | ■ | सृ | ज | न | ■ | ■ | वि |
| ■ | अ | भि | शा | प | ■ | ■ | नि | शां | त |
| ■ | र्ज | ■ | बा | ■ | वि | ध | वा | ■ | न |
| व | न | वा | सी | ■ | र | ■ | स | म | य |
| श | ■ | रां | ■ | अं | त | र | ■ | हे | ■ |
| व | र्षा | ग | ■ | ब | ■ | ज | ला | श | य |
| र्ची | ■ | ना | फ | र | मा | नी | ■ | ■ | क्ष |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# मानवीयता एवं सर्वधर्म समभाव के प्रतीक राजीव गांधी

**- सुरेश पचौरी**

भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी ऐसी विभूतियों में से एक हैं जिनका स्मरण हमें आलोकित करता है एवं हमारा मार्ग प्रशस्त करता है। राजीव गांधीजी ने भारत को तेजी से तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ाने के लिए सार्थक प्रयास किये। राजीव गांधी ने भारत को आधुनिक खुशहाल और मजबूत राष्ट्र बनाने में विशेष भूमिका निभाई। राजीव गांधी दूरदृष्टि सम्पन्न राजनेता थे। सूचना प्रौद्योगिकी में आज भारत विश्व में जिस स्थान खड़ा है, वह राजीव गांधी की ही देन है। इसीलिए उन्हें 'भारत की सूचना प्रौद्योगिकी का जनक कहा जाता है।


राजीव गांधी एक सच्चे लोकतंत्रवादी थे। एक ऐसे व्यक्ति थे जो सदा नये विचारों और रचनात्मक आलोचनाओं का स्वागत करते थे। एक सांसद, प्रधानमंत्री, कांग्रेस अध्यक्ष एवं नेताप्रतिपक्ष के रूप में उन्होंने जो भी भूमिका निभाई, सभी में उन्होंने राष्ट्र हित में समर्पण भाव से अपने दायित्व का निर्वहन किया।

आज सांप्रदायिकता देश में नए सिरे से जडें जमा रही है तब यह रेखांकित करना बहुत आवश्यक है कि सांप्रदायिकता के खिलाफ राजीव गांधी का नजरिया बड़ा साफ था। राजीव गांधी का मानना था कि फिरकापरस्ती और धर्म की आड़ लेकर लोगों के बीच में दरार डालना सबसे बड़ी बुराई हैं। इन ताकतों के पास देश के आर्थिक प्रश्नों को सुलझाने का कोई कार्यक्रम नहीं हैं। देश की गरीबीए भूखमरी और बेरोजगारी मिटाने के लिए जरूरी है कि देश में शांति और सदभाव का माहौल हो।

सबकी सुनना और सबको साथ लेकर चलना राजीव गांधी के व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता थी। वे आमजन की समस्याओं को बड़े ध्यान से देखते. सुनते थे और फिर सही दिशा.निर्देश देकर उसको सुलझाने का काम करते थे। यही उनकी कार्यशैली थी। राजीव गांधी ने कभी भी बदले या द्वेष की राजनीति नहीं की।

राजीव गांधी राजनीति में सतत संवाद के पक्षधर थे। वे मानते थे कि बिना संवाद के विश्वास पैदा नहीं हो सकता और बिना विश्वास के राजनीति नहीं चल सकती। इसी पारस्परिक संवाद की राजनीति को अमलीजामा पहनाते हुए उन्होंने पंजाबए असम और मिजोरम समझौते किए, जिससे इन प्रदेशों में वर्षो से चल रही उथल पुथल अशांति एवं हिंसक गतिविधियों पर विराम लगा और हजारों अलगाववादीए समाज की मुख्य धारा से जुड़े।

राजीव गांधी इस बात को भली-भांति जानते थे कि किसी भी सामाजिक व्यवस्था के निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने यह भी कहा कि चाहे घर हो या कार्यस्थल, महिलाओं का योगदान कभी भी पुरुषों से कम नहीं रहा है, महिलाओं को शिक्षा और रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। राजीव गांधी ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में अभूतपूर्व प्रयास किये। उन्होंने महिलाओं को अधिकार दिलाने की कई योजनाएं लागू कीं। पंचायतों एवं नगरीय निकायों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की।



राजीव गांधी जी जन्मतिथि 20 अगस्त

राजीव गांधी भारत का भविष्य युवाओं की आखों में देखते थे। उन्हें भारत की युवाशक्ति पर इतना विश्वास था कि उन्होंने मताधिकार की पात्रता आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी। उनका मानना था कि जब 18 वर्ष की आयु में युवा संपत्ति का अधिकारी हो जाता है तो मताधिकार से उसे वंचित रखना ठीक नहीं। इस अधिकार की बदौलत लोकतंत्र में आज युवा महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने जिस तरह से नए लोगों और युवा पीढ़ी को आगे किया, वह उनकी व्यापक सोच, संकल्प और प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

राजीव गांधी के मन में गरीबों के प्रति सच्ची हमदर्दी थी और वे एक ऐसे समाज की स्थापना करना चाहते थे, जिसमें सब बराबरी के साथ अपनी जिन्दगी जियें और स्वाभिमान के साथ अपना गुजर-बसर कर सकें। वे गरीब की झोपड़ी में एक ऐसा भारत देखना चाहते थे, जिसमें खुशहाली की इबारत लिखी हो। सार्वजनिक जीवन में प्रवेश के बाद चूंकि उन्होंने देश के विभिन्न स्थानों खासकर ग्रामीण इलाकों का अनवरत् दौरा किया था। भारत के गांव उन्हें भारत की आत्मा नजर आते थे।

राजीव गांधी चाहते थे कि गांव के विकास का पैसा सीधे गांव की पंचायतों तक पहुंचे और गांव में विकास की दिशा, ग्रामवासी मिलजुल कर तय करें। राजीव गांधीजी ने विकास के कार्यक्रमों से जनता को सीधा जोड़ा तथा सत्ता का विकेन्द्रीकरण कर पंचायतराज व्यवस्था सुनिश्चित की।

श्री राजीव गांधी का मानना था कि किसान हमारे देश की रीढ़ हैं। खेती-किसानी की तरक्की के बिना देश की तरक्की संभव नहीं है। राजीव गांधी ने सातवीं पंचवर्षीय योजना में कृषि में ज्यादा पूंजीनिवेश का प्रावधान किया। कृषि में उत्पादकता बढ़ाने के लिए जल संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल पर जोर दिया। इसी का परिणाम था कि उनके प्रधानमंत्रित्व काल में खाद्यान्नों का रिकार्ड उत्पादन हुआ। राजीव गांधी ने हरितक्रांति की समीक्षा की और यह पाया कि हरित क्रांति से गेहूं का उत्पादन तो काफी बढ़ा है, परंतु तिलहन और दलहन के क्षेत्र में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने तिलहन का उत्पादन बढ़ाने के लिए तिलहन टेक्नोलॉजी मिशन बनाया। दलहन के लिए राष्ट्रीय परियोजना शुरू की।

आज जिस डिजीटल इंडिया की बात पूरे देश में हो रही है, उसकी आधारशिला श्री राजीव गांधी ने ही रखी है। उन्होंने संचारक्रांति का शंखनाद किया और वे देश में कम्प्यूटर क्रांति के जनक बने। राजीव गांधी का विश्वास था कि भारत का भविष्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी में निहित है। उनकी सोच में उस उन्नतशील भारत की तस्वीर थी, जिसे सूचना प्रौद्योगिकी के द्वारा ही संवारा जा सकता था। विकसित कहे जाने वाले राष्ट्रों तक ने हमारी टेक्नालॉजी को न केवल स्वीकार किया बल्कि उसकी उच्च गुणवत्ता को विश्व स्तर पर सराहा गया। राजीव गांधी पर्यावरण] प्रदूषण तथा मानव सभ्यता पर इसके घातक प्रभाव की समस्या से बहुत चिंतित रहते थे। उन्होंने वन एवं पर्यावरण के संरक्षण के लिए मजबूत कदम उठाये। राजीव गांधी जी का मानना था कि पर्यावरण संरक्षण और विकास की अवधारणा में संतुलन आवश्यक रूप से होना चाहिए। उन्होंने केन्द्रीय गंगा विकास प्राधिकरण की स्थापना कर गंगा नदी की सफाई का अभियान शुरू किया। राजीव गांधीजी ने अपरंपरागत ऊर्जा स्त्रोतों के दोहन को वरीयता दी एवं बायोगैस के प्रयोगों को बढ़ावा दिया। इसके अलावा उन्होंने जैव प्रौद्योगिकी, परमाणु ऊर्जा आदि क्षेत्रों में नये कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया तथा पेयजल, खाद्यान्न, दूरसंचार, कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों में भी प्रगति हेतु विभिन्न टेक्नोलाजी मिशन गठित किए।

आज मणिपुर के हालात बेकाबू हैं। वहां असम रायफल्स के जवान और मणिपुर पुलिस में झड़प हो रही है। लोग मर रहे हैं] पुलिस चौकी में आग लगाई जा रही है] हथियार लूटे गये हैं। केन्द्र और राज्य सरकार हिंसा को रोकने के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठा पा रही है। मणिपुर की त्रासदी यह नहीं है कि वह जल रहा है, उसकी असली त्रासदी यह है कि उसे जानबूझकर जलाया जा रहा है। मणिपुर की समस्या की अनदेखी होने के कारण वहां पर दो मणिपुर बन गये हैं, एक पहाड़ों में और दूसरा घाटी में। मणिपुर के हालातों को देखकर आज राजीव गांधी की याद बड़ी शिद्दत से आती है। जिस प्रकार श्री राजीव गांधी ने पंजाब] आसाम और मिजोरम की समस्यों का बातचीत से शांतिपूर्ण समाधान निकाला था] ठीक वैसे ही आज मणिपुर को शांति और सद्भाव की जरूरत है।

श्री राजीव गांधीजी की स्मृति को संजोए रखना उनके उस सपने का सम्मान होगा जो उन्होंने नये भारत के नवनिर्माण के लिए देखा था। अपने प्रधानमंत्रित्व काल में उन्होंने 'विजन 2020' कार्यक्रम प्रारंभ किया था, जो उनकी दूरदर्शिता का परिचायक है। स्व. राजीव गांधीजी का पुण्य स्मरण करते समय हमें उनके भारत संकल्प को याद रखना होगा। उनका प्रेरणादायी आव्हान था आओ, हम ऐसे भारत का निर्माण करें, जिसे अपनी स्वाधीनता पर गर्व हो, जो अपनी स्वतंत्रता की रक्षा करने में पूर्ण सक्षम हो। जो सशक्त, कृषि एवं आधुनिक उद्योगो में आत्मनिर्भर हो, जो जाति, धर्म और क्षेत्र की संकीर्ण भावनाओं से उपर उठकर एकता के सूत्र से अनुप्राणित हो। जो निर्धनता तथा सामाजिक असमानताओं से मुक्त हो। एक ऐसा महान भारत, जो पूर्ण अनुशासित एवं कार्य कौशल युक्त हो। जो वैचारिक, धार्मिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों से प्रतिष्ठित हो।

भारत रत्न श्री राजीव गांधी की स्मृति बनाए रखना सिर्फ रस्म अदायगी नहीं बल्कि उस सपने का भी सम्मान होगा, जो उन्होंने नवीन, सक्षम और समृद्ध भारत के लिए देखा था।

**(लेखक भारत सरकार में रक्षा उत्पादन, कार्मिक एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री रहे हैं)**

# खेल जगत

## आग पर चले बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के स्टार सलामी बल्लेबाज मोहम्मद नईम शेख का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह एशिया कप की तैयारी में अपने दिमागी प्रशिक्षण के तहत निडर होकर आग पर चल रहे हैं। वीडियो को ट्विटर पर पोस्ट किया गया था और इसे नेटिज़न्स से मिश्रित प्रतिक्रियाएं मिलीं हैं। एक यूजर ने लिखा, बांग्लादेश के क्रिकेटर मोहम्मद नईम एशिया कप 2023 की तैयारी के लिए माइंड ट्रेनिंग और फायरवॉकिंग में लगे हुए हैं। यह बहुत बेवकूफी है। क्या होगा अगर वह बड़े टूर्नामेंट से पहले चोटिल हो जाए। हालांकि, इस संबंध में शेख की ओर से कोई पुष्टि नहीं आई है। एशिया कप टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल में आयोजित किया जाएगा, जिसमें पाकिस्तान और श्रीलंका मेजबानी की जिम्मेदारी साझा करेंगे।



# आईसीसी विश्व कप ट्रॉफी दौरे ने कुवैत और बहरीन को रोशन किया

**कुवैत सिटी/मनामा,**। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 ट्रॉफी दौरे ने अपनी उल्लेखनीय यात्रा जारी रखी, क्रिकेट का रोमांच फैलाया और कुवैत और बहरीन में क्रिकेट प्रेमियों को एकजुट किया। इन मध्य पूर्वी देशों में दौरे के हालिया पड़ावों को भव्य अनावरण, प्रतिष्ठित स्थानों और अत्यधिक प्रशंसक गतिविधियों द्वारा चिह्नित किया गया था, जो क्रिकेट की सार्वभौमिक अपील और आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए बढ़ते उत्साह को दर्शाता है। दौरे के पहले दिन अल-हाशमी-द्वद्व में एक विशेष आमंत्रण कार्यक्रम देखा गया, जो अब तक का सबसे बड़ा सेलिंग शिप है। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी का अनावरण कुवैत क्रिकेट क्लब (केसीसी) के अध्यक्ष हैदर फरमान और आईसीसी के उपाध्यक्ष इमरान ख्वाजा की उपस्थिति में किया गया।

अनावरण के बाद मनोरम फोटो का अवसर दिया गया, जो एक मनमोहक यात्रा की शुरुआत का प्रतीक था। यह दौरा कुवैत के प्रतिष्ठित स्थानों पर शानदार कार्यक्रमों की एक श्रृंखला के साथ जारी रहा, जिसमें कुवैत टावर्स, संसद, अल हमरा टावर और मॉल – कुवैत की सबसे ऊंची इमारत शामिल है। इन स्थलों ने क्रिकेट की विशाल उपस्थिति और वैश्विक पहुंच का जश्न मनाते हुए दौरे के लिए एकदम सही पृष्ठभूमि प्रदान की। कुवैत चरण का समापन सुलैबिया क्रिकेट ग्राउंड में एक रोमांचक प्रशंसक सक्रियण कार्यक्रम के साथ हुआ, जिसमें लगभग 10,000 प्रशंसक शामिल हुए। ढेर सारी व्यस्तताओं ने क्रिकेट की एकीकृत भावना के बैनर तले प्रशंसकों को एकजुट करते हुए एक कार्निवल जैसा माहौल बनाया।

दौरे की यात्रा बहरीन तक जारी रही, जहां ट्रॉफी ने बहरीन खाड़ी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर और किंग फहद कॉजवे का दौरा किया – जो आकांक्षाओं को पूरा करने वाली एक प्रतीकात्मक कड़ी है। शाम को एक प्रतिष्ठित अनावरण कार्यक्रम देखा गया, जिसमें शेख खालिद बिन हमद अल खलीफा के साथ-साथ आईसीसी के इमरान ख्वाजा और इकबाल सिकंदर जैसे क्रिकेट दिग्गज और अन्य सम्मानित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। ट्रॉफी ने बहरीन अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी केंद्र का भी दौरा किया, जिससे बहरीन के सांस्कृतिक परिदृश्य में क्रिकेट की जगह पक्की हो गई।





दौरे की शुरुआत दाना मॉल में ट्रॉफी प्रदर्शन के साथ हुई, जिससे क्रिकेट का उत्साह और बढ़ गया। शाम को शहर से बहरीन इंटरनेशनल सर्किट तक एक खुली बस की सवारी देखी गई, जिससे प्रशंसकों को एक आश्चर्यजनक पृष्ठभूमि में क्रिकेट के प्रति अपने प्यार का जश्न मनाने का एक अनूठा अवसर मिला। ट्रॉफी के साथ तस्वीरें खिंचवाते समय प्रशंसकों का उत्साह स्पष्ट था, जो इस दौरे की खुशी और सौहार्द्र को जगाने की क्षमता को रेखांकित करता है।

कुवैत और बहरीन में दौरे की सफलता क्रिकेट की सार्वभौमिक प्रतिध्वनि का प्रतीक है, क्योंकि प्रशंसक उत्सुकता से आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के भव्य आयोजन का इंतजार कर रहे हैं, जहां देश क्रिकेट के सर्वोच्च गौरव के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

## आईसीसी ने विश्व कप से पहले लांच की शुभंकर जोड़ी

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) आगामी विश्व कप के लिए करिश्माई जोड़ी ब्रांड शुभंकर की शुरूआत की घोषणा करते हुए कहा कि क्रिकेट प्रशंसकों की अगली पीढ़ी को यह उत्साहित करेगा। गुरुग्राम में शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम में सदाबहार शुभंकर जोड़ी का अनावरण किया गया। इस मौके पर आईसीसी अंडर-19 महिला और पुरुष विजेता कप्तान शैफाली वर्मा और यश ढुल ने मौजूद थे। आईसीसी का कहना है कि ये पात्र विशिष्ट गुणों का प्रतिनिधित्व करते हैं जो लैंगिक समानता और विविधता के प्रतीक के रूप में उभरते हैं। प्रशंसकों के पास 27 अगस्त से पहले प्रतिष्ठित पात्रों के नामकरण में योगदान के महत्वपूर्ण चरण में भाग लेने का अनूठा अवसर होगा। लॉन्च इवेंट में एक मंत्रमुग्ध कर देने वाला 3डी एनामॉर्फिक वीडियो डिस्प्ले दिखाया गया, जिसमें शुभंकरों की उत्पत्ति और आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 में शामिल होने की उनकी यात्रा का अनावरण किया गया। आईसीसी के इवेंट प्रमुख, क्रिस टेटली ने कहा हमें आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 से पहले आईसीसी की शुभंकर जोड़ी को लॉन्च करते हुए खुशी हो रही है। शाश्वत पात्र संस्कृतियों और सीमाओं से परे क्रिकेट की सार्वभौमिक अपील का संकेत देते हैं, जिसमें शुभंकर एकता और जुनून के प्रतीक के रूप में खड़े हैं। दोनों लिंगों के प्रतिनिधित्व के साथ, वे हमारी गतिशील दुनिया में लैंगिक समानता की महत्वपूर्ण भूमिका का प्रतीक हैं। अगली पीढ़ी के क्रिकेट प्रशंसकों से जुड़ने की आईसीसी और क्रिकेट की प्राथमिकता के अनुरूप, ये शुभंकर बच्चों को शामिल करने और उनका मनोरंजन करने की शक्ति रखते हैं, जिससे आईसीसी आयोजनों से परे खेल के प्रति जीवन भर प्यार बढ़ता है।

# दो स्वर्ण और तीन कांस्य के साथ भारत ने किया विश्व कप अभियान का समापन

**नई दिल्ली** । विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप 2023 स्टेज 4 में भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड की आर्चरी टीम ने पेरिस में शनिवार को स्वर्ण पदक जीता। भारत ने दो स्वर्ण और तीन कांस्य पदक समेत पांच पदकों के साथ अपने विश्व कप अभियान का समापन किया।

भारत की पुरुष कंपाउंड तीरंदाजी टीम जिसमें ओजस प्रवीण देवताले, प्रथमेश जावकर और अभिषेक वर्मा शामिल थे, उन्होंने फाइनल मुक़ाबले में यूएसए को 236-232 से हराकर विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

फ्रांस के पेरिस में 15 से 20 अगस्त तक जारी इस प्रतियोगिता में ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति गोपीचंद और स्वामी परनीत कौर की महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने स्वर्ण पदक जीता और यह भारत का इस विश्व कप में पहला स्वर्ण पदक है। ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति गोपीचंद स्वामी और परनीत कौर की भारतीय महिला कंपाउंड आर्चरी टीम ने करीबी मुकाबले में मेक्सिको की एंड्रिया बेसेरा, एना सोफिया हर्नांडेज़ जीन और डैफ़न क्विंटरो की तिकड़ी को चार राउंड तक चले मैच में 234-233 से हराकर पोडियम के शीर्ष पर जगह बनाई। दूसरी तरफ ओजस प्रवीण देवताले, प्रथमेश समाधान जावकर और अभिषेक वर्मा की पुरुष कंपाउंड आर्चरी टीम ने भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

गौरतलब है कि भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने क्वालीफाइंग राउंड में 2113 के स्कोर के साथ शुरुआत से ही प्रतियोगिता में अपना दबदबा बनाए रखा था। पहले राउंड में बाई प्राप्त करने के बाद, भारतीय तिकड़ी ने क्रमशः क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में एस्टोनिया और ग्रेट ब्रिटेन को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

इस बीच ज्योति सुरेखा वेन्नम ने व्यक्तिगत कंपाउंड तीरंदाजी में कांस्य पदक अपने नाम किया। ज्योति ने कोलंबिया की सारा लोपेज को शूटऑफ में हराकर कांस्य पदक जीता। ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति गोपीचंद स्वामी और परनीत कौर की तिकड़ी ने मिलकर इस महीने की शुरुआत में जर्मनी के बर्लिन में आयोजित तीरंदाजी विश्व चैंपियनशिप में भारत की पहली महिला कंपाउंड टीम का स्वर्ण पदक जीता था।



इससे पहले टोक्यो ओलंपियन अतानु दास, धीरज बोम्मदेवरा और तुषार प्रभाकर शेलके की भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने स्पेन को 6-2 से हराकर कांस्य पदक जीता था जबकि भजन कौर, सिमरनजीत कौर और अंकिता भकत की भारतीय महिला रिकर्व टीम ने भी कांस्य पदक जीता था।

पेरिस तीरंदाजी विश्व कप पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए अप्रत्यक्ष क्वालीफायर है। इसमें कोई प्रत्यक्ष कोटा स्थान नहीं है, लेकिन पेरिस मीट रिकर्व तीरंदाजों को रैंकिंग अंक प्रदान करेगी। इसकी मदद से पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए दो ओलंपिक खेलों का टीम कोटा निर्धारित किया जाएगा।

पेरिस में व्यक्तिगत स्पर्धा जीतने वाले तीरंदाज सितंबर में मेक्सिको के हर्मोसिलो में होने वाले तीरंदाजी विश्व कप फाइनल के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगे।

## भारत में फुटबॉल की केंद्रीय अकादमी को आकार देंगे आर्सेन वेंगर



**नई दिल्ली**। महान कोच और वर्तमान में फीफा के वैश्विक फुटबॉल विकास प्रमुख आर्सेन वेंगर अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) के साथ संयुक्त रूप से भारत में एक केंद्रीय अकादमी की स्थापना को अंतिम रूप देने के लिए अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में यहां आयेंगे।

फेडरेशन के अध्यक्ष कल्याण चौबे महासचिव डॉ. शाजी प्रभाकरन ने शनिवार को सिडनी में वेंगर समेत फीफा के अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद चौबे ने कहा, मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि हम फीफा के साथ मिलकर भारत में एक अत्याधुनिक केंद्रीकृत अकादमी स्थापित करने की कगार पर हैं, जिसमें आर्सेन वेंगर मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। मुझे यकीन है कि उनके अनुभव और हमारी मेहनत के साथ हम भारत के लिए भविष्य के सितारे तैयार करने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। उम्मीद है कि वेंगर सितंबर में एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इसकी आधिकारिक घोषणा करेंगे। डॉ. प्रभाकरन ने कहा, हम इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए आर्सेन वेंगर का भारत में स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत में विशिष्ट खिलाड़ियों के विकास पर उनका महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।

वह एक प्रेरक व्यक्ति हैं, और उनकी भागीदारी के साथ हम लाखों युवाओं को उत्साहित कर सकते हैं जैसा पहले कभी नहीं हुआ।

# दीपक पुनिया नहीं लेंगे विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में हिस्सा

**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बजरंग पुनिया और राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन दीपक पूनिया ने सर्बिया के बेलग्रेड में आगामी विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2023 में भाग नहीं लेने का फैसला किया है। विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2023, 16 से 24 सितंबर तक आयोजित की जाएगी और यह पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए पहली क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है।

बजरंग पुनिया (65 किग्रा) और दीपक पूनिया (86 किग्रा) 25 और 26 अगस्त को एनआईएस पटियाला में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए सेलेक्शन ट्रायल में हिस्सा नहीं लेंगे। कैंप की तारीखें और टूर्नामेंट की तारीखें एक साथ होने के कारण दोनों भारतीय पहलवानों ने प्रतियोगिता से बाहर होने का विकल्प चुना है।

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बजरंग पुनिया ने एशियाई खेल 2023 की तैयारियों को लेकर 21 अगस्त से 28 सितंबर तक किर्गिस्तान के इज़िक-कुल में 39 दिवसीय ट्रेनिंग कैंप का प्रस्ताव रखा है। इस बीच, दीपक पूनिया 23 अगस्त से 28 सितंबर तक 35 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के लिए रूस के खासाव्युर्ट जाएंगे।



इस प्रस्ताव के अनुसार, 29 वर्षीय बजरंग पुनिया के साथ उनके कोच सुजीत मान, फिजियोथेरेपिस्ट अनुज गुप्ता और स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग स्पेशलिस्ट काज़ी हसन होंगे, जबकि दीपक पूनिया अपने कोच कमल मलिकोव और फिजियोथेरेपिस्ट शुभम गुप्ता के साथ यात्रा करेंगे।

बजरंग पुनिया और दीपक पूनिया ने सितंबर-अक्टूबर में पिपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के हांगझोऊ में होने वाले एशियाई खेल 2023 के लिए भारतीय कुश्ती दल में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली है। अपने भार वर्ग के मैजूदा एशियाई खेल चैंपियन बजरंग पुनिया ने हांगझोऊ गेम्स के चयन ट्रायल में भी हिस्सा नहीं लिया था इसके बावजूद उन्हें भारतीय टीम में सीधे एंट्री मिल गई थी, लेकिन चार बार के विश्व चैंपियन को बेलग्रेड मीट के लिए डारेक्ट एंट्री नहीं मिली। इस बीच दीपक पूनिया ने नई दिल्ली में आयोजित एशियाई खेलों के चयन ट्रायल में प्रतिस्पर्धा करते हुए अपनी जगह सुनिश्चित की। विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2023 में 90 ओलंपिक कोटा उपलब्ध होंगे।

# स्वीडन ने ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर तीसरा स्थान हासिल किया

**ब्रिस्बेन** (ऑस्ट्रेलिया), 19 अगस्त (एजेंसियां)। स्टार फॉरवर्ड फ्रिडोलिना रॉल्फो ने ऑस्ट्रेलिया को परेशान करना जारी रखा, उन्होंने एक स्कोर किया और दूसरा सेट किया, जिससे स्वीडन ने शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलिया पर 2-0 से अच्छी जीत के साथ फीफा महिला विश्व कप में तीसरा स्थान हासिल किया। रोल्फ़ो ने 30वें मिनट में पेनल्टी के ज़रिए गोल किया और फिर कोसोवरे असलानी ने गोल किया जिससे स्वीडन ने तीसरे स्थान का प्ले-ऑफ़ जीत लिया। रॉल्फो ने 2020 महिला ओलंपिक फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप चरण में दो बार और एक बार फिर उस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में स्कोर किया। वह शनिवार को एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया के लिए परेशानी का सबब बनीं।



असलानी की दूसरे हाफ में की गई शानदार स्ट्राइक से मिली जीत ने स्कैंडिनेवियाई लोगों के चार फीफा महिला विश्व कप कांस्य-पदक प्लेऑफ़ में उल्लेखनीय 100 प्रतिशत रिकॉर्ड को बरकरार रखा और उन्हें पांचवां पोडियम फिनिश दिलाया - केवल संयुक्त राज्य अमेरिका (8) के बाद दूसरा। यह मटिल्डा के लिए एक यादगार अभियान का दुखद अंत भी प्रदान करता है, जो वैश्विक फाइनल में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को बढ़ाने और ब्रिस्बेन में उच्च स्थान पर रहने की उम्मीद कर रहे थे। हालाँकि, मैच का रुख शुरुआती मिनट में ही तय हो गया था, जब स्वीडन ने लीड-फुटेड ऑस्ट्रेलिया के डिफेंस को भेदते हुए स्टिना ब्लैकस्टेनियस को दाहिने पैर से शॉट लगाने के लिए उकसाया, जिससे मैकेंज़ी अर्नोल्ड को एक बेहतरीन बचाव करना पड़ा। यह उस टीम के लिए कई अवसरों में से पहला था जो पूरी तरह से तरोताजा और तेज दिख रही थी, और इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं थी जब स्वीडन आधे घंटे के निशान पर आगे बढ़ गया। क्लेयर हंट ने बॉक्स के अंदर स्टिना ब्लैकस्टेनियस की एड़ी को चोट पहुंचाई - इसकी पहचान वीएआर समीक्षा के बाद की गई - जिससे स्वीडन को पेनल्टी मिली और, गेममैनशिप में ऑस्ट्रेलिया के सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, रॉल्फो ने बाएं पैर से पेनल्टी को नीचे और दाईं ओर जोर से भेजा। मटिल्डा के पास कुछ पल थे, और ज़ेसीरा मुसोविक को हेले रासो और बाद में, सैम केर के शक्तिशाली प्रयासों को रोकने के लिए दो बार बुलाया गया था।

## वॉलीबॉल वैगनर मेमोरियल में स्लोवेनिया ने पोलैंड को हराया

**वारसॉ**। स्लोवेनिया की वॉलीबॉल टीम ने शुक्रवार को ह्यूबर्ट वैगनर मेमोरियल के उद्घाटन मैच में पोलैंड पर सीधे सेटों में 25-21, 25-18, 25-21 से जीत हासिल की। पोलैंड के क्राको में खेली जा रही प्रतियोगिता में स्लोवेनिया के क्लेमेन सेबुलज और रोक मोज़िक ने अपनी टीम के लिये 17-17 अंक जुटाये जबकि लुकाज़ कैक्ज़मरेक ने पोलैंड के लिए 10 अंक हासिल किये।

मेहमान टीम ने खेल में बेहतरीन शुरुआत की और स्कोरबोर्ड पर 9-5 की बढ़त बना ली। निकोला ग्रबिक के नेतृत्व वाली टीम ने अंतर को कम करके 17-16 कर दिया, लेकिन सेबुलज ने प्रभावी ढंग से स्पाइक किया और मोज़िक ने एक ऐस देकर स्कोर 25-21 कर दिया। थोड़े से ब्रेक के बाद भी स्लोवेनिया ने खेल पर नियंत्रण कर लिया और तेज़ पलटवार को अंकों में बदल दिया। ग्रेगर रोप्रेट ने 25-18 के साथ दूसरा सेट समाप्त किया। तीसरे सेट में पोलैंड अच्छा जवाब नहीं दे सका. हालाँकि उन्होंने दो मैच पॉइंट बचाए, लेकिन टाइन उरनॉट ने स्लोवेनिया की जीत पक्की कर दी। शनिवार को पोलैंड का सामना फ्रांस से होगा वहीं स्लोवेनिया का मुकाबला इटली से होगा। वैगनर मेमोरियल को दुनिया का सबसे बड़ा वॉलीबॉल मैत्रीपूर्ण टूर्नामेंट माना जाता है।

# भारत के भावी शतरंज खिलाड़ियों पर मंडरा रहा है सवालिया निशान

**चेन्नई।** भले ही आर. प्रगनानंद (ईएलओ रेटिंग 2,707), डी. गुकेश (2,751), अर्जुन एरिगैसी (2,704) और निहाल सरीन (2,684) जैसे युवा भारतीय शतरंज ग्रैंडमास्टर वैश्विक स्तर पर हैं, क्या वे आगे बढ़ रहे हैं? आने वाले दशकों में क्या वे भारत के शतरंज का बोझ उठा पाएंगे। भारत के युवा खिलाड़ियों के अगले समूह के बारे में क्या? और वे कहाँ हैं? नीदरलैंड में हाल ही में संपन्न फिडे वर्ल्ड यूथ अंडर-16 ओलंपियाड के नतीजों ने इन सवालों को खोल दिया क्योंकि भारतीय टीम शीर्ष 10 में शामिल नहीं थी। 16वीं वरीयता प्राप्त भारत अंत में 15वें स्थान पर आया। दूसरी ओर, दूसरी वरीयता प्राप्त चीन ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि तुर्की और आर्मेनिया क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

मजे की बात यह है कि विश्व जूनियर्स की शीर्ष 10 सूची में कोई भी युवा चीनी खिलाड़ी शामिल नहीं है, जबकि भारत के गुकेश, प्रगनानंद, एरिगैसी और सरीन क्रमशः दूसरे, चौथे, पांचवें और सातवें स्थान पर हैं। तो तार्किक परिणाम यह है कि भारत के पास मजबूत युवा उभरते शतरंज खिलाड़ियों की एक श्रृंखला होनी चाहिए। जीएम प्रवीण थिप्से ने बताया, दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य यह है कि अधिकांश प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के माता-पिता राष्ट्रीय चैंपियनशिप, एफआईडीई कार्यक्रमों और एफआईडीई कैलेंडर पर होने वाले अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के महत्व के मामले में अनपढ़ हैं।

थिप्से के अनुसार, माता-पिता और कोच ऐसे टूर्नामेंटों का चयन करके अपने बच्चों के करियर की कब्र खोदते हैं जिनका कोई वास्तविक महत्व नहीं है। थिप्से ने इस बात पर भी आश्चर्य जताया कि क्या सर्वश्रेष्ठ भारतीय खिलाड़ियों ने यूथ ओलंपियाड में भाग लिया था क्योंकि टीम को 16वीं वरीयता दी गई थी।



यह पूछे जाने पर कि क्या उभरते हुए भारतीय खिलाड़ी केवल अपनी रेटिंग पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, थिप्से ने कहा कि उनका ध्यान आसानी से जीएम खिताब हासिल करने पर है। इसके बाद, यह बिना किसी विशिष्ट योजना या लक्ष्य के बस एक औचक मार्ग है। थिप्से ने कहा, सिर्फ यह कहना कि मैं विश्व चैंपियन बनना चाहता हूं काफी नहीं है। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ), राज्य और जिला शतरंज संघों को केवल आधिकारिक आयोजनों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, आधिकारिक श्रेणियों जैसे अंडर-7 से अंडर-25 ओपन टूर्नामेंट का उचित संचालन करना चाहिए।

इसके बजाय, जमीनी स्तर से भी आधिकारिक आयोजनों और चयनों की संख्या कम होती जा रही है। तमिलनाडु में इवांस शतरंज क्लब, नागरकोइल के सचिव जे. जीवन कुमार ने आईएएनएस को बताया, जिला संघ चयन छोड़ रहे हैं और अधिक लाभ कमाने वाले गैर-आधिकारिक कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं और निजी टूर्नामेंट आयोजकों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

कुमार ने आगे कहा कि आयु-समूह टूर्नामेंट अलग-अलग तिथियों पर अलग-अलग आयोजित किए जाने चाहिए ताकि एक अंडर-7 खिलाड़ी उच्च आयु वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर सके और अनुभव प्राप्त कर सके।

## सार संक्षेप

### ऐसा नहीं लगा कि मैंने बहुत कुछ मिस किया : बुमराह

**डबलिन।** आयरलैंड के खिलाफ शुक्रवार को अपने वापसी मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि उन्हें ऐसा नहीं लगता कि उन्होंने बहुत कुछ मिस किया है या वह पूरी तरह से कुछ नया करने की कोशिश कर रहे हैं। अपनी बहुप्रतीक्षित वापसी पर युवा भारतीय टीम की कप्तानी करते हुए, बुमराह ने बेहतरीन शुरुआत की और पारी के पहले ही ओवर में विकेट चटकाए। उन्होंने 24 रन देकर 2 विकेट लिए। मैच के बाद बुमराह ने कहा, बहुत अच्छा लगा, मैंने एनसीए में इतने सारे सत्र किए, ऐसा नहीं लगा कि मैंने बहुत कुछ मिस किया या कुछ नया कर रहा हूं। स्टाफ को क्रेडिट दूंगा, उन्होंने मुझे अच्छे तरीके से रखा। नर्वस नहीं हूं लेकिन बहुत खुश हूं। बुमराह के अलावा, नवोदित प्रसिद्ध कृष्णा और स्पिनर रवि बिश्नोई ने भी 2-2 विकेट लिए, जिससे भारत ने आयरलैंड को 139/7 पर रोक दिया। जवाब में, यशस्वी जयसवाल और रुतुराज गायकवाड़ ने ठोस शुरुआत की। लेकिन आयरलैंड ने वापसी की और क्रेग यंग ने जयसवाल और तिलक वर्मा को आउट कर दिया। फिर, 6.5 ओवर के बाद बारिश शुरू हो गई। उस समय भारत का स्कोर 47/2 था, जो डीएलएस स्कोर से दो रन आगे था।

### धोनी और युवराज की तरह एक शानदार फिनिशर बन सकते हैं रिंकू सिंह : किरण मोरे

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज किरण मोरे का मानना है कि अनकैप्ड बाएं हाथ के बल्लेबाज रिंकू सिंह में महान बल्लेबाजों एमएस धोनी और युवराज सिंह की तरह एक शानदार फिनिशर बनने की क्षमता है। रिंकू ने आईपीएल 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए फिनिशर के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें सबसे उल्लेखनीय क्षण था जब उन्होंने अहमदाबाद में मैच की आखिरी पांच गेंदों पर गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज यश दयाल को पांच छक्के लगाकर एक असंभव जीत हासिल की। कुल मिलाकर, रिंकू ने टूर्नामेंट में 14 मैचों में 149.53 की स्ट्राइक रेट से 474 रन बनाए, जहां वह केकेआर के लिए नामित फिनिशर थे।


## सुडोकू 6291 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 9 | 6 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 5 | 3 | 6 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 5 | 7 |
| 7 | 3 | 6 | 8 | 2 | 9 | 4 | 1 | 5 |
| 8 | 2 | 1 | 5 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 3 | 1 | 6 | 8 | 2 |
| 9 | 1 | 8 | 4 | 5 | 7 | 2 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 5 | 9 | 8 | 2 | 7 | 4 | 1 |
| 4 | 7 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 9 | 8 |

# [ अर्थ जगत ]

## वित्त मंत्रालय ने शुरू की ई एडवांस रूलिंग

नई दिल्ली । आयकर विभाग ने शनिवार को कहा कि दिल्ली और मुंबई में एडवांस रूलिंग बोर्ड चालू कर दिए गए हैं. ये बोर्ड ईमेल आधारित प्रक्रियाओं के जरिए काम करेंगे और वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सुनवाई करेंगे.केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने सितंबर, 2021 में एडवांस रूलिंग के लिए तीन बोर्डों का गठन किया था. इसके साथ ही एडवांस रूलिंग की पूरी प्रक्रिया को न्यूनतम प्रत्यक्ष शारीरिक हस्तक्षेप वाला और अधिक कुशल, पारदर्शी तथा जवाबदेह बनाने के लिए ई एडवांस रूलिंग की योजना शुरू की गई थी.सीबीडीटी ने एक बयान में कहा कि दिल्ली और मुंबई में एडवांस रूलिंग बोर्ड का संचालन शुरू हो गया हैं ।





## अब एक और निजी बैंक ने महंगा किया लोन

**नयी दिल्ली ।** भारत के एक और प्राइवेट बैंक ने मार्जिनल कॉस्ट फंड बेस्ड लेंडिंग रेट्स में इजाफा किया है. इसका मतलब है कि अब आपके लोन की ईएमआई बढ़ जाएगी. साथ ही यह बढ़ोतरी सभी टेन्योर के लिए 18 अगस्त 2023 से प्रभावी है.लोन के ब्याज दर में बढ़ोतरी का कदम ऐसे समय में आया है, जब भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो रेट को अपरिवर्तित रखा है. आरबीआई रेपो रेट 6.5 फीसदी पर स्थिर है. जिस बैंक ने लोन के ब्याज दर में इजाफा किया है वह भारत का तीसरा प्राइवेट बैंक एक्सिस बैंक है. अब नया एमसीएलआर बेस्ड रेट का रेंज 8.95 फीसदी और 9.30 फीसदी के बीच होगा. ओवरनाइट एमसीएलआर रेट पांच बीपीएस की बढ़ोतरी के साथ 8.95 फीसदी हो चुका है. जबकि तीन साल और छह महीने टेन्योर के लिए एमसीएलआर रेट्स 9.05 फीसदी और 9.10 फीसदी हो चुका है.एक साल के लिए एमसीएलार 9.15 फीसदी, दो साल और तीन साल के लिए टेन्योर 9.25 फीसदी और 9.30 फीसदी हो चुका है. बैंक ने कहा कि अगले रिव्यू तक ये दरें वैलिड रहेंगी.

# दिवाली पर हवाई सफ़र होगा महंगा, 89 प्रतिशत तक बढ़ेंगी कीमतें!

***नयी दिल्ली ।** भारत में कुछ ही दिनों में त्योहारों का मौसम शुरू हो जाएगा. दिवाली के दौरान लोग बड़ी संख्या में अपने घर जाते हैं. ऐसे में इस दौरान हवाई किराए में जबरदस्त बढ़ोतरी देखने को मिल रही है.*

इस साल दिवाली तक हवाई किराए में भी जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है. एक रिपोर्ट के मुताबिक, दिवाली के दौरान 10 से 16 नवंबर 2023 के बीच हवाई किराए में 89 फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई थी. गो फर्स्ट के संकट और स्पाइस जेट के परिचालन में दिक्कतों के कारण किराए में बढ़ोतरी कई तरह से देखी जा रही है.

**इन रूटों पर बढ़ा हवाई किराया!** – ट्रैवल वेबसाइट इक्सिगो के अनुसार, दिवाली के सप्ताह यानी 10 से 16 नवंबर 2023 के बीच 80 दिनों से अधिक के लिए दिल्ली और अहमदाबाद के बीच औसत हवाई किराया 5,688 रुपये है, जो पिछले साल के दिवाली सप्ताह की तुलना में 72 प्रतिशत अधिक है। गौरतलब है कि पिछले साल दिवाली के दौरान दिल्ली और अहमदाबाद के बीच एयरलाइंस द्वारा कुल 290 उड़ानें संचालित की गई थीं। वहीं, इस साल यह आंकड़ा 15 प्रतिशत तक कम हो सकता है। ऐसे में अगर उड़ानों




की संख्या कम होगी तो यात्रियों को टिकट लेने में ज्यादा दिक्कतें और दिक्कतें आ सकती हैं. वहीं इक्सिगो के आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली-श्रीनगर रूट पर हवाई किराए में 89.11 फीसदी, बेंगलुरु-हैदराबाद रूट पर 63 फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई है. हालाँकि, एयरलाइंस ने दिवाली के दौरान 41 प्रतिशत अधिक उड़ानें संचालित करने की योजना बनाई है।

**जाओ पहले संकट ने समस्या बढ़ा दी** – एक बातचीत में एयरलाइन के अधिकारी ने कहा कि सस्ती हवाई सेवाएं देने वाली कंपनी गोफर्स्ट की उड़ानें 3 मई 2023 से बंद हैं। गौरतलब है कि कंपनी गो फर्स्ट दिल्ली से दिल्ली के बीच कुल 42 विमानों का संचालन करती थी। अहमदाबाद. इसके साथ ही स्पाइसजेट भी लंबे समय से कई तरह की समस्याओं से घिरी हुई है। ऐसे में अब कंपनी ने अपनी उड़ानों की संख्या कम कर दी है. वहीं, बाकी एयरलाइंस ने अभी तक इस रूट पर उड़ानों की संख्या में बढ़ोतरी की कोई घोषणा नहीं की है। ऐसे में निकट भविष्य में इस रूट पर हवाई किराए में और बढ़ोतरी की संभावना है.

**जून-जुलाई में हवाई किराए में बड़ी बढ़ोतरी** – आर्थिक संकट में गोफर्स्ट द्वारा मई 2023 में उड़ान संचालन बंद करने के बाद से जून और जुलाई में देश भर के प्रमुख मार्गों पर हवाई किराए में जबरदस्त वृद्धि हुई है। पिछले साल त्योहारी सीजन यानी अक्टूबर में 1.14 करोड़ लोगों ने हवाई यात्रा की थी, जबकि इस साल जून-जुलाई में हवाई यात्रियों की संख्या बढ़कर 1.24 और 1.21 करोड़ हो गई. इसके साथ ही गो फर्स्ट की उड़ानें बंद होने के बाद हवाई किराए में अचानक बढ़ोतरी हो गई. ऐसे में विशेषज्ञों का मानना है कि इस साल भी प्रमुख हवाई मार्गों पर हवाई किराए में जबरदस्त बढ़ोतरी हो सकती है।

# 275 शहरों में प्याज 19 रुपये तक हुआ महंगा, 150 शहरों के लोगों को राहत



***नयी दिल्ली ।** देश के 275 शहरों पिछले तीन हफ्ते में प्याज के भाव 1 रुपया से लेकर 19 रुपये प्रति किलो तक बढ़ चुके हैं। होजई में शुक्रवार को प्याज 49 रुपये किलो बिका। इससे पहले यह 30 रुपये था।*

इसी तरह बरनाला, शहडोल, बालाघाट में प्याज 15 रुपये किलो महंगा हो गया है। गौतम बुद्ध नगर, झारग्राम और लांगटलाई में 14 रुपये का इजाफा हुआ है तो बालासोर, रामपुर, अगरताला से लेकर गोरखपुर, जयपुर, पुरी, पोर्टब्लेयर तक सैकड़ों शहरों में प्याज का भाव 5 रुपये से 13 रुपये तक बढ़ चुके हैं।

उपभोक्ता मंत्रालय की वेबसाइट पर दिए गए आंकड़ों के मुताबिक लगभग 150 शहरों में प्याज के दाम अगस्त के शुरू के दिनों वाले रेट पर ही मिल रहे हैं। इनमें कोई उतार-चढ़ाव नहीं हुआ है। इसके उलट बागपत, राजकोट, शामली, मऊ, अररिया समेत 26 शहरों में प्याज 1 से 15 रुपये तक सस्ता हुआ है।

# उद्योगपति रतन टाटा उद्योग रत्न पुरस्कार से सम्मानित



**मुंबई।** उद्योगपति रतन टाटा को महाराष्ट्र सरकार की ओर से शनिवार को उद्योग रत्न पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

रतन टाटा की तबीयत ठीक न होने की वजह से सूबे के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उप मुख्यमंत्री अजीत पवार ने रतन टाटा के आवास पर जाकर यह पुरस्कार उन्हें प्रदान किया। महाराष्ट्र में सर्वोच्च महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार साहित्य, कला, खेल और विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए दिया जाता है। इसी तर्ज पर इस वर्ष से उद्योग क्षेत्र में महती योगदान के लिए उद्योग रत्न पुरस्कार दिए जाने का फैसला राज्य सरकार ने लिया है और पहला पुरस्कार उद्योगपति रतन टाटा को दिया गया है। महाराष्ट्र सरकार की ओर से उद्योग रत्न पुरस्कार के रूप में 25 लाख रुपये, एक पदक और एक प्रमाण पत्र दिया जाता है। इसी तरह इस वर्ष से उद्योग मित्र और उद्योगिनी पुरस्कार भी शुरू किया गया है। उद्योग मित्र पुरस्कार के रूप में 15 लाख रुपये, एक पदक और एक प्रमाण पत्र दिया जाता है।

# धान व सोयाबीन की बुवाई बढ़ी, अरहर, मक्का व मूंगफली की घटी

***नयी दिल्ली ।** खरीफ फसलों की बोआई बढोतरी देखी जा रही है। हालांकि पिछले सप्ताह की तुलना में इस सप्ताह बोआई सुस्त रही। खरीफ सीजन की प्रमुख फसल धान की बोआई में 4 फीसदी से ज्यादा इजाफा हुआ है। सोयाबीन, बाजरा, मक्का के रकबा में भी वृद्धि हुई है। अरहर, मूंग, ज्वार, मूंगफली व कपास के रकबा में गिरावट दर्ज की गई।*



**खरीफ फसलों का रकबा बढ़कर 1022.51 लाख हेक्टेयर** – सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 18 अगस्त को समाप्त सप्ताह तक 1022.51 लाख हेक्टेयर में खरीफ फसलों की बोआई हो चुकी है, जो पिछली समान अवधि के 1021.48 लाख हेक्टेयर से मामूली ज्यादा है। खरीफ सीजन की सबसे बड़ी फसल धान की बोआई 4.34 फीसदी बढ़कर 360.79 लाख हेक्टेयर हो गई। गन्ने का रकबा 1.34 फीसदी बढ़कर 56.06 लाख हेक्टेयर,जबकि कपास का रकबा 1.89 फीसदी गिरकर 121.86 लाख हेक्टेयर रह गया।

**दलहन फसलों की बोआई करीब 9.16 फीसदी घटी** – इस सप्ताह तक 114.93 लाख हेक्टेयर में दलहन फसलों की बोआई हो चुकी है, जो पिछली समान अवधि की बोआई 126.52 लाख हेक्टेयर से 9.16 फीसदी कम है। इस सप्ताह दलहन की बोआई में सुस्ती देखी गई। जिससे इनकी बोआई में गिरावट और बढ गई है। इस सप्ताह तक दलहन फसलों का रकबा 9.16 फीसदी कम रहा, जबकि पिछले सप्ताह तक इसमें कमी 7.90 फीसदी ही थी। अरहर का रकबा 6.40 फीसदी घटकर 40.92 लाख हेक्टेयर, मूंग का रकबा 8.10 फीसदी घटकर 30.39 लाख हेक्टेयर और उड़द का रकबा 15.26 फीसदी घटकर 30.19 लाख हेक्टेयर रहा।

**तिलहन फसलों का रकबा 1.68 फीसदी घटा** – इस सप्ताह तिलहन फसलों की बोआई में सुस्ती देखी गई। 18 अगस्त तक 185.91 लाख हेक्टेयर में तिलहन फसलों की बोआई हो चुकी है, जो पिछली समान अवधि की 189.08 लाख हेक्टेयर में हुई बोआई से 1.68 फीसदी कम है, जबकि पिछले सप्ताह तक इन फसलों की बोआई में एक फीसदी से कम गिरावट आई थी। खरीफ सीजन की प्रमुख तिलहन फसल सोयाबीन का रकबा 0.61 फीसदी बढ़कर 124.15 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया। खरीफ सीजन की दूसरी प्रमुख तिलहन फसल मूंगफली का रकबा 3.84 फीसदी घटकर 42.77 लाख हेक्टेयर रह गया। तिल का रकबा 8.33 फीसदी गिरावट के साथ 11.52 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया। अरंडी का रकबा 7.93 फीसदी बढ़कर 6.48 लाख हेक्टेयर हो गया।

**मोटे अनाजों की बोआई 1.61 फीसदी बढी** – चालू खरीफ सीजन में अब तक 176.39 लाख हेक्टेयर में मोटे अनाज की बोआई हो चुकी है, जो पिछली समान अवधि में 173.60 लाख हेक्टेयर में हुई बोआई से 1.61 फीसदी अधिक है। बाजरा का रकबा 1.09 फीसदी बढ़कर 69.70 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया। मक्का की बोआई भी 2.30 फीसदी बढ़कर 81.25 लाख हेक्टेयर और रागी का रकबा 17.66 फीसदी बढ़कर 7.04 लाख हेक्टेयर रहा।


## महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 12000-13000, मीडियम बोल्ड 13000-14000, फाइन 14000-15000, एकस्ट्रा बोल्ड 14500-15000, चना दाल एवरेज 6300-6500 चना दाल मार्का 6600-6800, मसूर दाल एवरेज 7000-7200, मसूर दाल फाइन 7400-7500, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9000, उड़द धुली 9000-9500, फाइन 10000-11000, मूंग दाल छिलका 8500-9000, मूंग दाल फाइन 9000-9500, मूंगदाल धुली 9000-9500,फाइन 9500-10000।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3800-4000, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-4900 फाइन-5200-5400 दुबराज भाटापारा 5000-5500, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5500-5600, बासमती कनकी चालू 2500-2800, बासमती कनकी मीडियम 3200-3600, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-7500, बासमती 8000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4000-4200, फाइन 4400-4600, मुरमुरा-5000-5500, फाइन- 6800-7200, रु.।

## सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095

सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60150 चांदी टंच- 71500 चांदी रिफाइन -72800

## दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-

मो. 9425860998,9826307100

सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60150 चांदी टंच- 71500 चांदी रिफाइन -72800


# जन धन खातों की संख्या 50 करोड़ पार, मुफ्त में बांटे गए 34 करोड़ रुपे कार्ड, पीएम मोदी ने बताया ऐतिहासिक

***नयी दिल्ली ।** देश में जनधन खातों की संख्या 50 करोड़ के रिकॉर्ड आंकड़े को पार कर गई है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को इसे एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताते हुए सराहना की.*

पीएम मोदी ने मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया कि यह देखकर खुशी हुई कि इन 50 करोड़ जनधन खातों में से आधे से अधिक महिलाओं के हैं.केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया था कि देश में जनधन खातों की कुल संख्या 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर गई है, जिनमें से 56 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं. मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इनमें से लगभग 67 फीसदी खाते ग्रामीण और सेमी-अर्बन क्षेत्रों में खोले गए हैं.

**महिलाओं की बड़ी हिस्सेदारी** – पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा- यह देखकर खुशी हो रही है कि इनमें से आधे से अधिक खाते हमारी नारी शक्ति के हैं. 67 फीसदी खाते ग्रामीण और सेमी-अर्बन क्षेत्रों में खोले गए हैं. हम यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि इनका लाभ मिले. वित्तीय समावेशन हमारे देश के हर कोने तक पहुंचे.

**इतने करोड़ रुपये हैं जमा** – वित्त मंत्रालय ने कहा कि जन धन खातों में कुल जमा राशि 2.03 लाख करोड़ रुपये से अधिक है. जबकि इन खातों से लगभग 34 करोड़ रुपे कार्ड मुफ्त में जारी किए गए हैं. मोदी सरकार ने 2014 में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए जन धन बैंक खाते खोलने के लिए




बड़े पैमाने पर राष्ट्रव्यापी कवायद शुरू की. इसका मकसद सीधा लाभ सहित कई वित्तीय सेवाओं को आसानी से गरीबों तक पहुंचाना था.

**मिलती हैं ये सुविधाएं** – हर परिवार के दो सदस्य जीरो बैलेंस में जनधन खाता खोल सकते हैं. जनधन खाता योजना के जरिए हर परिवार को बैंकिंग सुविधा देने का काम किया गया. जन धन खाते में पैसे जमा करने या निकालने पर कोई चार्ज नहीं लगता. इन खातों में बिना किसी चार्ज के फंड ट्रांसफर होता है और बिना किसी शुल्क के मोबाइल बैंकिंग की सुविधा भी मिलती है.

**जन धन खाते के प्रमुख फायदे** – भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के मुताबिक जन धन खातों सहित सभी बेसिक सेविंग बैंक डिपॉजिट अकाउंट होल्डर्स को कोई मिनिमम बैलेंस मेंटेन करने की जरूरत नहीं होती है. इस योजना के तहत सरकार बेहद सस्ते दरों पर लोगों को विभिन्न फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स और सर्विसेज उपलब्ध कराती है. इस योजना के तहत सरकार बेहद सस्ते दरों पर लोगों को विभिन्न फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स और सर्विसेज उपलब्ध कराती है. इतना ही नहीं जनधन खाताधारकों को स्कॉलरशिप, सब्सिडी, पेंशन और कोविड राहत फंड डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए सीधे उनके बैंक खातों में मिलती है.

**कौन खुलवा सकता है खाता?** – इस योजना के तहत देश का कोई भी ऐसा व्यक्ति अकाउंट खुलवा सकता है जिसका अभी किसी बैंक में खाता नहीं है. 10 साल से ज्यादा उम्र के नाबालिग भी इस योजना के तहत अकाउंट खुलवा सकते हैं. अगर आपका अभी किसी भी बैंक में कोई अकाउंट नहीं है तो https://pmjdy.gov.in/home से अंग्रेजी या हिंदी में उपलब्ध फॉर्म को डाउनलोड कर लीजिए. अब आधार कार्ड वोटर आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा कार्ड, पासपोर्ट और पैन जैसे डॉक्युमेंट्स के साथ किसी भी बैंक की निकटतम शाखा में जाइए. अब भरे हुए फॉर्म और डॉक्यूमेंट्स की मदद से जनधन खाता खुलवा सकते हैं.

## रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
| --- | --- |
| एक अमेरिकी डॉलर | 83. 10 |
| एक यूरो | 90. 32 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 105. 82 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53. 20 |
| एक जापानी येन | 00. 57 |


## परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 106 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 108 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-110 प्रति कि.
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 58 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070 भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 6000, 10 एम एम 5800,12 एम एम, 5 ]00 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।


# महिंद्रा ने संगीत वादक एआर रहमान के साथ बॉर्न इलेक्ट्रिक वाहनों की अपनी नई रेंज के लिए किया सहयोग

***केप टाउन ।** भारत में एसयूवी सेगमेंट में अग्रणी महिंद्रा एंड महिंद्रा की सहायक कंपनी महिंद्रा इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड (एमईएल) ने पद्म भूषण और अकादमी पुरस्कार विजेता एआर रहमान के सहयोग से महत्वपूर्ण ध्वनियों का अनावरण किया, जिसमें ध्वनि के माध्यम से सार्थक मानव अनुभवों पर जोर दिया गया है। सोनिक आइडेंटिटी को महिंद्रा की नई विजुअल आइडेंटिटी के साथ पेश किया गया।*

सोनिक आइडेंटिटी का विस्तार ब्रांड गीत से कहीं बहुत आगे तक है, जिसमें वैश्विक इलेक्ट्रिक एसयूवी के महिंद्रा के आगामी सभी नए पोर्टफोलियो के विभिन्न पहलुओं के अनुरूप 75 से अधिक विशिष्ट ध्वनियाँ शामिल हैं। इन ध्वनियों में इंटीरियर और एक्सटीरियर ड्राइव साउंड, एक्सपीरियंस ज़ोन मोड, इंफोटेनमेंट संकेत और कार्यात्मक सिग्नल जैसे सीट - बेल्ट अलर्ट और टर्न इंडिकेटर शामिल हैं। प्रत्येक ध्वनि को महिंद्रा के ब्रांड के अनुरूप रखने और संगीत एवं जीवन शैली के माध्यम से ग्राहकों से जुड़ने के लिए ध्यानपूर्वक तैयार किया गया है। महिंदा एंड महिंद्रा लिमिटेड के ऑटो एंड फार्म सेक्टर के कार्यकारी निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राजेश जेजुरिकर ने कहा, हमें खुशी है कि एक वैश्विक संगीत सेलिब्रिटी और अकादमी पुरस्कार विजेता एआर रहमान ने महिंद्रा के सभी नए इलेक्ट्रिक वाहनों की आगामी रेंज के लिए सोनिक आइडेंटिटी और ब्रांड गान बनाने के लिए हमारे साथ सहयोग किया है। विख्यात संगीतकार एआर रहमान ने कहा, जब मैं विदेशों में नए-नए इलेक्ट्रिक वाहन डिजाइन देखता हूं, तो मुझे अक्सर आश्चर्य होता है कि भारत ने अभी तक यह छलांग क्यों नहीं लगाई है।

# खाद्य पदार्थ के पैकेट लेबलिंग से उपभोक्ता पूछ सकेंगे कंपनी से सीधे सवाल



***नयी दिल्ली ।** सरकार की तरफ से जारी दिशानिर्देशों में कहा गया है कि डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों पर ऐसे लेबल लगाए जाएं जो समझने में सरल और पढ़ने लायक दिखने वाले हों ।*

भारत में पैकेटबंद खाद्य पदार्थों पर अनिवार्य चेतावनी फ्रंट ऑफ पैकेज लेबलिंग की व्यवस्था की मांग बढ़ने के साथ आधुनिक तकनीक का भी समावेश जोरों पर हो रहा है। खाद्य पदार्थ पैकेट में लगने वाला क्यूआर कोड उत्पाद की पूरी जानकारी देने के साथ भविष्य में सीधे कंपनी के प्रतिनिधि से जानकारी लेने का भी जारिया होगा। इस पर कंपनियां काम करना शुरु कर दी है जो अगले कुछ महीनों में काम करना शुरु कर देगा।

सरकार की तरफ से जारी दिशानिर्देशों में कहा गया है कि डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों पर ऐसे लेबल लगाए जाएं जो समझने में सरल और पढ़ने लायक दिखने वाले हों। इसके बावजूद भी कई उत्पादों में उपभोक्ताओं के लिए उपयोगी चेतावनी स्पष्ट नहीं लिखी रहती है। इस पर इंटरनैशनल ट्रेड ऐंड बिजनेस रिलेशंस के चेयरमैन एवं वर्ल्ड पैकेजिंग ऑर्गानाइजेशन के ग्लोबल ब्रांड एंबेस्डर चक्रवर्ती एवीपीएस कहते हैं कि लेबलिंग में तेजी से सुधार हुआ है उपभोक्ताओं के बीच बढ़ती जागरुकता की वजह से कंपनियां अब पूरी जानकारी देना शुरु की है। बड़े ब्रांड अपने पैकेट में क्यू आर कोड़ छाप रहे हैं जिसको स्कैन करने से खाद्य पदार्थ के उत्पादन और उसमें उपयोग की गई सामाग्री की मात्रा की जानकारी हो जाती है।

चक्रवर्ती कहते हैं कि उपभोक्ताओं को अब पूरी जानकारी चाहिए, यह बात कंपनियां भी समझ रही हैं इसीलिए जल्द ही नई तकनीक क्यूआर कोड को जारी करेगी। इससे उपभोक्ता कंपनी के प्रतिनिधि से तुरंत विडियो कॉलिंग के जरिए जुड़ सकेंगे, संबंधित उत्पाद से जुड़ी कोई भी जानकारी या सवाल वह पूछ सकेंगे। इस तकनीक का उपयोग जर्मनी की कुछ कंपनियों ने शुरु किया है।


## देशबन्धु ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

### टेलर्स वारिस

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन

### डॉ. विश्वास

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596
देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार )
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com




सतना,रविवार 20 अगस्त 2023 देशबन्धु 12